सुप्रभात
रांची, मंगलवार
24.09.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12
khabarmantralive.com


धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आश्विन, कृष्ण पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 75 06 जनकल्याण के मकसदवाली पूंजी की सीमा



# झारखंड के कुछ और शहरों को स्मार्ट सिटी की सूची में मिले जगह : मंत्री

## स्मार्ट सिटी के जोनल कॉन्फ्रेंस में नगर विकास मंत्री नें केंद्र से की मांग

- स्मार्ट सिटी रांची के विकास के लिए मिशन के अलावा राज्य सरकार भी चला रही कई योजनाएं
- झारखंड के शहरों के विकास के लिए केंद्र सरकार करे अतिरिक्त आर्थिक मदद
- विभागीय प्रधान सचिव ने कहा,राज्य के शहरों में हो रहा है मल्टी सेक्टोरल डेवलपमेंट
- सुनियोजित शहरीकरण को लेकर राज्य सरकार चला रही है हजारों करोड़ की योजनाएं




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नगर विकास एवं आवास मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि झारखंड के शहरों में आधारभूत संरचना के विकास पर केंद्र से अतिरिक्त मदद की अपेक्षा है। स्मार्ट सिटी मिशन के शहरों की सूची में झारखंड के देवघर,जमशेदपुर, धनबाद और हजारीबाग सहित कुछ अन्य शहरों को भी जगह मिलनी चाहिए,ताकि शहरी नागरिकों को गुणवातायुक्त जीवन स्तर देने की झारखंड सरकार की मुहिम को बाल मिल सके। उक्त बातें सोमवार को होटल चाणक्य बीएनआर में स्मार्ट सिटी मिशन के पूर्वी जोन के जोनल कॉन्फ्रेंस कंप्लीट ओ थोन में केंद्र सरकार के अधिकारियों और विभिन राज्यों के 99 शहरों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार रांची को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए मिशन की योजनाओं के अलावा राज्य सरकार के खर्चे पर अनगिनत योजनाओं पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की कोशिश है की स्मार्ट सिटी क्षेत्र को एजुकेशन हब बनाया जाये तथा यहां के लोगों को क्वालिटी लाइफ प्रदान किया जाये।

**लाइव टेक्निकल सेशन**

इस कार्यक्रम में योजनाओं के अलग अलग चरण के लिए अलग अलग टेबल बनाये गये थे। सभी शहरों के प्रतिनिधियों को हर टेबल पर 45 मिनट का सेशन दिया गया। कार्यक्रम में निदेशक स्मार्ट सिटीज मनोज कुमार शरवर एक प्रेजेंटेशन में सभी 100 स्मार्ट सिटी के प्रोग्रेस रिपोर्ट को सबके समक्ष रखा, और सुझाव दिया कि किस किस फोरम पर कार्य करने की जरूरत है। पांच यू टाइप टेबल इस प्रकार से सजाये गये थे।

### बिना अर्बनाइजेशन के विकास संभव नहीं : सचिव

कार्यक्रम में नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने कहा कि बिना अर्बनाइजेशन के राज्य और देश का सही मायने में विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य के विभिन्न शहरों में सड़क, फ्लाइओवर ड्रेनेज व सिवरेज निर्माण पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी के अलावा केवल रांची में सड़क निर्माण पर तीन हजार करोड़ से ज्यादा की योजनाएं चल रही है। राज्य सरकार शहर में इनर और आउटर रिंग रोड के निर्माण की प्रक्रिया में है। रांची , धनबाद जमशेदपुर सहित कई शहरों में फ्लाइओवर निर्माण का कार्य चल रहा है। रांची में पांच फ्लाइओवर स्वीकृत है जिसमें दो बहुत जल्द पूरा हो जाएगा। वहीं, भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य विभाग में संयुक्त सचिव तथा स्मार्ट सिटी मिशन के निदेशक राहुल कपूर ने कहा कि पूर्वी क्षेत्र के 19 शहरों से आए प्रतिनिधियों को रांची से ये सीखना चाहिए कि इस प्रकार की परियोजनाओं को कैसे वित्तीय रूप से सक्षम बनाया जाये। प्रतिनिधियों और केंद्र सरकार के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए रांची स्मार्ट सिटी के सीईओ अमित कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री स्मार्ट सिटी रांची को जनाकांक्षाओं का शहर बनाना चाहते हैं। सरकार इसके लिए संसाधनों की कमी नहीं होने देगी। हमने ससमय सभी प्रोजेक्ट्स पूरा किया है। कार्यक्रम में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से निदेशक स्मार्ट सिटीज मनोज कुमार शरवर, अवर सचिव सबक लाल प्रसाद, टीम लीडर विकास चंद्र व अन्य पदाधिकारी ,रांची स्मार्ट सिटी की ओर से राकेश कुमार नंदकुलियार,ज्योति पुष्प,बिपिन बिहारी शाह, अमित कुमार व अन्य पदाधिकारी,पटना,मुजफ्फरपुर, गुवहाटी, कोहिमा, न्यू टाउन कोलकाता, अगरतल्ला, शिलांग, पशीघाट, इंफाल, गैंगटॉक, नामची, ईटानगर, राउरकेला सहित 19 स्मार्ट शहर के प्रतिनिधि शामिल थे।

## नड्डा का खूंटी दौरा भाजपा के लिये घातकः सुप्रियो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भप्ताचार्य ने रांची में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर जेपी नड्डा के झारखंड के खूंटी दौरे को भाजपा के लिए घातक बताया। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के सिर्फ नेतृत्व पर कई सवाल खड़े किए। साथ ही लगातार आदिवासियों को छलने का आरोप भाजपा पर लगाया। सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा कि एक्सटेंडेड अध्यक्ष झारखंड की राजधानी रांची पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के और खूंटी में जनसभा को संबोधित किया। यह एक षड्यंत्र यात्रा है जिसकी शुरूआत हुई। लोकसभा चुनाव में भी जेपी नड्डा खूंटी संसदीय क्षेत्र में आए थे और नड्डा जी ने भाजपा के लिए खूंटी में ऐसा गड्ढा खोदा अर्जुन मुंडा को उसी गड्ढे में बड़े अंतर से जाना पड़ा। इसी को दोहराने के लिए एक बार फिर जेपी नड्डा खूंटी पहुंचे थे। झामुमो के केंद्रीय महासचिव ने कहा कि दूसरे दल के घुसपैठिए आपके दल के प्रदेश अध्यक्ष है जो झारखंड के पहले मुख्यमंत्री हुआ करते थे पर आप आदिवासी अस्मिता का बात करते हैं। आदिवासी नेता अर्जुन मुंडा भी मुख्यमंत्री बने लेकिन आदिवासियों के लिए इस राज्य को भाजपा ने क्या दिया है यह जग जाहिर है। मधु कोड़ा जैसे विख्यात मुख्यमंत्री अब आपकी पार्टी में है,रघुवर दास भी पांच साल का कार्यकाल पूरा किया।

## शाह से मिले सुदेश, एक दर्जन सीटों पर आजसू पार्टी का दावा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रांची। भाजपा और आजसू पार्टी के बीच सीटों को लेकर बातचीत अंतिम दौर में है। दिल्ली में रविवार की रात आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश महतो की गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, असम के सीएम हिमंता विस्वा सरमा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित कई वरिष्ठ नेताओं के साथ सीटों पर बातचीत हुई है। कहा जा रहा कि भाजपा फिलहाल 9 सीट देने को तैयार है। लेकिन आजसू पार्टी 12 से 15 सीट की मांग कर रही है। वैसे संभावना है कि भाजपा 10 से अधिक सीट आजसू पार्टी को नहीं देगी। अभी यही उम्मीद की जा रही है कि दोनों दलों के बीच जिन सीटों पर विवाद है, उनका हल जल्द निकाल लिया जाएगा। टुंडी, चंदनक्यारी, जुगसलाई, तमाड़, इचागढ़ और लोहरदगा सीट पर आजसू पार्टी दावेदारी ठोक रही है। इस कारण मामला फंसा हुआ है। वैसे इस महीने के अंत तक सीटों का बंटवारा भी एनडीए में हो जाने की उम्मीद है। भाजपा को आजसू पार्टी के अलावा यह भी देखना है कि सहयोगी दल जदयू, लोजपा (रामविलास) को भी सीट देने, ना देने के मामले में उसे कैसे आगे बढ़ना है।

## झारखंड के आठ जेलों का होगा जीर्णोद्वार

**रांची।** झारखंड के आठ जेलों में जीर्णोद्वार का काम जल्द ही शुरू होगा। इसको लेकर झारखंड गृह विभाग ने 3.24 करोड़ की राशि आवंटित की है। गृह विभाग ने जारी आदेश में कहा है कि इस राशि की निकासी और खर्च करने की जिम्मेदारी जेल अधीक्षक की होगी। जिला अधीक्षक संबंधित जिला कोषागार से राशि निकासी कर झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के खाते में ट्रांसफर करायेंगे। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार रांची में बाउंड्री वॉल की मरम्मत : 84 लाख, खूंटी जेल में टॉयलेट मरम्मति का कार्य : 22 लाख, घाटशिला जेल में अस्पताल की मरम्मति : 22 लाख, जामताड़ा जेल में अस्पताल भवन की मरम्मति : 62 लाख, सरायकेला जेल में अस्पताल का जीर्णोद्वार : 23 लाख, खूंटी जेल में अस्पताल की मरम्मति : 11 लाख, बोकारो के चास जेल की मरम्मति : 48.45 लाख, कोडरमा जेल में अस्पताल का जीर्णोद्वार : 30.43 लाख, पलामू जेल में अस्पताल की मरम्मति : 21.84 लाख

## परिवर्तन यात्रा पहुंची बरकट्ठा, हेमंत हटाओ के लगे नारे



**रांची/बरकट्ठा।** भाजपा की परिवर्तन यात्रा के तहत बरकट्ठा के कपका बाजार में सोमवार को विधानसभा स्तरीय जनसभा का आयोजन किया गया। सभा में मुख्य रूप से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, सांसद मनीष जयसवाल, विधायक अमित कुमार यादव, डॉ नीरा यादव आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने की।

इस अवसर पर मोहन यादव ने हेमंत सोरेन की सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने भाजपा सरकार की योजनाओं की नकल करने की कोशिश की है। लेकिन नकल के लिये अकल की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जेल से बाहर आने के बाद सत्ता के लोभ में एक सप्ताह भी बिना कुर्सी के नहीं रह सके। जनता अब सब जान चुकी है और वह उनके बहकावे में नहीं आने वाली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की अनेक योजनायें चलाई जा रही हैं। अगर झारखंड में भाजपा की सरकार बनती है तो विकास की नई गाथा लिखी जायेगी। इस राज्य में भ्रष्टाचार लूटपाट मची हुई है। इसी गंदगी में यानी कीचड़ में कमल खिलाना है। तभी दोगुनी गति से होगा झारखंड का विकास। उन्होंने कहा कि अभी श्राद्ध का महीना चल रहा है आने वाले चुनाव में सरकार का श्राद्ध कर देना है। सभा को संबोधित करते हुए हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने हेमंत सोरेन पर तीखा हमला करते हुए कहा कि राज्य में लूट और भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम जनता की भावनाओं से खेल रहे हैं। उनकी योजनाएं केवल चुनावी घोषणाओं तक सीमितहैं। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि हेमंत सरकार को उखाड़ कर बंगाल की खाड़ी में फेंकना है।

## खबर एक नजर में

### मंजूनाथ भजंत्री को चुनाव कार्य से अलग रखने के मामले में कैट में होगी सुनवाई

**रांची।** देवघर के पूर्व उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को चुनाव कार्य से अलग रखने के मामले की सुनवाई केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) में होगी। झारखंड हाईकोर्ट ने सोमवार को यह निर्देश दिया। एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस एके राय की अदालत ने फैसला सुनाते हुए एकलपीठ के आदेश को रद्द कर दिया और एकलपीठ के आदेश को चुनौती देने वाली अपील याचिका हाईकोर्ट ने स्वीकृत कर ली। 29 अगस्त को सुनवाई पूरी करने के बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। निर्वाचन आयोग 6 दिसंबर 2021 को मंजूनाथ भजंत्री को पद से हटाने और चुनाव कार्य से अलग रखने और आरोप गठन कर विभागीय कार्यवाही करने का निर्देश दिया था। इसके खिलाफ मंजूनाथ भजंत्री ने एकलपीठ में याचिका दायर की थी। इसका निर्वाचन आयोग की ओर से विरोध किया गया। आयोग का कहना था कि इस मामले की सुनवाई कैट में नहीं होनी चाहिए। लेकिन एकलपीठ ने कहा कि यह सर्विस मामला नहीं बनता है और इसकी सुनवाई हाईकोर्ट में ही दूसरी श्रेणी में शामिल कर सक्षम बेंच में स्थानांतिरत करने निर्देश दिया था। एकलपीठ के आदेश को खिलाफ निर्वाचन आयोग ने खंडपीठ में अपील की थी। खंडपीठ में मंजूनाथ भजंत्री की ओर से कहा गया कि उनके खिलाफ कार्यवाही कभी शुरू ही नहीं की गई, इस कारण इस मामले की सुनवाई कैट में नहीं, बल्कि हाईकोर्ट में की जानी चाहिए। सभी पक्षों को सुनने के बाद खंडपीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### कनहर बराज के लिए सरकार ने बजट आवंटन किया है या नहीं : हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि प्रस्तावित कनहर बराज प्रोजेक्ट के लिए बजट का आवंटन किया गया है या नहीं। एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की अदालत ने सोमवार को मामले की सुनवाई करते हुए सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत ने सरकार को यह भी बताने को कहा है कि बराज के लिए 18 माह में जमीन अधिग्रहण करने और पांच साल में निर्माण पूरा करने की अविध कब से शुरू की जाएगी।
सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि कनहर बराज प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण में 18 माह का समय लगेगा। इसके बाद बराज निर्माण पूरा होने में 5 साल लगेगा। राज्य सरकार ने कोर्ट को यह भी बताया कि कनहर बराज निर्माण को लेकर फॉरेस्ट क्लियरेंस जल्द करने को लेकर केंद्र सरकार से झारखंड के मुख्य सचिव ने फिर पत्राचार भी किया है। सरकार के शपथ पत्र को कोर्ट ने असंतोषजनक बताया और कहा कि इससे पहले भी राज्य सरकार ने अपने शपथ पत्र में यही बातें कही थी। कोर्ट ने कहा कि यह प्रोजेक्ट वर्ष 2004 में शुरू हुआ था, जो अब तक लंबित है। कनहर प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए। बता दें कि गढ़वा, पलामू के लोगों को पानी उपलब्ध कराने के लिए कनहर बराज बनाने का आग्रह करते हुए हाईकोर्ट में विधायक भानु प्रताप शाही की ओर से जनहित याचिका दाखिल की गई है।

### इरफान अंसारी को झटका, एसटी/ एससी केस को हाईकोर्ट ने नहीं किया निरस्त, याचिका खारिज

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी को झारखंड हाईकोर्ट से झटका लगा है। उनके खिलाफ जामताड़ा में दर्ज एसटी/ एससी केस को रद्द करने की याचिका को हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया। एसटी/ एससी एक्ट से जुड़े मामले में दुमका की विशेष अदालत में जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ शिकायतवाद केस चल रही है। मामले में शिकायतकर्ता सुनीला देवी हैं। दरअसल, इरफान अंसारी के खिलाफ जामताड़ा में धरना प्रदर्शन के दौरान जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करने एवं गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए सुनीला देवी ने शिकायतवाद दर्ज कराई थी। जामताड़ा के निचली अदालत ने मामले में संज्ञान लिया था। शिकायतवाद में कहा गया था कि वर्ष 2022 में विधायक इरफान अंसारी अपने समर्थकों के साथ धरना स्थल पर पहुंचे थे और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गली-गलोज किया और उनके टेंट और तंबू को उखाड़ कर फेंक दिया था। बाद में यह मामला जामताड़ा की निचली अदालत से दुमका की विशेष अदालत में ट्रांसफर हो गया था, जहां यह मामला अभी लंबित है।

### झारखंड होमगार्ड विभाग में फर्जी तरीके से नौकरी कर रहे दो और जवान पकड़े गए

रांची। झारखंड होमगार्ड विभाग में फर्जी तरीके से नौकरी कर रहे दो और होमगार्ड का जवानों पकड़ा गया है। पकड़े गये अशोक टोप्पो और नौशाद कादरी शामिल है। इससे पहले झारखंड होमगार्ड विभाग में फर्जी तरीके से नौकरी करने के मामले में कंपनी कमांडर समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। यह मामला गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन विभाग के डीजी अनिल पालटा के निर्देश पर धुर्वा थाना में 20 सितंबर को दर्ज हुआ था। जिन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है, उसमें कंपनी कमांडर कैलाश यादव के अलावा फर्जी तरीके से होमगार्ड की नौकरी कर रहे आरिफ अंसारी, आसिफ अंसारी, जगदीश टोप्पो और निसाद अहमद का नाम शामिल है। फर्जी तरीके के नौकरी करने वाले सभी रांची के कांके, रातू और नामकुम के रहने वाले हैं। इस खुलासे के बाद से कंपनी कमांडर कैलाश यादव समेत अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# झारखंड विस का रण जीतने के लिए कांग्रेस को 18 में से छह सीटों पर करनी होगी कड़ी मशक्कत

### बीजेपी और आजसू का एक होने से कांग्रेस के लिए 2019 के आकड़े बदल सकते है, करनी पर सकती है बड़ी चुनौती का सामना


**सत्येन्द्र**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का रण जीतने के लिए कांग्रेस अपनी अलग रणनीति पर काम कर रही है। कांग्रेस की ओर से 18 विधानसभा सीटों को हर हाल में जीतने की प्राथमिकता तय की गयी है। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने भी कांग्रेस नेताओं को स्पष्ट संकेत दे दिया है कि हर हाल में पार्टी की पहली प्राथमिकता 18 विधानसभा सीट को जीतना है।

दरअसल, यह 18 विधानसभा सीट वे हैं, जहां से वर्तमान में कांग्रेस के विधायक हैं या दूसरे दल के सिटिंग विधायक पार्टी में शामिल हुए हैं। ऐसे में कांग्रेस पाकुड़, जामताड़ा, पोड़ैयाहाट, महागामा, जरमुंडी, बरही, बेरमो, झरिया, बड़कागांव, मांडू, मांडर, खिजरी, जमशेदपुर पि्रमी, जगरनाथपुर, कोलेबिरा, सिमडेगा, मनिका और लोहरदगा विधानसभा सीट इस बार भी जीतना चाहती है।

वहीं दूसरी ओर राजनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि कांग्रेस को 18 की बजाए 19 विधानसभा सीट पर फोकस करना चाहिए था, क्योंकि 2019 के विधानसभा चुनाव में रामगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी ने आजसू की सुनीता देवी को हराया था और विधायक बनी थीं। लेकिन एक मामले में कोर्ट से सजा मिलने के बाद उनकी विधायकी चली गई, जिसके बाद हुए उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी बजरंगी महतो आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी से हार गए। इसलिए इस सीट पर भी कांग्रेस को फोकस करना चाहिए था। हालांकि, फिलहाल कांग्रेस की पहली प्राथमिकता वर्तमान में कांग्रेस के 16 विधायकों वाली सीट है और मांडू से भाजपा विधायक जयप्रकाश भाई पटेल और पोड़ैयाहाट से झाविमो विधायक प्रदीप यादव के कांग्रेस में शामिल होने के कारण कांग्रेस इन दोनों सीटों को लेकर 18 सीट हर हाल में जीतना चाहती है। विशेषज्ञों का कहना है कि इन 18 सीटों के बाद पार्टी को उन विधानसभा सीटों पर फोकस करना होगा, जहां 2019 के विपरीत नतीजे आने की प्रबल संभावना है।

**जगरनाथपुर सीट पर मुश्किल में कांग्रेस :** 2019 के विधानसभा चुनाव में पि्रमी सिंहभूम की जगन्नाथपुर विधानसभा सीट पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी। उस समय कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा और पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के कांग्रेस में होने के साथ-साथ भाजपा, आजसू-झाविमो प्रत्याशियों के बीच वोटों के बंटवारे का लाभ कांग्रेस को मिला था। तत्कालीन समय में कांग्रेस प्रत्याशी



सोनेराम सिंकू ने 32499 वोट पाकर झाविमो के मंगल सिंह बोबोंगा को 11606 वोटों से हराया था। तब मंगल सिंह बोबोंगा को 20893 वोट मिले थे, जबकि भाजपा प्रत्याशी सुधीर कुमार सुंडी को 16450 और आजसू प्रत्याशी मंगल सिंह सुरेन को 14222 वोट मिले थे। आंकड़े बताते हैं कि वोटों के बंटवारे के कारण कांग्रेस प्रत्याशी की जीत हुई थी। फिलहाल कोड़ा दंपती भाजपा में हैं, आजसू एनडीए का हिस्सा है और झाविमो का भाजपा में विलय हो चुका है।

**खिजरी सीट का भी बदल सकता है नतीजा :** जिन छह विजयी सीटों पर कांग्रेस को मिशन 18 पूरा करने में दिक्कत आ सकती है, उनमें रांची की खिजरी विधानसभा सीट भी शामिल है। 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने यह सीट भाजपा से छीनी थी। तब सत्ता विरोधी लहर, आजसू से गठबंधन न हो पाने और बाबूलाल मरांडी की पार्टी झाविमो प्रजातांत्रिक के उम्मीदवार के कारण भाजपा के मौजूदा विधायक रामकुमार पाहन को कांग्रेस उम्मीदवार राजेश कच्छप के हाथों 5469 वोटों से हार का सामना करना पड़ा था।

तब राजेश कच्छप को 83829 वोट मिले थे जबकि रामकुमार पाहन को 78360 वोट मिले थे। यहां आजसू उम्मीदवार रामधन बेदिया 29091 वोट पाने में सफल रहे थे जबकि बाबूलाल की पार्टी झाविमो उम्मीदवार अंतु तिर्की को भी छह हजार से अधिक वोट मिले थे। इस सीट पर कांग्रेस के लिए राहत की बात सिर्फ इतनी है कि पिछले लोकसभा चुनाव में इस विधानसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय को बढ़त मिली थी।

**बेहद कम वोटों से सिमडेगा जीती थी कांग्रेस :** कांग्रेस की सिटिंग सीटों में सिमडेगा सीट भी ऐसी सीट है जहां इस बार कांग्रेस की जीत आसान नहीं दिख रही है। 2019 के विधानसभा चुनाव में इस सीट से त्रिकोणीय मुकाबले में कांग्रेस उम्मीदवार भूषण बाड़ा महज 285 वोटों से जीत पाए थे। तब भूषण बाड़ा को 60651 वोट मिले थे। उनके निकटतम प्रतिद्वंदी बीजेपी के श्रद्धानंद बेसरा को 60366 और झारखंड पार्टी के रेजी डुंगडुंग को 10753 वोट मिले थे। यहां से तब बाबूलाल मरांडी ने जेवीएम का सिंबल मोहन बड़ाइक को दिया था और उन्हें 2137 वोट मिले थे।

### फंस सकती है वित्त मंत्री रामेश्वर उरॉव की सीट



प्रदेश कांग्रेस के नेताओं का मानना है कि गठबंधन सरकार द्वारा जिस तरह से जनहित में कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही उससे पार्टी को उम्मीद है कि वर्तमान विधानसभा के चुनाव में पार्टी उन सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी जिसपर उसका कब्जा है। इसके बावजूद अगर 2019 के विधानसभा चुनाव के नतीजों का विश्लेषण करें तो कई सीट फंसती नजर आ रही है। इसमें पहला नाम राज्य के वित्त मंत्री और कांग्रेस विधायक दल के नेता रामेश्वर उरांव का है, जिनकी विधानसभा सीट लोहरदगा मुश्किल में फंसती नजर आ रही है। ज्ञात हो कि 2019 में आजसू से गठबंधन न हो पाने का नुकसान भाजपा को उठाना पड़ा था, तब आजसू प्रत्याशी के तौर पर नीरू शांति भगत 39916 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रही थीं और भाजपा प्रत्याशी सुखदेव भगत 44230 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहे थे। इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रामेश्वर उरांव 74380 वोट पाकर 30150 वोटों से विजयी हुए थे। साफ है कि भाजपा-आजसू के बीच वोटों के जबरदस्त बंटवारे के कारण कांग्रेस की जीत आसान हो गई थी। इस बार आजसू भाजपा के साथ है, जबकि बाबूलाल मरांडी की पार्टी झाविमो का भी भाजपा में विलय हो चुका है।

### परिश्रम के बदौलत बड़कागांव की सीट पुनः जीत सकती है अंबा प्रसाद



बड़कागांव विधानसभा के पिछले तीन बार के चुनावी इतिहास पर नजर डालें तो यह सीट कांग्रेस की सुरक्षित विधानसभा सीटों में से एक है क्योंकि पिछले तीन विधानसभा चुनाव/ उपचुनाव में एक ही परिवार ने जीत दर्ज की है। बड़कागांव विधानसभा सीट पर पहले योगेंद्र साव, फिर निर्मला देवी और फिर अंबा प्रसाद ने कांग्रेस का परचम लहराया है। हालांकि, 2019 के विधानसभा चुनाव के नतीजे बताते हैं कि भाजपा और आजसू के बीच दरार और गठबंधन टूटने की वजह से अंबा प्रसाद की जीत बेहद आसान हो गई थी। तब कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर अंबा प्रसाद ने 98862 वोट हासिल किए थे और आजसू पार्टी के उम्मीदवार रोशनलाल चौधरी (67348 वोट) को 31514 वोटों से हराया था। इस सीट पर तब भाजपा उम्मीदवार के तौर पर लोकनाथ महतो को 31761 और जेवीएम उम्मीदवार दुर्गाचरण प्रसाद को 3347 वोट मिले थे।

### कांग्रेस के लिए कठिन है पूर्व कृषि मंत्री बादल की सीट



झारखंड में 2019 के मुकाबले 2024 की बदली राजनीतिक परिस्थितियों में जरमुंडी विधानसभा सीट भी कांग्रेस के लिए कांटे की टक्कर वाली सीटों में से एक नजर आ रही है। 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी के मजबूत महागठबंधन के बावजूद बादल पत्रलेख महज 3099 वोटों से जीत हासिल कर पाए थे। तब बीजेपी या कहें एनडीए बिखरी हुई थी। ऐसे में पूर्व कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के लिए इस बार विजय रथ पर सवार होना आसान नहीं लग रहा है। 2019 में जरमुंडी विधानसभा सीट से बादल पत्रलेख को 52507 वोट मिले थे जबकि भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार देवेंद्र कुमार को 49408 वोट मिले थे। यहां गौर करने वाली बात यह है कि बाबूलाल मरांडी की पार्टी तत्कालीन झारखंड विकास मोर्चा के उम्मीदवार संजय कुमार को 9242 वोट मिले थे जबकि निर्दलीय फूल कुमार को 17313 वोट मिले थे। आज की तारीख में झारखंड विकास मोर्चा का भारतीय जनता पार्टी में विलय हो चुका है और बाबूलाल मरांडी प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष हैं। आजसू भी भाजपा के साथ है, ऐसे में जरमुंडी विधानसभा सीट से बादल पत्रलेख की जीत इस बार आसान नहीं दिख रही है।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, मंगलवार

24.09.2024

नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आश्विन, कृष्ण पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 75





रिया सिंघा बनीं मिस यूनिवर्स इंडिया

## न्यूज डायरी

### कोल्हान की सीटों पर विजय के लिए एकजुट हों : अर्जुन

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा में कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे कोल्हान की 14 सीटों पर विजय के लिए एकजुट हों, ताकि झारखंड में परिवर्तन लाया जा सके। अर्जुन मुंडा ने वर्तमान हेमंत सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, इस सरकार ने महिलाओं, बहनों और युवाओं को ठगने का काम किया है।

### शुभेंदु अधिकारी आज धनबाद व चंदनक्यारी में

**रांची।** पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी मंगलवार को धनबाद जिले के सिंदरी के बलियापुर स्थित हाई स्कूल मैदान में सुबह 10.30 बजे परिवर्तन यात्रा को संबोधित करेंगे। वे बलियापुर से बिरसा ब्रिज तक आयोजित रोड शो में हिस्सा लेंगे। श्री अधिकारी चंदनक्यारी के चांदीपुर फुटबॉल मैदान में आयोजित परिवर्तन यात्रा जनसभा को 2 बजे संबोधित करेंगे।

### बिजली गिरने से 5 स्कूली बच्चे समेत 8 की मौत

**राजनांदगांव।** ओड़िशा में सोमानी थाना इलाके के जोरातरई गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 8 लोगों की मौत हो गयी। मरने वालों में 5 स्कूली बच्चे शामिल हैं। बारिश के चलते सभी बच्चे मकान के भीतर रुके थे। तभी अचानक तेज रोशनी के साथ आकाशीय बिजली मकान पर गिरी और मकान में छिपे सभी लोगों की मौत हो गयी। सीएम विष्णु देव साय ने हादसे पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने मृतकों के परिवार वालों को चार चार लाख मदद के तौर पर देने का ऐलान किया है।

### लातेहार में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के चार गिरफ्तार

**लातेहार।** कारोबारी की हत्या से पहले पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के दो शूटर समेत चार अपराधियों को धर दबोचा। एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस ने कार्रवाई की। अंतरराष्ट्रीय गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के हरियाणा से आये दो शूटरों समेत चार अपराधियों को चंदवा थाना क्षेत्र सासंग यात्री शेड के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी।

### चैंपियंस ट्राफी : भारत जा सकता है पाकिस्तान

**नयी दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आइसीसी अधिकारियों ने पाकिस्तान का दौरा कर एक बड़ा अपडेट दिया है। इस अपडेट के बाद टीम इंडिया के पाकिस्तान जाने की संभावना काफी ज्यादा बढ़ गयी है। आइसीसी प्रतिनिधिमंडल ने चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों पर संतोष जताया। चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी से होने जा रही है, जिसकी मेजबानी पाकिस्तान कर रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम, रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम व कराची में नेशनल स्टेडियम का जायजा लिया था।

विधानसभा चुनाव की तैयारी : निर्वाचन आयोग का दो दिनी झारखंड दौरा

# पार्टियों का सुझाव : त्योहारों को देखते हुए चुनाव कराये आयोग

**आयोग के समक्ष भाजपा ने फर्जी वोटरों की जांच करने तो झामुमो ने कम चरण में मतदान कराने की मांग की**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भारत निर्वाचन आयोग की टीम सोमवार पूर्वाह्न रांची पहुंची। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में पहुंची आयोग की इस टीम में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा डॉ सुखबीर सिंह संधू भी शामिल हैं।

**राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोग ने की बैठक :** झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने रांची के रेडिसन होटल में राजनीतिक दलों के साथ मैराथन बैठक की। इस बैठक में कांग्रेस, भाजपा, झामुमो, राजद और आजसू सहित नौ राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने झारखंड विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने तथा बेहतर मतदान प्रतिशत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगा। इस दौरान भाजपा, कांग्रेस और झामुमो ने चुनाव आयोग के समक्ष अपनी मांगें रखीं और सुझाव भी दिया। भाजपा ने बांग्लादेशी घुसपैठियों के पहचान पत्र रद्द करने और कम से कम चरणों में मदतान करने की मांग रखी। वहीं कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने अफवाह फैलाने वाले भाजपा नेताओं को झारखंड में आने से रोकने की मांग की। इसके अलावा चुनाव 15 नवंबर के बाद ही कराये का आग्रह किया। बैठक में झामुमो की ओर से चुनाव के दौरान केंद्रीय बलों की प्रतिनियुक्ति करने और जाति तथा धर्म को लेकर भड़काऊ भाषा के इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग की।

**भाजपा की प्रमुख मांगें :** बांग्लादेशी घुसपैठियों के पहचान पत्र रद्द किये जायें। गृह सचिव वंदना दादेल को चुनाव कार्य से अलग किया जाये। त्योहारों को ध्यान में रखते हुए मतदान की तिथि घोषित की जाये। कम से कम चरणों में मतदान हो।

**कांग्रेस की प्रमुख मांगें :** अफवाह फैलाने वाले भाजपा नेताओं को झारखंड में आने से रोका जाये। 15 नवंबर के बाद चुनाव कराए जायें। त्योहारों को ध्यान में रखते हुए चुनाव की तिथि की घोषणा की जाये। कम से कम चरणों में मतदान हो।

**झामुमो की प्रमुख मांगें :** झारखंड स्थापना दिवस (15 नवंबर) को ध्यान में रखते हुए वोटिंग डेट तय की जाये।

चुनाव के दौरान केंद्रीय बलों की प्रतिनियुक्ति की जाये। जाति और धर्म को लेकर भड़काऊ भाषा के इस्तेमाल पर रोक लगाई जाये। कम से कम चरणों में मतदान हो।

**आजसू की प्रमुख मांगें :** चुनाव तय तिथि पर ही हो। 3 निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से कई चरणों में चुनाव कराए जायें।

**मुख्य सचिव और डीजीपी के साथ की बैठक :** आयोग ने सबसे अंत में झारखंड के मुख्य सचिव एल खियांग्ते तथा डीजीपी अनुराग गुप्ता के साथ बैठक की। राजनीतिक दलों, प्रवर्तन एजेंसियों तथा राज्य के पदाधिकारियों से मिले इनपुट, सुझावों, प्रतिवेदनों आदि से अवगत कराते हुए आयोग ने संबंधित विषयों पर आवश्यक समन्वयात्मक कदम उठाने का उन्हें निर्देश दिया।

**आज भी होगी समीक्षा :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने जानकारी दी कि मंगलवार को सभी प्रमंडलों के आयुक्त, जोनल आइजी, सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों, सभी डीआइजी, सभी पुलिस अधीक्षकों के साथ समीक्षा की जायेगी।

**सीइओ तथा एसपीएनओ को मिले निर्देश :** चुनाव आयोग ने अधिकारियों ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर तथा सीएपीएफ के नोडल पदाधिकारी के साथ निर्वाचन विषय पर समीक्षा की। तीनों पदाधिकारियों ने अपनी कार्य योजना को प्रस्तुत की।

**विभिन्न एजेंसियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का निर्देश :** आयोग ने चुनाव कार्य से जुड़ी विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों जैसे आयकर विभाग, उत्पाद विभाग,जीएसटी, रिजर्व बैंक, वन, परिवहन, नागरिक उड्डयन, नारकोटिक्स आदि के राज्य स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उनकी कार्य योजनाओं की समीक्षा की। सभी से अपील की गयी कि सभी एजेंसियां स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को लिए कमर कस लें।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सभी सुझावों पर विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की यह बैठक विधानसभा चुनाव की तैयारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

### हाई कोर्ट के नये चीफ जस्टिस कल लेंगे शपथ

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस एम एस राम चन्द्र राव 25 सितंबर को शपथ लेंगे। राजभवन में राज्यपाल उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलयेंगे। राष्ट्रपति ने शनिवार को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में हुई कॉलेजियम की बैठक में लिये गए निर्णय पर मंजुरी दी, जिसके बाद जस्टिस एम एस राम चन्द्र राव को झारखंड हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किए जाने की अधिसूचना जारी कर दी गयी। श्री रामचंद्र राव हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस थे, जिनका स्थानांतरण झारखंड हाईकोर्ट किया गया है।

## विधानसभा में अवैध नियुक्ति घोटाला मामले की जांच अब सीबीआइ करेगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में हुए अवैध नियुक्ति घोटाले की जांच अब सीबीआई करेगी। झारखंड हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ ने यह फैसला सोमवार को सुनाया इस मामले में 20 जून को हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

प्रार्थी की दलील थी कि 2005 से 2007 के बीच विधानसभा में गलत तरीके से नियुक्तियां हुई हैं।

**क्या है मामला :** प्रार्थी की ओर से पूर्व में कोर्ट को बताया गया था कि जांच के लिए जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद आयोग का गठन हुआ था। जिसने राज्यपाल को 2018 में जांच रिपोर्ट सौंपी थी। जिसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था। लेकिन वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। राज्यपाल के दिशा निर्देश के बावजूद भी विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इस मामले को लंबा खींचा जा रहा है। मामले में देरी होने से गलत तरीके से चयनित होने वाले अधिकारी सेवानिवृत हो जाएंगे।

खूंटी के तोरपा में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम

# केंद्र से बकाया राशि मिले तो विकास कार्यों में और तेजी लायेंगे: मुख्यमंत्री

**सीएम हेमंत का आरोप**

**साग-सब्जी की तरह खरीदे जा रहे नेता-मंत्री**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन खूंटी में भाजपा पर जमकर बरसे। उन्होंने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा है और कहा कि चुनाव आते ही भाजपा के नेता गिद्ध की तरह मंडारने लगे हैं। उन्होंने कहा कि वे लोग साग-सब्जी की तरह नेता और मंत्री को खरीदने में जुटे हैं। सीएम सोमवार को खूंटी जिले के तोरपा एनएचपीसी मैदान में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि एक आदिवासी मुख्यमंत्री को हटाने में प्रधानमंत्री और गृहमंत्री तक लगे हुए हैं। उन लोगों ने मुझे झूठे केस में फंसाकर भेज दिया। आने वाले पांच साल के अंदर आपलोगों को इतना मजबूत कर देंगे कि झारखंड के लोगों को किसी के सामने भीख नहीं मांगनी पड़ेगी।

मुख्यमंत्री कहा कि राज्य सरकार ने फिर से केंद्र सरकार को पत्र लिखकर 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये बकाया राशि की मांग की है। अगर केंद्र सरकार यह बकाया राशि नहीं देती है तो उसका ब्याज ही दे, ताकि राज्य सरकार विकास की कार्यों को और तेजी से बढ़ा सके।

उन्होंने सरना धर्म कोड को अबतक मान्यता नहीं मिलने पर भी केंद्र को घेरा। इस अवसर पर मंत्री रामेश्वर उरांव, सत्यानन्द भोक्ता, सांसद कालीचरण मुंडा, विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, समेत कई गणमान्य उपस्थित थे।

कल्पना सोरेन ने श्री बंशीधर नगर में मंइयां सम्मान यात्रा शुरू की

# मंइयां सम्मान योजना रोक सकते हैं तो रोक कर दिखाइये: कल्पना सोरेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गढ़वा/श्री बंशीधर नगर।** गांडेय विधायक सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने झारखंड सरकार की ओर से गढ़वा के बंशीधर नगर के गोसाईबाग के मैदान में सोमवार को मंइयां सम्मान यात्रा की शुरूआत की। मौके पर जनसभा में कल्पना सोरेन ने कहा कि मंइयां सम्मान योजना एक क्रांतिकारी योजना है। इसने बेटी, बहन एवं माता को आर्थिक रूप से सशक्त करने और सम्मान के साथ जीने का मार्ग प्रशस्त किया है। विधायक ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपाइयों ने हेमंत सोरेन को जेल में नहीं डाला, बल्कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जेल में डाल दिया। भाजपा वाले नहीं चाहते हैं कि माता-बहनों के खाते में हजार टका आए। जैसे ही मंईयां सम्मान योजना के पहली किस्त दी वैसे ही बीजेपी के कुछ लोगों ने पीआईएल कर दिया। उन्होंने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि झारखंड की जितनी भी योजनाएं हैं, चाहे वह दीदियों के लिए हो, बेटियों के लिए हो, भाई-दादा के लिए हो, ये योजनाएं चलती रहेंगी, आप रोक सकते हैं तो रोक कर दिखाइए। श्रीमति सोरेन ने कहा कि इस योजना की शुरूआत हेमंत सोरेन ने बहुत पहले ही कर ली थी। अगर उन्हें जेल नहीं भेजा गया होता तो आज माता-बहनों को सातवीं किस्त मिल रही होती।

**धरती हमारी, खजाना हमारा, फिर भी झारखंड को रॉयल्टी नहीं :** कल्पना सोरेन बीजेपी और केंद्र सरकार पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड को मिलने वाली 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये की रॉयलटी केंद्र सरकार ने रोक रखी है। धरती हमारी, खजाना हमारा लेकिन रॉयल्टी नहीं मिलना कहां का न्याय है?

**झारखंड में मंडरा रहे भाजपा के नेता :** उन्होंने कहा कि अभी केंद्र में बैठे मंत्री और नेता झारखंड में मंडरा रहे हैं। वे यहां बता रहे हैं कि हेमंत सोरेन झारखंड के लिए कुछ नहीं कर रहे हैं, लेकिन जनता को सब पता है कि कौन भला है कौन बुरा। उन्होंने दावा किया कि हमारी झारखंड की बहनें, झारखंड के भाई पूरे जोश के साथ हेमंत जी को को मुख्यमंत्री बनाने के लिए लड़ रहे हैं।

खूंटी में भाजपा की परिवर्त्तन यात्रा में गरजे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

# आदिवासी के साथ छल करने वालों की जगह जेल में होगी : जेपी नड्डा

**■ भाजपा आदिवासियों के अधिकार और हक की सच्ची रक्षक**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/खूंटी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि मां, बेटी, रोटी, आदिवासी की अस्मिता, उनकी रक्षा की सुरक्षा की परिवर्तन यात्रा है। श्री नड्डा सोमवार को खूंटी के कचहरी मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल की परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा झारखंड में परिवर्तन लायेगी। यह यात्रा संकल्प लेने की यात्रा है कि जिन लोगों ने आदिवासी के साथ छल किया है, उनकी जगह जेल में होगी। श्री नड्डा ने कहा कि आदिवासियों की रक्षा भाजपा ही कर सकती है। उन्होंने झामुमो पर हमला बोला और कहा कि हेमंत सोरेन ने भी कांग्रेस से सीखने में कोई कसर नहीं छोड़ी। झामुमो भी भ्रष्टाचारी पार्टी बन गयी। झामुमो ने परिवारवाद को बढ़ावा दिया। अपनों के साथ छल किया और उन्हें अपमानित किया।

वहीं असम के सीएम हिमंता बिश्व सरमा ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार झारखंड के युवाओं और आदिवासियों के हितों की रक्षा करने में पूरी तरह विफल रही है।



**हेमंत सरकार ने भ्रष्टाचार को संरक्षण दिया : अनुराग ठाकुर**

**रांची/हुसैनाबाद।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर सोमवार को पलामू ज़िला के उतारी रोड और हुसैनाबाद में कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचारी झामुमो, कांग्रेस, राजद सरकार ने लव जिहाद, लैंड जिहाद को बढ़ावा दिया। राज्य में हेमंत सरकार ने भ्रष्टाचार, मफियाराज और लूटतंत्र को संरक्षण दिया। श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड परिवर्तन मांग कर रहा है। भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जो झारखंड के हितों की रक्षा करने के लिए कटिबद्ध है।

**भ्रष्टाचार के कीचड़ में इसबार खिलेगा कमल : मोहन यादव**

**हजारीबाग/बरकट्ठा।** भाजपा की परिवर्तन यात्रा के तहत बरकट्ठा के कपका बाजार में सोमवार को विधानसभा स्तरीय जनसभा में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हेमंत सोरेन की सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने भाजपा सरकार की योजनाओं की नकल करने की कोशिश की है लेकिन नकल के लिए अकल की जरूरत होती है। श्री यादव ने कहा, हेमंत सोरेन जेल से बाहर आने के बाद सत्ता के लोभ में एक सप्ताह भी बिना कुर्सी के नहीं रह सके। उन्होंने कहा कि झारखंड में फैली हुई गंदगी में यानी कीचड़ में कमल खिलाना है। तभी दोगुनी गति से होगा झारखंड का विकास।

कोल्हान प्रमंडल से भाजपा की परिवर्तन यात्रा शुरू

### अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा : शिवराज

**रांची/बहरागोड़ा।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा और झारखंड में सत्ता परिवर्तन होकर रहेगा। श्री चौहान सोमवार को बहरागोड़ा में भाजपा के परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ कर रहे थे। बहरागोड़ा के शाखा मैदान में जनसभा में कहा कि झारखंड में झामुमो नहीं, बल्कि जुर्म, मर्डर और माफिया की सरकार हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में न बेटी, न माटी, न रोटी सुरक्षित है। उन्होंने हेमंत सरकार पर विदेशी घुसपैठियों को शह देने का आरोप लगाया।

**हर गरीब को मिलेगा पक्का मकान :** उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनने पर हर गरीब को पक्का मकान दिया जायेगा। बालू भी मुफ्त दिया जायेगा। उन्होंने वादा किया कि भाजपा की सरकार बनने पर राज्य में एनआरसी लागू की जायेगी। उन्होंने जनता से अपील की कि वे भाजपा को समर्थन दें।

## गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 70500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 91000 रु./प्रति किलो |




पार्टी पदाधिकारियों को मंइयां सम्मान यात्रा को सफल बनाने का निर्देश

# भाजपा की धार को कुंद करने में जुटी जेएमएम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में एक बार फिर से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपनी गतिविधि तेज कर दी है। एक ओर जहां सरकारी के स्तर पर फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के साथ हर जिले का भ्रमण कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर सोमवार से सरकार के कई मंत्रियों ने मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का राजनीतिक लाभ लेने के लिए मंइयां सम्मान यात्रा शुरू कर दी। इन सबके बीच झामुमो का केंद्रीय नेतृत्व लगातार अलग-अलग जिले के प्रखंड स्तर बैठक कर रहा है।



**रांची के सोहराई भवन में छह झामुमो जिला इकाई के साथ बैठक :** कोल्हान के सभी जिले और पलामू, लातेहार, गढ़वा झामुमो की बैठक के बाद सोमवार को रांची में गुमला, लोहरदगा, हजारीबाग, रामगढ़, रांची और गिरिडीह जिले की बैठक हुई और चुनावी विषय पर चर्चा की गयी।

**मंईयां सम्मान यात्रा को सफल बनाने का निर्देश :** बैठक में इस पर भी रणनीति बनी कि कैसे भाजपा के परिवर्तन यात्रा की धार को कुंद किया जा सकता है। इसके साथ-साथ 23 सितंबर से शुरू हुई मंइयां सम्मान यात्रा को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए भी केंद्रीय नेतृत्व की ओर से निर्देश दिये गये।

**सरकार की फ्लैगशिप योजना को गांव-गांव तक पहुंचाएंगें :** झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने बताया कि हमें राज्य में फिर हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए जुट जाना है। हेमंत सोरेन के संदेश को गांव कस्बों तक पहुंचाना है। जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता को देते हुए बताना है कि कैसे भाजपा ने लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को परेशान किया। उन्हें झूठे केस में जेल भेजा। भाजपा की समाज को तोड़ने वाली राजनीति का भी पदार्फाश करेंगे। उन्होंने बताया कि 27 सितंबर को रांची के सोहराई भवन में बोकारो, धनबाद, चतरा, कोडरमा, खूंटी, सिमडेगा जिला झामुमो की बैठक होगी।

संयुक्त राष्ट्र महासभा समिट ऑफ द फ्यूचर में बोले मोदी

# वैश्विक संस्थाओं में सुधार से पूरी दुनिया में लायी जा सकती है शांति

**एजेंसी**



**वाशिंगटन।** पीएम मोदी ने समिट ऑफ द फ्यूचर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शांति के लिए ग्लोबल रिफार्म जरूरी है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, मानवता की सफलता हमारी सामूहिक शक्ति में निहित है, युद्ध के मैदान में नहीं। वैश्विक शांति और विकास के लिए वैश्विक संस्थाओं में सुधार महत्वपूर्ण हैं। सुधार प्रासंगिकता की कुंजी है।

**आतंकवाद से दुनिया पर गंभीर खतरा :** प्रधानमंत्री ने कहा, जहां एक ओर आतंकवाद वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है, वहीं दूसरी ओर साइबर सुरक्षा, समुद्री और अंतरिक्ष संघर्ष के नये क्षेत्र बन रहे हैं। इन सभी मुद्दों पर उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक कार्रवाई वैश्विक महत्वाकांक्षा के अनुरूप होनी चाहिए। उन्होंने कहा, भारत के लिए वन अर्थ, वन फैमिली और वन फ्यूचर, एक प्रतिबद्धता है। यही प्रतिबद्धता हमारे वन अर्थ, वन हेल्थ और वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड जैसे पहल में भी देखायी देता है।

संयुक्त राष्ट्र में भविष्य के शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा कि भारत में 250 मिलियन लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है और हमने दिखाया है कि सतत विकास सफल हो सकता है। हम सफलता के इस अनुभव को साझा करने के लिए तैयार हैं। हमें सतत विकास को तरजीह देते हुए मानव केंद्रित दृष्टिकोण को प्राथमिकता देनी चाहिए। इससे पहले पीएम मोदी ने नेपाली पीएम केपी शर्मा ओली, फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास सहित कई नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें की।

# 16वीं झारखंड पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ, 1500 खिलाड़ियों ने लिया भाग

- खेल मंत्री मिथिलेश ठाकुर और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने किया दो दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डोरंडा स्थित जैप 1 में सोमवार को 16वीं झारखंड राज्य पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। खेल मंत्री मिथिलेश ठाकुर और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने दो दिवसीय (24 और 25 सितंबर) प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस मौके पर जैप एडीजी प्रिया दुबे, जैप आईजी राजकुमार लकड़ा, जैप डीआईजी मयूर पटेल कन्हैयालाल, जैप कमांडेंट राकेश रंजन समेत कई पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।



खेलकूद समारोह के बाद मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि पुलिस समाज की सेवा करता है, समाज में फैली कुरीतियों से लड़ता है और कानून की रक्षा भी करता है। पुलिसकर्मी काम करते करते मानसिक अवसाद झेलते हैं। उन्हें प्रोत्साहित करने के लिये समय-समय पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना श्रेयस्कर है। इस खेलकूद प्रतियोगिता में करीब 1500 पुलिस खिलाड़ियों ने भाग लिया। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि बेहतर खेलने वाले खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली टीम के लिए किया जायेगा। खेलकूद प्रतियोगिता में फुटबॉल, बॉस्केटबॉल, टेबल टेनिस, पेंचाक सिलाट, योग, वॉलीबॉल, हॉकी, कुश्ती, कबड्डी, क्रास कंट्री, मैराथन, हैंडबॉल, तीरंदाजी, खो-खो, एथलेटिक्स, जिमनास्टिक, बॉक्सिंग, जूडो, वुशु, ताइक्वांडो, वेटलिफ्टिंग, कराटे, बॉडीबिल्डिंग और पावरलिफ्टिंग के इवेंट शामिल हैं।

**बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद :** खेल मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताते हुए कहा कि प्रतियोगिता में टीम भावना के साथ खेलें। उन्होंने कहा कि खेल हमें अनुशासन भी सीखाता है। खेल मंत्री ने जैप-2, टाटिसिल्वे में बने हॉकी स्टेडियम में एस्ट्रो टर्फ सुविधा देने के साथ-साथ 25 मीटर का एक स्वीमिंग पुल बनाने की भी घोषणा की।

**फिट रहना जरूरी :** मौके पर राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने कहा कि पुलिस के लिए फिजिकली फिट होना सबसे ज्यादा जरूरी होता है। यदि जवान फिट रहेंगे तो माइंड भी रिलैक्स रहेगा। तब वे अच्छे से काम कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता को और व्यापक रूप देने की कोशिश की जा रही है। साथ ही इस बात पर फोकस किया जा रहा है कि महिला पुलिसकर्मियों को खेलकूद प्रतियोगिता में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी बढ़े।

## राहुल गांधी मामले में टल गयी सुनवाई



रांची। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से जुड़े मोदी सरनेम टिप्पणी से जुड़े मानहानि केस में शिकायतकर्ता की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत करना है। सोमवार को मामले में सुनवाई की तारीख निर्धारित थी। लेकिन, गवाह के नहीं आने के कारण सुनवाई टल गई। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 14 अक्तूबर निर्धारित की है। मामले की सुनवाई रांची के एमपीध्एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत में हो रही है। मालूम हो कि हाईकोर्ट से राहुल गांधी को इस मामले में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट प्राप्त है। मामले में 6 जुलाई को राहुल गांधी पर आरोप तय किया गया था। मोदी सरनेम पर टिप्पणी को लेकर लालपुर थाना क्षेत्र निवासी अधिवक्ता प्रदीप मोदी ने सिविल कोर्ट रांची में 23 अप्रैल 2019 में शिकायतवाद केस संख्या 1993/19 दर्ज कराया था।

## हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा का 217वां सालाना उर्स का समापन



- राजद ने लालू यादव के सेहत और अमन चैन शांति हर घर खुशहाली के लिए रिसालदार बाबा दरगाह पर की चादरपोशी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा का 5 दिवसीय 217वां सालाना उर्स का समापन सोमवार को हो गया। इस मौके पर राजद की ओर से डोरंडा स्थित रिसालदार बाबा दरगाह पर चादरपोशी की गयी। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता गौतम सागर राणा, प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव, महासचिव आबिद अली, शब्बर फातमी, संतोष प्रसाद, इम्तियाज हुसैन वारसी, रमजान कुरैशी, अरशद अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

मौके पर दरगाह कमेटी के सदर अयूब गद्दी, सचिव जावेद अनवर, उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन, बेलाल अंसारी, अनीस गद्दी, नसीम गद्दी, मो. फारूक, पप्पू आलम व अन्य लोग उपस्थित थे।

## संग्राम क्लब पूजा समिति के अध्यक्ष बने अजय गुप्ता

**रांची।** संग्राम क्लब दुर्गा पूजा समिति कचहरी चौक की बैठक सोमवार को मां संतोषी माता मंदिर में समिति के संरक्षक राजेश कुमार लाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पुरानी कमेटी को भंग कर इस वर्ष 2024 के लिए नई कमेटी घोषित की गई। संरक्षक- दिलीप चौधरी, डॉ अशोक लाल, इंद्र गुप्ता, पारस गुप्ता, उपेंद्र सिंह, प्रणय कुमार, डॉ राजेश गुप्ता (छोटू), महेश चंद्रा, सुनील जायसवाल, गौतम तिवारी, आनंद चौधरी, लक्ष्मी केडिया, आशा देवी, प्रवीण कुमार, संयोजक- संतोष गुप्ता, सह संयोजक- अभिषेक राज (सन्टी), अध्यक्ष- अजय गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष - नीरज वर्मा, उपाध्यक्ष- सुदीप नारायण (बंटी), दीपू वर्मा, सुजीत शाही, गौरव सिंह (छोटू), अविनाश वर्मा, सौरव गुप्ता, सचिव- संजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष- अरुण वर्मा, सह-कोषाध्यक्ष- रविशंकर गुप्ता, विजय गुप्ता, सह सचिव- सोनू कुमार, सौरव गुप्ता (सोनू), प्रिंकेश शुब्बा, अमित कुमार(बबलू), प्रचार मंत्री- समीर वर्मा, शुभम रजक, अमित वर्मा, रितिक वर्मा, अमन वर्मा, सह प्रचार मंत्री- सन्नी वर्मा, निखिल वर्मा, राहुल वर्मा, पूजा प्रभारी- पंकज वर्मा, लक्ष्मण वर्मा।

## हिंदी साहित्य संस्कृति मंच की काव्य गोष्ठी




**रांची।** हिंदी भाषा पखवाड़ा के अवसर पर झारखंड हिंदी साहित्य संस्कृति मंच का वाईवीएन स्कूल, सेक्टर-1, धुर्वा में हर्षोल्लास से काव्य गोष्ठी सम्पन्न हुआ। पूनम वर्मा द्वारा मां शारदे की वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। वरिष्ठ कवि साहित्यकार एवं मंच के उपाध्यक्ष डॉ निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव काव्य गोष्ठी कार्यक्रम के अध्यक्ष रहे। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कवि एवं कविता की सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक समीक्षा-कृतियों, हिन्दी साहित्यातिहास लेखन की परंपरा और प्रसिद्ध काव्य एवं कवि के प्रतिमाणों की चर्चा की और कविता पाठ से उद्बोधन किया। मुख्य अतिथि के रूप में रामजी यादव वाईवीएन कुलपति सुशोभित रहे। मंच सचिव विनोद सिंह गहरवार ने सभी रचनाकारों का आदरपूर्ण स्वागत किया। मंच संरक्षक विनय सरावगी के संरक्षण में मंच दिनोंदिन प्रगति कर रहा है। कार्यक्रम का संयोजन झारखंड की प्रसिद्ध कवयित्री सुरेन्द्र कौर 'नीलम' ने किया। जिन कवि-कवयित्रियों ने अपनी कविता से इस कार्यक्रम को सार्थक बनाया। उनमें मंच कोषाध्यक्ष श्रीकृष्णा विश्वकर्मा बादल, मंच कार्यक्रम संयोजक ममता मनीष सिन्हा, मंच मीडिया प्रभारी ऋतुराज वर्षा, एन.के.पाठक, मधुमिता साहा, सुमिता सिन्हा, सूरज श्रीवास्तव, अर्पणा सिंह, निर्मला कर्ण, प्रतिभा पाण्डेय, रीना गुप्ता, पूनम वर्मा, सुजाता प्रिय समृद्धि, पुष्पा वर्मा, संगीता वर्मा, रूपा कुमारी, रेणु झा रेणुका, अनुपमश्री प्रमुख रहे। झारखंड के शायर नेहाल हुसैन 'सरैयावी' एवं कामेश्वर सिंह कामेश की गजलें, बिनोद सिंह 'गहरवार' के मुक्तक एवं डॉ. रेणुबाला धार, डॉ. सुरिंदर कौर नीलम, डॉ रजनी शर्मा तथा डॉ. गीता सिन्हा गीतांजलि के गीतों ने चार चांद लगाये।

## प्राथमिक शिक्षकों को ग्रेड चार से ग्रेड सात में प्रोन्नति दें : हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में प्राथमिक शिक्षकों को ग्रेड चार से ग्रेड सात में प्रोन्नति नहीं दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने यह कहा है कि ग्रेड सात में प्रोन्नति वर्ष 1993 में बनी नियमावली के तहत होगी। इसके साथ ही अदालत ने सरकार को यह निर्देश दिया है कि जल्द से जल्द शिक्षकों को ग्रेड सात में प्रोन्नति दें। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रोशन की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। इस संबंध में राकेश कुमार सिंह एवं अन्य की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। उनकी ओर से अधिवक्ता सौरभ शेखर ने पक्ष रखा।

## हाईकोर्ट से सांसद निशिकांत दुबे को राहत

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ 30 सितंबर तक पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है। दरअसलल देवघर स्थित परित्राण मेडिकल ट्रस्ट की सम्पति बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट द्वारा खरीदे जाने के मामले में शिवदत्त शर्मा ने निशिकांत दुबे के खिलाफ जालसाजी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई है। जिसे रद्द करने के लिए सांसद निशिकांत दुबे ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। निशिकांत दुबे की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने पुलिस को उनके खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया है।

## मारपीट के आरोपी को साक्ष्य के अभाव में किया बरी

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी कुमार सौरभ त्रिपाठी की अदालत ने मारपीट मामले के आरोपी प्रेम प्रकाश राय एवं उसके दोनों बेटे संदीप कुमार एवं मंदीप कुमार उर्फ अभिषेक उर्फ मंजीत कुमार को सबूत के अभाव में बरी कर दिया है। आरोपी सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के भाष्कर कॉलोनी निवासी है। तीनों पर पड़ोसी दिलीप कुमार के साथ किसी विवाद को लेकर मारपीट करने का आरोप था। घटना को लेकर 11 जुलाई 2021 को सुखदेव नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष एक भी गवाह को प्रस्तुत नहीं कर सका। इसका लाभ आरोपियों को मिला।

## रिम्स, जेबीवीएनएल सहित अन्य विभागों के पीएल खाते में जमा राशि

# 1200 करोड़ रुपये की राशि राजकोष में होगी जमा

### दो साल से खर्च नहीं की जा सकी राशि, होगी सरेंडर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। झारखंड में पर्सनल डिपोजिट एकाउंट (पीएल खाते) में पड़ी विभिन्न विभागों की सरकारी राशि वापस राजकोष में जमा की जायेगी। लगभ ग 1200 करोड़ की राशि प्रत्यार्पित करते हुए राजकोष में जमा कराके शीघ्र ही वित्त विभाग को अवगत कराने का निर्देश संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों, सचिवों को दिया गया है। जेरेडा के पीएल खाता में लगभ ग 10 ।22 करोड़, जेबीवीएनएल के पीएल खाता में लगभ ग 192 ।25 करोड़, रिम्स रांची के पीएल खाता में 691 करोड़ रुपये राशि, जेएमएचआईडीपीसीएल के पीएल खाते में 301 ।53 करोड़ रुपये की बड़ी राशि लगभ ग दो साल से पड़ी हुई जिसे इन विभागों ने खर्च नहीं किया है। विकास कार्य के लिए मिली इन राशि की समीक्षा हाल में वित्त विभाग ने की थी और तत्काल अव्यहत राशि को निदेर्शों के अनुरूप राजकोष में जमा करने को कहा है। इसके अलावा और भी कई विभाग हैं जहां लगातार दो सालों से पीएल खाता में राशि पड़ी हुई उनसे रिपोर्ट मांगा जा रहा है ताकि उक्त राशि राजकोष में जमा करायी जा सके।

**इन विभागों की राशि होगी सरेंडर :** उर्जा विभागः समीक्षा में यह बात सामने आयी कि जेरेडा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में पीएल खाता में प्राप्त आवंटन राशि 390 ।18 लाख का अवधि विस्तार के लिए वित्त विभाग से अनुरोध किया गया एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 अंतर्गत प्राप्त आवंटन के विभिन्न योजना मद में अव्यहत राशि लगभग 10 ।22 करोड़ को प्रत्यर्पण किया जाना है। झारखंड बिजली वितरण निगम लि. से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार वर्तमान में जेबीवीएनएल के पीएल खाते में 2274 ।92 करोड़ की राशि संधारित है, जिसमें कुल 192 ।25 करोड़ रुपये राशि प्रत्यार्पित किया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत रिम्स के प्रतिवेदन के अनुसार इनके पीएल खाता में विभिन्न अवधि में प्राप्त कुल 691 करोड़ रुपये राशि का प्रत्यर्पण किया जायेगा। जेएमएचआईडीपीसीएल के पीएल रिपोर्ट के अनुसार, इनके पीएल खाते में वर्तमान में 391 ।09 करोड़ रुपये संधारित हैं, इनमें से 28 ।79 करोड़ रिवैलिडेट किया गा है, 60 ।75 करोड़ रिवैलिडेट किया जाना है, तथा 301 ।53 करोड़ राशि प्रत्यार्पित की जायेगी।

## घुसपैठियों को मतदान से रोका जाये : भाजपा

- भाजपा ने एक चरण मे चुनाव कराने की वकालत की
- गृह सचिव वंदना डाडेल को चुनाव कार्य से मुक्त रखने की मांग की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। भाजपा ने राज्य में एक चरण में विधानसभा चुनाव कराने की मांग की है। भाजपा का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त एवं उनकी टीम से मिज कर ज्ञापन सौंपा। इस संदर्भ मे प्रदेश भाजपा की तरफ से प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद एवं विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव को पार्टी के तरफ से पक्ष रखने के लिये अधिकृत किया गया था। राकेश प्रसाद ने बताया कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के समक्ष घुसपैठिये की बात उठाई और कहा कि किसी हाल मे घुसपैठिये मतदान न कर पाये। पाकुड़, राजमहल, बरहेट, महेशपुर, जामताडा, मधुपुर, मंझगाव, विशुनपुर, महगामा, गोड्डा, लोहरदगा, हटियाए मे कई बूथों पर मतदाता 123 प्रतिशत तक बढ़ गये। इसकी जांच आवश्यक है।

दिव्यांगों के लिए रैंप, और बूथ पर पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था की मांग की गयी है।चुनाव के दौरान पैसे अगर पकड़े जाएं तो 72 घंटा मे अनुसंधान हो और प्रकाशित हो की किसका पैसा था। अर्द्ध सैनिक बल कीप्रति नियुक्ति का नोडल ऑफिसर आईजी रैंक के अधिकारी से हो ताकि बलों का नियुक्त सही ढंग से हो। गृह सचिव वंदना डाडेल का कार्य और व्यवहार पिछले दिनों एक अधिकारी का नहीं बल्कि राजनीतिक पार्टी का कार्यकर्ता जैसा रहा है।

## खबर एक नजर में

### एमवे इंडिया ने रांची में खोला नया स्टोर



रांची। स्वास्थ्य और सेहतमंद संबंधी जरूरतों को पूरा करने वाली अग्रणी कंपनी एमवे इंडिया ने ोमवार को रांची, झारखंड में लगभग 1000 वर्ग फुट में फैले अपने नए स्टोर जो रघुवर हाइट्स, पहली मंजिल, रातू रोड पर स्थित है को खोलने की घोषणा की। ये स्टोर रणनीतिक रूप से रांची और आसपास के क्षेत्रों जैसे बोकारो, हजारीबाग, काँके, लोहरदगा, गुमला एवं पतरातू में अपनी सेवाएं प्रदान करेगा, जिससे की वितरकों और उनके ग्राहकों के लिए पहुंच में सुधार होगा। एमवे इंडिया के प्रबंध निदेशक रजनीश चोपड़ा ने इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए कहा कि रांची में हमारे नए स्टोर खुलने से इस क्षेत्र में हमारी उपस्थिति काफी मजबूत हुई है, जो इस क्षेत्र में हमारे वितरकों और ग्राहकों को बेहतर सुविधा प्रदान करेगी। हालांकि हम ऑनलाइन प्लेटफॉर्म सुविधा प्रदान करते हैं, जमीनी स्तर पर यह स्टोर विश्वास और जुड़ाव को बढ़ावा देगा जो केवल आमने-सामने की बातचीत से ही संभव है। यह स्टोर एक प्रशिक्षण सुविधा के रूप में भी काम करेगा, जो वितरकों को प्रशिक्षित करने और उन्हें अपने बिक्री प्रयासों में सफल होने के लिए आवश्यक संसाधन और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए एक केंद्र का काम करेगा। यह स्टोर नए वितरकों के लिए ऑफलाइन पंजीकरण की सुविधा भी प्रदान करेगा, जिससे उन्हें सहज जुड़ाव का अनुभव मिलेगा।

### ग्रामीण कार्य विभाग में 20 इंजीनियरों का ट्रांसफर

रांची। ग्रामीण कार्य विभाग में 20 कनीय अभियंताओं का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। ये अभियंता यहां भेजे गए : मोहम्मद अब्दुल कुद्दुस अंसारी, जामताड़ा , राजेश कुमार महेशपुर, दीपक कुमार, ठेठईटांगर, विश्वदीप बागे ,कुचाई, सरोज कुमार सरायकेला खरसावां, रमाकांत सिंह ,सिमरिया, सुरेश प्रसाद गुप्ता ,बिश्रामपुर, मुकेश कुमार मंडल, निरसा, मनीष दे, तीसरी, शमशाद अंसारी, धनवार , दिनेश चंद्र महतो चांडिल, राजीव रंजन , रातु, नंदकिशोर प्रसाद चौरसिया कोलेबिरा, रोशन कुमार, टुंडी, संजय कुमार महतो नीमड़ीह, संदीप कुमार , बोरियो, आकाश कुमार, पथरगामा, राहुल तिवारी ,घाटशिला, अजय कुमार किस्कू, मिप्ती अन्वेषण प्रमंडल रांची, राजेश कुमार, काठीकुंड, दुमका शामिल है।

### होमगार्ड एसोसिएशन के महासचिव को सेवा मुक्त करने के खिलाफ याचिका पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

रांची। झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी को होमगार्ड मुख्यालय द्वारा बिना कोई जांच पड़ताल किए सेवा मुक्त करने के खिलाफ दायर याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार को छह सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन की कोर्ट में हुई। बता दें कि इससे पहले भी राजीव कुमार तिवारी को होमगार्ड विभाग ने बिना कोई स्पष्टीकरण पूछे व बिना किसी जांच पड़ताल किए एक तरफा कार्रवाई कर सेवामुक्त कर दिया था। इस सेवामुक्ति के खिलाफ भी राजीव तिवारी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिसके बाद अदालत ने राजीव कुमार तिवारी के विरुद्ध होमगार्ड मुख्यालय द्वारा पारित सेवामुक्ति संबंधित सभी आदेश को रद्द कर दिया था।

### दहेज हत्या मामले में तीन को दोषी करार

रांची। दहेज हत्या से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुये अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की अदालत ने सोमवार को ट्रायल फेस कर रहा मृतक का पति दिलीप कुमार, सास लालो देवी उर्फ ललिता देवी एवं ननद अनीता कुमारी को दोषी करार दिया है। साथ ही, तीनों की सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये 30 सितंबर की तारीख निर्धारित की गई है। मृतका की शादी साल 2019 में दिलीप कुमार के साथ हुई थी। शादी के बाद से दहेज के लिये नवविवाहिता को उसके ससुराल वाले प्रताड़ित कर रहे थे। साल 2022 में महिला उत्पीड़न के तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना को लकेर मृतका की मां गीता देवी ने ससुराल वालों के खिलाफ खलारी थाना में कांड संख्या 41/2022 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया था कि नवविवाहिता के पति, सास एवं ननद द्वारा 15 लाख रुपए दहेज के लिये प्रताड़ित किया जा रहा था। दहेज नहीं लाने पर उसकी हत्या कर उसको आत्महत्या का रूप देने का आरोप लगाया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान एपीपी पुष्पा सिन्हा ने डॉक्टर समेत 12 गवाहों को अदालत में प्रस्तुत किया था।

## कोर्ट के आदेश पर झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का बैंक अकाउंट किया गया फ्रीज

- डिग्री होल्डर पार्था कुमार डे, गुरुबड़ी हांसदा, हरिश्चंद्र महतो और अभिजीत कुंडू का पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पास 72 लाख 64 हजार 918 रुपए बकाया है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कार्य के बाद राशि का भुगतान नहीं करने की स्थिति में कोर्ट के आदेश पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के बैंक ऑफ इंडिया के डोरंडा शाखा के बैंक खाता को फ्रीज कर दिया गया है। जमशेदपुर के डिक्री होल्डर चार ठेकेदारों ने राशि बकाये को लेकर सिविल कोर्ट में केस किया था। जिस पर सुनवाई प¬ात सब-जज प्रथम चंद्रभानु कुमार की अदालत ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड सरकार के बैंक खाता को फ्रीज करने का आदेश दिया। कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए सिविल कोर्ट के नाजीर जीशान इकबाल और प्रोसेस सर्वर सतीश कुमार सिंह व सहायक धर्मेंद्र सिंह ने बैंक जाकर जल जीवन मिशन के बैंक अकाउंट फ्रीज कर दिया। डिग्री होल्डर पार्था कुमार डे, गुरुबड़ी हांसदा, हरिश्चंद्र महतो और अभिजीत कुंडू का पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पास 72 लाख 64 हजार 918 रुपए का भुगतान बकाया है।

### क्या है मामला

पार्था कुमार डे व अन्य वर्ष 2006- 2007 में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार से प्राप्त कायार्देश के आधार पर सुपर स्ट्र^र टॉयलेट का निर्माण किया था। कार्य पूरा होने के बाद विभाग द्वारा उक्त राशि का भुगतान किया जाना था। लेकिन विभाग ने यह कहते हुए उक्तराशि का भुगतान नहीं किया कि सरकार के पास फंड नहीं है। अदालत में सुनवाई के दौरान पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने कार्य पर ही विवाद उठा दिया। कहा कि जितना कार्य किया जाना था नहीं किया गया है। इसके बाद हाईकोर्ट ने उक्त विवाद को स्पष्ट करने के लिए मामले को सुनवाई करने के लिए परमानेंट लोक अदालत में भेज दिया। सुनवाई प¬ात परमानेंट लोक अदालत ने पाया कि कार्य आदेश भी सही है और ठेकेदार द्वारा कार्य को भी पूरा किया गया है। इसके बाद पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार ने परमानेंट लोक अदालत के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी। दोनों पक्षों का बहस सुनने के बाद हाई कोर्ट ने स्वच्छता विभाग को 6% ब्याज के साथ उक्त राशि को 2 माह के भीतर भुगतान करने का आदेश दिया। हाई कोर्ट के उक्त आदेश का विभाग द्वारा अनुपालन करवाने के लिए प्रार्था कुमार डे ने सिविल कोर्ट रांची की अदालत में इजराय मुकदमा 327/2022 दर्ज कराया। जिसके तहत सुनवाई करने के बाद अदालत ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग पर चल रहे बैंक खाता को फ्रीज करने का आदेश दिया।

### अर्पिता महिला मंडल ने सीसीएल मुख्यालय में किया पौधारोपण



रांची। सीसीएल में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत अर्पिता महिला मंडल ने पर्यावरण को समर्पित पौधारोपण सीसीएल ऑफिस, दरभंगा हाउस, परिसर में किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मातृत्व का सम्मान करना और माताओं के नाम पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना था। सीसीएल की प्रथम महिला और अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा, श्रीमती प्रीति सिंह ने इस अभियान का नेतृत्व किया, जिसमें अर्पिता महिला मंडल की सदस्यों ने कार्यालय परिसर में सक्रिय रूप से पौधारोपण किया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण के महत्व को उजागर करना है, बल्कि समुदाय को उनके माँ के नाम पर प्रकृति के प्रति सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित करना भी है। सीसीएल की ऐसी सार्थक पहलों के प्रति प्रतिबद्धता इसके कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति दृढ़ संकल्प को और मजबूत करती है। इस अवसर पर श्रीमती रीता मिश्रा, श्रीमती शशि दुहान, श्रीमती किरण झा, श्रीमती इंदु मिश्रा, श्रीमती रूपा रानी, और अर्पिता महिला मंडल के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# झारखंड में संगठन को मजबूत कर चुनाव लड़ने की तैयारी में है पार्टी : चिराग पासवान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा चुनाव को लेकर लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान सोमवार को रांची पहुंचे। एयरपोर्ट पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में चुनाव हो रहे हैं या होने वाले हैं, वहां हम अपने संगठन को मजबूत कर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। पार्टी की राज्य इकाई द्वारा यह तय किया जा रहा है कि गठबंधन के तहत चुनाव लड़ना है या पार्टी को अकेले ही लड़ना है।



चिराग पासवान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सोमवार को लातेहार और पलामू में कार्यक्रम है, उसके बाद 29 को धनबाद और 6 अक्टूबर को जमशेदपुर में कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से राज्य इकाई द्वारा यह तय किया जाएगा कि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास की भूमिका क्या होगी। सीएम की टिप्पणी पर मीडिया द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव से पता चलेगा कि किसकी क्या हैसियत है। फिलहाल हम मजबूती से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं।

### प्रदेश पदाधिकारियों के साथ की बैठक

लातेहार जाने से पहले केंद्रीय मंत्री और लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने लोजपा प्रदेश कार्यालय में बैठक की। बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान के अलावा पार्टी के प्रदेश प्रभारी और जमुई सांसद अरुण भारती, सहप्रभारी और सांसद राजेश वर्मा आदि मौजूद थे। बैठक में झारखंड विधानसभा चुनाव में पार्टी की भूमिका और सांगठनिक स्थिति पर चर्चा की गई।

### तिरुपति प्रसाद विवाद पर जताई चिंता

तिरुपति मंदिर के प्रसाद को लेकर उठे विवाद पर चिंता जताते हुए चिराग पासवान ने कहा है कि यह करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा मामला है और इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसमें जो भी दोषी होगा, सरकार आपको आश्वस्त करना चाहती है कि उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी, ताकि भविष्य में ऐसी कोई घटना दोबारा न हो।

### अमर्यादित भाषा का प्रयोग उचित नहीं

झारखंड के एक विधायक द्वारा बिहार के लोगों के प्रति की गई विवादित टिप्पणी पर नाराजगी जताते हुए चिराग पासवान ने कहा कि अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना ठीक नहीं है। 20-22 साल पहले बिहार और झारखंड एक ही राज्य थे। हमारा संविधान साफ तौर पर कहता है कि वह किसी भी नागरिक को कहीं भी रहने, काम करने और कामकाज करने का अधिकार देता है, ऐसे में वही लोग ऐसी भाषा का प्रयोग करते हैं जो जातिवाद, संप्रदायवाद और क्षेत्रवाद को प्राथमिकता देते हैं।

# कथनी और करनी

हकीकत है कि संसदीय चुनाव और विधानसभा चुनाव में अकसर अलग-अलग मुद्दे प्रभावी होते हैं। ऐसे में एक साथ चुनाव कराये जाने पर एनडीए के साथ गठबंधन न करने वाली क्षेत्रीय पार्टियों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। निस्संदेह, लोकतंत्र में सभी राजनीतिक दलों के लिये समान अवसर उपलब्ध होना जरूरी है। यह भारतीय जनता पार्टी के हित में होगा कि वह एक राष्ट्र, एक चुनाव, के मुद्दे पर आम सहमति बनाने के लिये कड़ी मेहनत करे। साथ ही इसके व्यावहारिक पहलुओं को लेकर हितधारकों द्वारा उठाये गए संदेहों को दूर करने का प्रयास करे। निश्चिय ही यह राजग के लिये बड़ी चुनौती होगी क्योंकि इस बार विपक्ष पहले के मुकाबले मजबूत भी है और एकजुट भी है। इसमें दो राय नहीं कि यह बात तार्किक है कि एक राष्ट्र, एक चुनाव का प्रयास शासन में सुनिश्चितता लाएगा। वहीं बार-बार के चुनाव खचीर्ले होते हैं। दूसरे राज्य-दर-राज्य लंबी आचार संहिता लागू होने से विकास कार्य भी बाधित होते हैं। साथ ही साथ शासन-प्रशासन व सुरक्षा बलों की ऊर्जा के क्षय के अलावा जनशक्ति का अनावश्यक व्यय होता है। लेकिन वहीं दूसरी ओर इसके लागू होने से भारतीय संघीय ढांचे के लिये जो चुनौती पैदा होगी, उसे भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वैसे इस बार यदि केंद्र सरकार हरियाणा व जम्मू कश्मीर के साथ-साथ महाराष्ट्र व झारखंड में भी विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का प्रयास करती तो एक राष्ट्र,एक चुनाव के गुण-दोषों का मूल्यांकन करने में मदद मिलती। लेकिन केंद्र ने अपनी राजनीतिक सुविधा व समीकरणों के लिये ऐसी ईमानदार कोशिश नहीं की। कथनी और करनी का फर्क लोकतंत्र के लिये खतरनाक है। विगत लोकसभा चुनाव जिस प्रकार लंबा रखा गया उससे भी संदेश अच्छा नहीं गया और भाजपा सहित राजग को नुकसान उठाना पड़ा।

## आज का राशिफल

**मेष : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। शुभांक-5-6-7**

**वृष : जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-6-7-9**

**मिथुन : कल का परिश्रम आज लाभ देगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बुद्धिए बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-5-7-8**

**कर्क : संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8**

**सिंह : कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। आपकी योजना से लोग प्रभावित होंगे। शुभांक-3-5-7**

**कन्या : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-6-8**

**तुला : राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-5-7-9**

**वृश्चिक : आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-2-5-7**


**धनु : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-1-5-7**

**मकर : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्रम बदलने होंगे। व्यापार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। शुभांक-1-2-6**

**कुंभ : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आय के स्त्रोत बनेंगे। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। शुभांक-2-6-8**

**मीन : ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-4-9**

## कार्टून वर्ल्ड




# जनकल्याण के मकसदवाली पूंजी की सीमा




- कनिका दत्ता

> हैरानी की बात यह है कि 2008 के वित्तीय संकट ने पुनर्विचार का मौका नहीं दिया जबकि यह संकट ही पिरामिड के निचले स्तर के ग्राहकों को ज्यादा आवास ऋण देने की वजह से पैदा हुआ था। इस संकट ने लेखा-जोखा और जवाबदेही से जुड़े पुराने जोखिम को फिर से जगजाहिर किया। यही बात सामुदायिक विकास या पर्यावरण के विकास में असर डालने वाले निवेश पर भी लागू हुई।

**पिछले** सप्ताह की दो खबरों पर गौर करें। पहली यह कि घाटे में चल रही अक्षय ऊर्जा कंपनी सुजलॉन एनर्जी ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पावर फाइनैंस कॉर्पोरेशन से 4,200 करोड़ रुपये के राहत पैकेज की मांग की है। दूसरी खबर में जीवाश्म ईंधन वाली दिग्गज कंपनी बीपी ने आठ वर्षों में अपना उच्चतम मुनाफा दर्ज किया है। सुजलॉन के संकट और बीपी के अच्छे मुनाफे के बीच का अंतर काफी कुछ बयां कर रहा है।

सुजलॉन का घाटा बढ़ने की असली वजह, परिचालन से जुड़ी दिक्कतों मसलन कच्चे माल की लागत बढंने परियोजनाओं की भरमार दिखने के साथ ही पवन ऊर्जा पर शुल्क का दबाव बढ़ है। जबकि बीपी को, यूक्रेन में भू-राजनीतिक संकट की वजह से तेल और गैस की कीमतों में आई तेजी का फायदा उठाने का मौका मिला है।

सुजलॉन ने पर्यावरण, समाज और संचालन (ईएसजी) में निवेश करने का शुरूआती रुझान दिखाया था। इसकी नाकामी ईएसजी निवेश से जुड़े जोखिमों को भी उजागर करती है। हालांकि इस निवेश की रफ्तार जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते के बाद बढ़ी है।

इस विंड टर्बाइन निमार्ता कंपनी का 6,640 करोड़ रुपये का कर्ज है और इसमें आईडीएफसी पीई, ओलिंपस और एशिया क्लाइमेट पार्टनर्स जैसी ब्लू-चिप निजी इक्विटी कंपनियों और यहां तक कि सन फार्मा के दिलीप सांघवी की दिलचस्पी भी थी। अमेरिका में इसकी सहायक कंपनी ने दिवालिया होने की अर्जी दी है और कंपनी ने सरकारी राहत पैकेज की मांग की है।

दुनिया भर में ईएसजी में निवेश को वैश्विक निवेश की निरंतरता के संदर्भ में देखा जा सकता है जिसमें 21वीं सदी के शुरूआती दौर के लेखा से जुड़ी धोखाधड़ी जैसे कि एनरॉन, वर्ल्डकॉम, फ्रेडी मैक, एआईजी जैसे मामलों में तेजी आई। शीत युद्ध के दौर में साम्यवाद पर पूंजीवाद की जीत के लगभग एक दशक बाद हुए ये घोटाले स्वतंत्र उद्यमों के अनैतिक पक्ष की याद दिलाते हैं।

दावोस और अन्य वैश्विक वार्ता मंचों की चर्चा, पूंजीवाद को बचाने के तरीकों पर केंद्रित रही और इसके तहत ही उभरते बाजारों में ऐसे निवेश पर जोर देने की बात हुई जिसमें मुनाफा कमाने के साथ ही अच्छा काम भी किया जाए। मसलन गरीबी दूर करने जैसे अभियान के लिए 'अनुकंपा या उदार पूंजी' और 'प्रभाव निवेश' की धारणाएं उभरीं। इन अवधारणाओं के मुताबिक पूंजीवाद को केवल मुनाफे की ताकत नहीं बनना चाहिए, बल्कि बेहतर सामाजिक प्रभाव का एक स्त्रोत भी होना चाहिए।

बिल गेट्स इस अवधारणा के शुरूआती समर्थकों में थे। सामुदायिक विकास के मकसद से अनुकंपा वाली पूंजी की विशाल मात्रा वैश्विक बाजारों में आ गई जिससे गरीब देशों में स्वास्थ्य सेवा, बुनियादी ढांचे और शिक्षा पर केंद्रित प्रभाव डालने वाले निवेश फंड का दायरा बढ़ा।

नए युग के पूंजीपतियों ने प्रबंधन गुरु सी के प्रह्लाद से प्रमाणित सिद्धांत हासिल किया। उन्होंने, 'दि फॉर्च्यून एट दि बॉटम ऑफ द पिरामिड' लिखा जिसमें गरीबों की मदद करने और मुनाफा कमाने के लिए तर्क दिया गया। कई केस स्टडी में 'गरीबों की मदद करने' वाला हिस्सा दरअसल 'लाभ कमाने' के हिस्से के बाद का विचार प्रतीत होता है।

हैरानी की बात यह है कि 2008 के वित्तीय संकट ने पुनर्विचार का मौका नहीं दिया जबकि यह संकट ही पिरामिड के निचले स्तर के ग्राहकों को ज्यादा आवास ऋण देने की वजह से पैदा हुआ था। इस संकट ने लेखा-जोखा और जवाबदेही से जुड़े पुराने जोखिम को फिर से जगजाहिर किया। यही बात सामुदायिक विकास या पर्यावरण के विकास में असर डालने वाले निवेश पर भी लागू हुई।

ये निवेश उन देशों में किए गए जहां कमजोर कानून या कानून की उपस्थिति न के बराबर थी और संस्थागत शासन तंत्र के साथ-साथ बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा था। अब ऐसे हालात में यह कैसे निर्धारित किया जाए कि गरीबों का एक अस्पताल या एक बिजली संयंत्र उस उदार और अनुकंपा वाली पूंजी की सफलता का परिचायक था?

इसका जवाब स्पष्ट नहीं था और इसी वजह से विश्व स्तरीय फजीर्वाड़ा करने वाले अबराज कैपिटल के पाकिस्तानी संस्थापक आरिफ नकवी जैसे लोगों के लिए दरवाजे खुल गए। वैश्विक गरीबी को खत्म करने के लिए पहले पूंजी निवेश और मुनाफा बनाने की इस सम्मोहक कहानी ने बिल गेट्स, एडगर ब्रॉनफमैन, जॉन केरी, प्रिंस चार्ल्स, क्लॉज श्वाब, बैंक ऑफ अमेरिका, मैकिंजी, केपीएमजी, हैमिल्टन लेन, विश्व बैंक के साथ-साथ अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस की सरकारों को भी बेवकूफ बनाया। अबराज ने भारत, पाकिस्तान, नाइजीरिया, घाना, तुर्की और कई अन्य देशों की कल्याणकारी परियोजनाओं के लिए शीर्ष वैश्विक निवेशकों से पूंजी जुटाई और इसके लिए वैसी फर्जी कहानी बुनी गई जो दुनिया के अमीर निवेशक सुनने के लिए और निवेश के लिए भी तैयार थे।

हालांकि ऐसा नहीं है कि ईएसजी फंड का पूरा उद्गम ही फर्जी है। लेकिन तथ्य यह है कि जलवायु परिवर्तन के एजेंडे के समर्थन से वास्तव में ईएसजी निवेश में तेजी आती है जो असरदार निवेश तो है लेकिन साथ ही इसमें सतर्कता का स्तर बढ?ा चाहिए। पिछले साल मई में अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग ने एक ईएसजी-केंद्रित जोखिम वाली चेतावनी जारी की जो अपर्याप्त खुलासा, भ्रामक दावों और ईएसजी निवेश विश्लेषण की अपर्याप्त जानकारी के संकेत देती है।

यह एक समस्या है। दूसरी समस्या बदलने वाली राष्ट्रीय नीतियां हैं, विशेष रूप से उभरते बाजारों में जहां निवेश का अंदाजा लगाना मुश्किल है। उदाहरण के लिए, भारत में विनियमित ऊर्जा मूल्य निर्धारण की लंबे समय से दिख रही समस्याएं अक्षय ऊर्जा कारोबार में जटिलता की परतों को जोड़ती हैं। इसी तरह ज्यादा जीवाश्म ईंधन का उपयोग करने वाली कंपनियां अक्षय ऊर्जा से मिलने वाली बिजली में मामूली निवेश या कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व वाली परियोजनाओं पर जोर देना चाहती हैं ताकि ईएसजी पूंजी हासिल की जा सके।

## लेटर टू एडिटर

### तेल की कीमतें

**अंतर्राष्ट्रीय** बाजार में तेल की कीमतें हाल के दिनों में 72 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई हैं, लेकिन भारत की सरकार ने उपभोक्ताओं को कोई राहत नहीं दी। लेख में बताया गया है कि जब भी तेल की कीमतें बढ़ती हैं, उपभोक्ताओं से वसूली की जाती है, लेकिन गिरावट पर कोई कटौती नहीं की जाती। तेल की आपूर्ति में कमी नहीं आई है। भारत, रूस से सस्ता तेल खरीद रहा है।

**- रविकांत, रांची**

### रेलवे सुरक्षा की फिक्र

**देशभर** में रेल पटरियों पर रुकावटें डालकर बड़े षड्यंत्र को अंजाम देने की कोशिशें हो रही हैं। सिलेंडर, लकड़ी, लोहे की छड़ें और सीमेंट ब्लॉक रखकर दुर्घटनाएं करने के प्रयास चिंताजनक हैं। कई बार लोको पायलट की सूझबूझ से अनहोनी टल गई है, लेकिन यह गंभीर चिंता का विषय है। एनआईए जांच कर रही है फिर भी यह चिंता का विषय है।

**- शिवशंकर, गुमला**

## एक्स - ट्वीट

**विश्व** शतरंज मेंहमारे खिलाड़ियों ने स्वर्ण जीतकर एक कीर्तिमान स्थापित किया। देश के इस गौरव गान के लिये पूरा देश गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

**- नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री**

**जम्मू-कश्मीर** का राज्यत्व खत्म कर भाजपा सरकार ने प्रदेशवासियों को जिन मौलिक सुविधाओं से विहीन किया है, उन्हें वापस दिलाने जा रहा है।

सभी को सस्ती और सुचारू स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए

राजस्थान की चिरंजीवी योजना के तर्ज पर 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा

हर ज़िले में सुपर स्पेशलिटी अस्पतालमैं संसद में आपका सिपाही हूं - आप मुझे हुकुम दें।

**- राहुल गांधी, सांसद**

# ऐसे विचार से देश का विकास बंध जायेगा

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

स्मरण

**हिजाब** और बुर्के का औचित्य डेढ़ हजार साल पुराने अरब देश में बिल्कुल ठीक था लेकिन आज की दुनिया में इसका कोई महत्व नहीं रह गया है। यदि हिजाब और बुर्का इस्लाम का अनिवार्य अंग है तो क्या बेनजीर भुट्टो, मरियम नवाज शरीफ, शेख हसीना, काबुल की शहजादियां मुसलमान नहीं हैं?

कर्नाटक के उच्च न्यायालय में हिजाब के मुद्दे पर अभी बहस जारी है लेकिन अंतरराष्ट्रीय इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईसी) ने भारत के खिलाफ अपना बयान जारी कर दिया है। उसने पहले धारा 370 हटाने के विरोध में भी बयान जारी किया था। पाकिस्तान के मुल्ला-मौलवी और नेता भी एकतरफा बयान जारी करने में एक-दूसरे से आगे निकल रहे हैं। कर्नाटक की अदालत में हिजाब का पक्ष रखनेवाले वकील हिंदू हैं और वे जो तर्क दे रहे हैं, वे ऐसे हैं, जिन पर खुले दिमाग से विचार किया जाना चाहिए। उनका तर्क यह है कि जब हिंदू औरत के सिंदूर,



बिंदी और चूड़ियों, सिखों की दाढ़ी-मूंछ और पगड़ी तथा ईसाइयों के क्रॉस पहनने पर कोई प्रतिबंध नहीं है तो मुस्लिम महिलाओं के बुर्के और हिजाब पर प्रतिबंध की क्या तुक है? क्या ऐसा करना पूर्णतः सांप्रदायिक कदम नहीं है? क्या यह इस्लाम और मुसलमानों पर सीधा आक्रमण नहीं है? हिजाब के बहाने यह मुस्लिम लड़कियों को शिक्षा से वंचित करने का कुप्रयास नहीं है? ये तर्क बहुत वाजिब दिखाई पड़ते हैं लेकिन अभी कर्नाटक में हिजाब के सवाल ने जैसा सांप्रदायिक और राजनीतिक रुप धारण कर लिया है, यदि हम उससे जरा अलग हटकर सोचें तो यह मूलतः नर-नारी समता का सवाल है! यदि हिजाब धार्मिक चिन्ह है तो इसे औरतों के साथ-साथ मर्द भी क्यों नहीं पहनते? आजकल औरत और मर्द- सभी मुखपट्टी (मास्क) पहनते हैं, वैसे ही वे हिजाब भी पहन सकते हैं। सिर्फ औरतें ही क्यों हिजाब पहनें? उनका गुनाह क्या है? और फिर मुस्लिम औरतों को ही यह सजा क्यों है? हिंदू और ईसाई औरतें भी इसे क्यों नहीं पहनें? हिजाब, बुर्का, घूंघट, सिंदूर, बिंदी, चूड़ी, भगवान दुपट्टा आदि इनमें से किसी भी चीज को पहनने का आदेश किसी ईश्वर, अल्लाह या अहुरमज्द का नहीं है। ये सब परंपराएं मुनष्यों की बनाई हुई हैं और ये देश-काल के मुताबिक चलती हैं।

हिजाब और बुर्के का औचित्य डेढ़ हजार साल पुराने अरब देश में बिल्कुल ठीक था लेकिन आज की दुनिया में इसका कोई महत्व नहीं रह गया है। यदि हिजाब और बुर्का इस्लाम का अनिवार्य अंग है तो क्या बेनजीर भुट्टो, मरियम नवाज शरीफ, शेख हसीना, काबुल की शहजादियां मुसलमान नहीं हैं? मैंने तो उन्हें कभी भी अपना चेहरा छिपाते हुए नहीं देखा! शरीर के गुप्तांग औरत और मर्द सभी ढकें, यह तो जरुरी है लेकिन चेहरे को छिपाए रखने की पीछे तर्क क्या है? चेहरा तो आपकी पहचान है। चेहरा तो वो ही छिपाता फिरता है, जो चोर, डाकू, तस्कर या अपराधी हो। किसी तिलक, बिंदी, चोटी, जनेऊ, दाढ़ी-मूंछ, पगड़ी, दुपट्टा, तुर्की टोपी, शेरवानी, सलवार-कमीज, गतरा (अरब), चोंगा (ईसाई), किप्पा (यहूदी टोपी) आप पहनना चाहें तो जरुर पहनें। आप अपनी मजहबी या सांप्रदायिक या जातीय पहचान का दिखावा करना चाहते हैं तो जरुर करें। लेकिन कोई भी औरत या मर्द अपना मुंह क्यों छिपाए? मुखपट्टी तो जैन मुनि भी लगाते हैं लेकिन उसका उद्देश्य अपना मुंह या पहचान छिपाना नहीं है बल्कि उनकी गर्म सांस से कोई जीव-हिंसा न हो जाए, उनका यह उद्देश्य रहता है। औरतों पर हिजाब, नकाब और बुर्का लादना तो उनकी हैसियत को नीचे गिराना है।

# कांग्रेस की भयंकर भूलों को मोदी के सिर मढ़ने में जुटे राहुल

**विकास सक्सेना**

सामयिक

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपनी अमरीका यात्रा के दौरान सिखों के साथ धार्मिक भेदभाव के निराधार आरोप लगाए हैं। इस तरह के बयान अलगाववाद को हवा देकर देश की एकता व अखण्डता के लिए घातक साबित हो सकते हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि तमाम प्रयासों के बावजूद आम मतदाताओं को लुभा पाने में नाकाम राहुल गांधी ने विभाजनकारी एजेण्डे पर आगे बढ़ने का मन बना लिया है। इतना ही नहीं, कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों ने अनेक जघन्य आपराधिक भूलें की हैं। इन पर सवाल पूछे जाने पर कांग्रेस नेताओं के पास कोई तार्किक जवाब नहीं होता है। इसलिए इन सवालों के जवाब में राहुल गांधी ने कुछ वैसे ही आरोप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार पर मढ़ना शुरू कर दिए ताकि भाजपा को कांग्रेस के जैसा साबित किया जा सके। अमरीका यात्रा के दौरान उनकी सिखों को पगड़ी पहनने पर रोक जैसी अनर्गल बातें इसी श्रृंखला की कड़ी नजर आती है।

लोकसभा चुनाव 2014 में नरेन्द्र मोदी और दूसरे भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर तीखे हमले किए थे। भ्रष्टाचार, जांच एजेंसियों



के दुरुपयोग और शांतिपूर्ण आंदोलनों को तानाशाही पूर्वक कुचलने के गंभीर आरोपों से घिरी कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों का बचाव कर पाने में पार्टी नेताओं को भारी मुश्किल हो रही थी। ऐसे में देश की जनता ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को मजबूत विकल्प मानते हुए भारी बहुमत से विजयी बनाया। इन चुनावों में कांग्रेस अपना नेता प्रतिपक्ष बनाने लायक भी सीटें नहीं जीत सकी। लेकिन कांग्रेसियों को भरोसा था कि पांच साल बाद सत्ता विरोधी लहर के प्रभाव में देश की जनता का नरेन्द्र मोदी और भाजपा से मोहभंग हो जाएगा और वे कांग्रेस को देश की सत्ता सौंप देंगे।

प्रधानमंत्री मोदी के विरोध में मानस तैयार करने के लिए राहुल गांधी ने चौकीदार चोर है- का अपमानजनक नारा गढ़ा था। उन्होंने राफेल सौदे में अधिक कीमत में विमान खरीदने और पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के गंभीर आरोप नरेन्द्र मोदी पर लगाए थे। राहुल गांधी को पता है कि रक्षा खरीद में घोटाले को देश की जनता स्वीकार नहीं करती है। बोफोर्स तोप की खरीद में हुए घोटाले के आरोपों के कारण ही उनके पिता राजीव गांधी को सत्ता से बेदखल होना पड़ा था। इतना ही नहीं उनके पिता के नाना और देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के समय में हुए जीप खरीद घोटाले को लेकर आज तक उनकी आलोचना की जाती है। इसके अलावा अगस्ता वेस्टलैण्ड हेलीकॉप्टर खरीद के मामले में खुद राहुल गांधी के परिवार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। हालांकि लोकसभा चुनाव 2019 में देश की जनता ने राफेल खरीद में घोटाले के आरोपों पर कोई खास ध्यान नहीं दिया और एक बार फिर नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पहले की अपेक्षा मजबूत सरकार बन गई।

लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा को पिछले चुनाव से ज्यादा बड़ी सफलता मिलने और एक बार फिर अपना नेता प्रतिपक्ष बनाने लायक लोकसभा सीटें जीतने में नाकाम कांग्रेस के नेता भारी निराशा में डूब गए। इन चुनावों में मिली हार के बाद राहुल गांधी ने मोदी पर फिर से पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के आरोप लगाए। इसके अलावा उन्होंने अडाणी को लाभ पहुंचाने के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम का निवेश उनकी कम्पनियों में कराने का आरोप भी लगाया। ये आरोप नेहरू सरकार में हुए मूंदड़ा घोटाले जैसे ही थे।

इस मामले को राहुल गांधी के दादा फिरोज गांधी ने अपने ससुर पंडित नेहरू की सरकार के विरोध में तीखे तरीके से उठाया था। उद्योगपति माधव प्रसाद बिड़ला के करीबी रिश्तेदार हरिदास मूदड़ा ने तत्कालीन केंद्रीय मंत्री और अधिकारियों को प्रभाव में लेकर छह कम्पनियों के एक करोड़ 26 लाख रुपए से अधिक के शेयर एलआईसी को बेच दिए थे लेकिन ये शेयर पहले ही कहीं और गिरवी रखे हुए थे। ये घोटाला इसलिए संभव हो सका क्योंकि उस समय शेयरों का लेनदेन ऑनलाइन न होकर भौतिक होता था। इस मामले में हरिदास मूंदड़ा को 22 साल कैद की सजा हुई और तत्कालीन वित मंत्री टीटी कृष्णामाचारी, वित सचिव एचएम पटेल और एलआईसी के चेयरमैन जीआर कामथ को अपने पद से हटना पड़ा।

# ट्रक पर लदे 37 गोवंशीय पशु बरामद, एक गिरफ्तार

## गुप्त सूचना पर बेड़ो पुलिस की कार्रवाई में मिली सफलता

खबर मन्त्र संवाददाता



बेड़ो। बेड़ो पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सोमवार को बेड़ो महावीर चौक के समीप करीब आठ बजे सुबह 12 चक्का वाले एक ट्रक में अवैध रूप से लोड कर ले जा रहे 37 गौवंशीय पशु को बरामद किया है। वहीं इस सिलसिले में पुलिस ने एक आरोपी को धर दबोचा और गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में बेड़ो थाना में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं इस संदर्भ में बेड़ो थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि एक ट्रक में अवैध रूप से तश्करी के लिए गौवंशीय पशुओं को ठूंस कर ले जाया जा रहा है। इसी सूचना पर थाना प्रभारी नकुल साह के नेतृत्व में सदल बल सघन छापामारी अभियान चलाया गया। इसी दौरान रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के महावीर चौक के समीप पुलिस ने छापामारी के क्रम में एक 12 चक्का वाले ट्रक को रोका और पूछताछ किया। इधर जांच के दौरान पुलिस ने इस ट्रक पर अवैध रूप से तश्करी के लिए ले जा रहे कुल 37 गौवंशीय पशुओं को बरामद कर ट्रक को जब्त कर लिया। वहीं पुलिस ने एक आरोपी मोजिद अंसारी पिता मोहिब अंसारी ग्राम पंडरी, थाना चान्हों,जिला रांची निवासी को धर दबोचा। साथ ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि इस संदर्भ में पशु क्रुरता अधिनियम के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पशुओं को तश्करी के लिए छत्तीसगढ़ से रांची जिला के नगड़ी ले जाया जा रहा था।गोवंशीय पशु को बरामदगी की सूचना पर पशु चिकित्सक सभी पशुओं का परीक्षण किया। वहीं बेड़ो पुलिस पशु तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने में जुट गई है।

# रातू सीएचसी में अल्ट्रासोनोग्राफी और डायलिसिस की सुविधा बहाल

- लिफ्ट का भी होगा इंतजाम
- लगेगा अतिरिक्त ट्रांसफार्मर

खबर मन्त्र संवाददाता



रातू। गुमला के घाघरा और बुंडू के बाद सीएचसी में एमओआईसी डॉ सुजीत कश्यप की पहल पर हंस फाउंडेशन की ओर से तीन डायलिसिस यूनिट और अल्ट्रासोनोग्राफी की सुविधा शुरू की गयी है। हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने इसका उद्घाटन किया। उन्होंने एक ट्रांफार्मर देने की घोषणा करते हुये लिफ्ट लगाये जाने की जोरदार वकालत की। क्षेत्रीय उप निदेशक डॉ विनोद कुमार व जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत ने भी अपनी बातें रखी। अतिथियों ने आयुष्मान आरोग्य शिविर का निरीक्षण कर इसकी प्रशंसा की। इसमें ग्रामीणों को इलाज, दवा, जांच व जरूरी परामर्श दिये गये। यूनिट से आर्थिक रूप से कमजोर मरीज व जरूरतमंदों को लाभ मिलेगा। वहीं, अल्ट्रासोनोग्राफी से गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क जांच की सुविधा मिलेगी। संचालन डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह ने किया।

### समारोह में इन्होंने लिया हिस्सा

सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, डॉ सुजीत कश्यप, उप प्रमुख रियाजुल अंसारी, जेम्स खलखो, डॉ आईएस होरो, डॉ ज्योत्स्ना, बीपीएम वैशाली कृष्णा, बीपीएम अभिषेक कुमार तिवारी, सांसद प्रतिनिधि शिवपूजन साहू, कांग्रेस नेता अतुल राज, भाजपा के रूपेश महतो, सुबोध साहू, अमित कुमार, प्रकाश गोप, मो सालिक, प्रभात रंजन, प्रवीण कुमार आदि।

## स्पीड न्यूज

### सालहन और चैनगड़ा गांव में जंगली हाथियों का उत्पात



टाकुरगांव। बुढ़मू प्रखंड के सालहन व चैनगड़ा गांव में जंगली हाथियों के झुंड ने रविवार की रात्रि भी नुकसान पहुंचाया। इस क्रम में 22 जंगली हाथियों के झुंड ने सालहन निवासी गबेश्वर महतो के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही बासमती देवी के खेत लगे मकई के फसल को पूरी तरह बर्बाद कर दिया। साथ ही चैनगड़ा गांव निवासी सोहन मुंडा,अजय पाहन,मालती देवी,अंजु देवी,पनेनाथ गंझु के धान को भी नुकसान किया। सोमवार की सुबह प्रमुख सत्यनारायण मुंडा ने पीड़ित परिवारों से मिलकर हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

### अनगड़ा : अलग-अलग सड़क हादसे में दो घायल

अनगड़ा। सोमवार की रात करीब आठ बजे हुयी दो अलग अलग सड़क हादसे में दो लोग गम्भीर रूप से जखमी हो गए। बताया गया कि रिंग रोड तुरुप पुल के पास एक ब्रेक डाउन पिकप ट्रक को एक बाईक सवार ने धक्का मारा जिससे बाईक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया बाईक सवार रंजन महतो महेशपूर लेम्भा टोली का निवासी बताया गया है। इस जगह पर एक सप्ताह के भीतर हुई दूसरी घटना है। वहीं रांची पुरुलिया सड़क पर बेड़वारी बाबा पैलेस होटेल के पास एक ऑटो चालक ने एक साइकिल सवार को धक्का मार दिया जिससे साईकिल सवार दोनो गोराई गम्भीर रूप से जख्मी हो गया वह गोन्दली पोखर का रहने वाला बताया गया है। दोनो घायलों को पी एचसी में प्राथमिक उपचार करवाने के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेजा गया। घटना की सूचना पाकर एएसआई सचिन लकड़ा ने घायलों को रिम्स भेजवाने की व्यवस्था की।

### चूल्हा प्रमुख और आजसू युवा कमेटी का गठन

राहे। प्रखंड अन्तर्गत होटलो पंचायत के सिरिडीह गांव के ऊपर टोला में आजसू चूल्हा प्रमुख का पुनर्गठन एवं आजसू युवा कमिटी का गठन किया गया। बैठक में सभी चूल्हा प्रमुखों को पार्टी के दायित्वों को जिम्मेदारी उठाने के साथ – साथ, पार्टी के अनेक विषय में चर्चा किया गया। युवा कमिटी को पंचायत में संगठन विस्तार की दायित्व दिया गया। मौके पर प्रभारी संजय सिद्धार्थ, प्रखंड अध्यक्ष रंगबहादुर महतो, युवा आजसू राज्य संयोजक सह रांची जिला प्रभारी गदाधर महतो, मनोरंजन भोगता,बीरेंद्र महतो, संतोष दास, बुधराम मुंडा, कमल सिंह मुंडा, अर्जुन स्वांसी कृष्ण मुंडा ,राम मुंडा, सोहन मुंडा, कालीचरण, मुंडा, अतुल स्वांसी, राजू सिंह, राजदीप स्वांसी, अनीता देवी, जयललीता देवी, सहचरी देवी, सरस्वती देवी आदि मौजूद थे।

### हथियारबंद अपराधियों ने ट्रैक्टर, टर्बो चालकों से मोबाइल लूटा

खलारी। मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र व पिपरवार थाना क्षेत्र के सीमांत के धमधमियां जंगल में हथियारबंद अपराधियों ने ट्रैक्टर व टर्बो चालकों से मोबाइल लूटा। सूत्रों से मिली जानकारी व नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि शनिवार को कुछ नकाबपोश हथियार बन्द अपराधियों ने अवैध बालू ढुलाई में लगे ट्रैक्टर व टर्बो चालकों से उनके मोबाइल फोन लूट लिए। बालू ढुलाई नहीं करने की चेतावनी भी दी है, नहीं मानने पर कार्रवाई की भी बात कही है। उधर रविवार की शाम भी बालू ढुलाई में लगे ट्रैक्टर में आगजनी की घटना की सूचना फैल गयी, और पुलिस घटना को लेकर क्षेत्र में भ्रमणशील दिखी। मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने पूछने पर बताया कि किसी भी तरह की छिनतई या आगजनी की घटना नहीं हुई है। इस तरह का कोई भी आवेदन थाना में नहीं दिया गया है।

## सीटू कार्यालय डकरा में कॉ बलिराम सिंह की पुण्यतिथि मनी



खलारी। एन सी ओ ई ए(सीटू) कार्यालय डकरा में यूनियन स्व कॉमरेड बलिराम सिंह की पाँचवी पुण्य तिथि मनाया गया। इस दौरान श्रमिक प्रतिनिधियों ने सर्व प्रथम एक मिनट का मौन रखकर उनके आत्मा के शांति का प्रार्थना किया गया। तत्पश्चात कारीरकर्ताओ ने तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से जनता मजदुर संघ के सी सी एल अध्यक्ष सह जे सी एस सी सदस्य कमलेश कुमार सिंह उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कॉ बलिराम सिंह मजदूर वर्ग के एक प्रखर लीडर थे। प्रबंधन के साथ टेबुल टॉक हो या मजदूरों के बीच बातो को रखना ये दोनो मे प्रवीण थे। मौके पर कमलेश कुमार सिंह,शैलेश कुमार, शैलेन्द्र कुमार सिंह,उदय कुमार सिंह, राम प्रवेश राम, के एम तिवारी,बिनोद सतनामी, बदरुद्दीन, वासिम हसन, रिजवान आलम, मोहम्मद अली, दानिश गनी, मोहम्मद सरफराज, रवि शंकर सिंह, शारदा नंद उपाध्याय मौजूद थे।

## डंडई हेहल में लगा सिगनी दई व कईली दई महोत्सव

## जतरा में दिखी आदिवासी संस्कृति की झलक

- दर्जनों खोड़हेधारी हुये शामिल, अतिथियों ने किया पुरस्कृत

खबर मन्त्र संवाददाता



रातू। प्रखंड के डंडई हेहल स्थित ईंद जतरा टोंगरी में सिगनी दई कईली दई भगवान बिरसा मुंडा और वीर बुधू भगत महोत्सव लगा। महिला मोर्चा की शकुंतला देवी की अगुआई में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दो दर्जन से भी अधिक खोड़हा मंडली पारंपरिक वेश-भूषा के साथ शामिल होकर गीत-नृत्य प्रस्तुत किया। युवक और युवती मांदर की थाप पर थिरक उठे। यहां आदिवासी कला और संस्कृति की झलक देखने को मिली। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, सरना धर्म गुरु बंधन तिग्गा और कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अजय नाथ शाहदेव खास मेहमान थे। अतिथियों ने खोड़हेधारियों को पुरस्कृत कर धरोहर को अक्षुण रखने की अपील की। संचालन सोमनाथ उरांव ने किया।

### इन्होंने निभायी भूमिका

नुसरत परवीन, सुखदेव उरांव, परीना कच्छप, मनौवर अंसारी, बिरसा धान, संदीप तिग्गा, प्रदीप टोप्पो, सोहराई उरांव, विजय तिग्गा, सुरज उरांव, महादेव उरांव, प्रकाश उरांव, मधुपाल उरांव, रमेश उरांव, जितेंद्र उरांव, राजू उरांव, सतीश उरांव, अरविंद टोप्पो, रवि टोप्पो, अनिता देवी, उषा उरांव, पुष्पा उरांव, बंधु उरांव व मनोज उरांव आदि।

## एक नजर में

### दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने रवि साहू



ओरमांझी। श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति पांचा ओरमांझी की बैठक अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार साहू की अध्यक्षता में हुई। दुर्गा मंदिर परिसर पांचा में हुई बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से दुर्गा पूजा व भव्य रूप से रावण दहन कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन के लिए नई समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से रवि साहू को समिति का अध्यक्ष बनाया गया। वहीं सचिव रामनंदन महतो, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार साहू, उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार साहू व शंकर चैरसिया, उपसचिव देवराज करमाली, सचिन करमाली, उपकोषाध्यक्ष गोपाल श्रीवास्तव, विक्की साहू, संरक्षक अषेष्वर लाल गुप्ता, प्रकाश चौधरी, नवीन साहू, बालक महतो व दिलीप महतो को बनाया गया। बैठक में राजधाम साहू, कृष्णनाथ साहू, सुभाष साहू, आनंद महतो, पवन साहू, सेना प्रजापति, सरोज महतो, संजय महता व आषीष साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### मुड़मा के कोटा शक्ति स्थल पर हेमंत सरमा ने मत्था टेका, झारखंड की खुशहाली के लिए प्रार्थना की



मांडर। प्रखंड के मुड़मा स्थित यात्रा कोटा शक्ति स्थल में सोमवार को असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा ने मत्था टेका और झारखंड की खुशहाली के लिए प्रार्थना किया। इससे पहले पड़हा समिति द्वारा उन्हें अंग वस्त्र और बुके देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड के लोगों में काफी ईमानदारी है। यहां के लोगों का आपेक्षिक विकास अभी तक नहीं हो पाया है। झारखंड खासकर के आदिवासी बहुल क्षेत्र है। सरना कोड की मांग के लिए मैं प्रधानमंत्री से बात करूंगा। झारखंड में चल रहे उत्पाद सिपाही बहाली के बारे में उन्होंने कहा कि इस तरह के मौसम में नहीं दौड़ाना चाहिए। मौके पर पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, युवा भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, अरुण उरांव, रामनारायण भगत, नितु कुजूर, जगराम उरांव, अनिल उरांव, बिहारी उरांव, विजय महतो, अरविंद सिंह, गोपाल उरांव समेत सैकड़ो कार्यकर्ता और पड़हा के लोग मौजूद थे।

## संस्कृति की रक्षा के लिये आगे आने की जरूरत

### नगड़ी के दलादिली में करम ईंद जतरा, खोड़हा दलों ने बांधा समां

खबर मन्त्र संवाददाता



रातू/नगड़ी। करम इंद जतरा समिति की ओर से दलादिली में इंद जतरा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रातू और नगड़ी के पहान राजाओं की अगुवाई में 45 गांव का खोड़हा टीमें ढोल-मांदर व पारंपरिक वेश-भूषा में शामिल हुयी। महोत्सव में केंद्रीय सरना समिति अध्यक्ष अजय तिर्की बतौर मुख्य अथिति थे। उन्होंने ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति के साथ-साथ हक और अधिकारों पर भी मंथन करने की जरूरत है। युवाओं की जिम्मेदारी है कि वह समाज को सही दिशा दें। ताकि, हम भी आगे बढ़ने में अग्रसर हो सकें। इससे पूर्व उन्होंने खोड़हेधारियों को पुरस्कृत किया। मौके पर जतरा के संरक्षक सुरेश मुंडा, अध्यक्ष अमित मुंडा, प्रकाश टोप्पो, डॉ कीर्ति सिंह मुंडा, विजय धान, राजू मुंडा, बुधराम उरांव, प्रकाश मुंडा, बिरसु मुंडा, मंगल उरांव, निमा तिर्की व राकेश उरांव आदि मौजूद थे।

## चान्हो : राजीव नगर में सगे भाई ने कर दी भाई की हत्या, फरार

चान्हो। थाना क्षेत्र के राजीव नगर में अपने सगे भाई की हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना रविवार अहले सुबह की है। मृतक का नाम सोनू लोहरा है, जबकि उसके हत्यारे भाई का नाम मन्नू लोहरा है। बताया जाता है कि सोनू लोहार अपनी पत्नी के साथ रांची में काम करता था, शनिवार की रात वह अपने पत्नी और दो वर्षीय बच्ची के साथ अपने घर आया था। राजीव नगर में एक कमरे का उसका मकान है जिसमें उसका छोटा भाई मनु लोहार अपनी पत्नी के साथ रहता था। शनिवार की रात घर आने पर वह भी उसी कमरे में अपनी पत्नी के साथ सोने गया। इसी बात को लेकर दोनों भाइयों में अनबन हुई। मनु लोहरा नहीं चाहता था कि सोनू और उसकी पत्नी बच्चे सहित इस कमरे में रहें। रविवार की सुबह दोनों में बहस शुरू हुई और उसने घर में ही रखे कुदाल से उस पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से जख्मी सोनू को उसकी पत्नी ने घायलावस्था में रूम से बाहर निकाल कर आंगन में बैठा दिया जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर चान्हो पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स में भेज दिया।

### मनरेगा मेठ और मुखिया को दी गई जानकारी

खलारी। खलारी प्रखण्ड के राजीव गांधी सेवा केंद्र सभागार में तीन दिवसीय मनरेगा के द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रखण्ड के 14 हो पंचायत के मुखिया अथवा मनरेगा मेठ कर्मियों को सत्र कर मास्टर ट्रेनर पंकज ठाकुर ने मनरेगा का सातवां रजिस्टर के बारे में विस्तार से जानकारी दिया।

## शौंडिक युवा मंच की टुंडाहोली गांव में बैठक

### विचार-विमर्श

खबर मन्त्र संवाददाता



ओरमांझी। शौंडीक युवा मंच की बैठक रविवार को प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव टुंडाहोली में हुई। युवा मंच के अध्यक्ष अमित कुमार साहू की अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठन के विस्तार व समाज को मजबूत करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष ने कहा प्रखंड के सभी पंचायत में गांव स्तर पर संगठन का विस्तार किया जाएगा। उन्होने समाज के लोगों के साथ युवाओं को मंच से जुड़ने व समाज के प्रति अपनी दायित्व निर्वाह करने का अहवान किया गया। इससे पूर्व मंच के पदाधिकारियों के गांव पहुंचने पर समाज के लोगों द्वारा उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। संचालन महासचिव राजधाम साहू ने किया। मौके पर शौंडिक यूवा मंच के संरक्षक उमाशंकर साहू, कोषाध्यक्ष अजय कुमार साहू, रामचरण साहू, जलेश्वर साहू, राजकुमार साहू, हरदयाल साहू, विजय साहू, नरेश कुमार साहू, त्रिलोचन कुमार साहू, आलोक साहू, बलराम साहू, शत्रुघ्न साहू, विपिन साहू, नीरज साहू, नरेश साहू, त्रिलोचन साहू, अशोक कुमार, विजय साहू, सीताराम साहू, संदीप कुमार साहू, पारसनाथ साहू, निलेन साहू आदि मौजूद थे।

### गणेशपुर में युवक की संदिग्ध हत्या मामले में तीन से पुलिस ने की पूछताछ



ओरमांझी। सोमवार को ओरमांझी पुलिस गणेशपुर गांव पहुंची और तीन लोगों को थाना ले गई। जिनमें दो गणेशपुर व एक बरतुआ की महिला शामिल है। तीनों से पूछताक्ष की गई। पुलिस मामले के उद्भेदन का प्रयास कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों द्वारा हत्या की आशंका जताते हुए थाना में मामला दर्ज कराया गया है, लेकिन किसी पर शक नही जताई गई है। ऐसे में पोस्टमार्ट रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या है या मौत के कारणों की पुष्टि होगी। वहीं पंचायत के पूर्व मुखिया बिनोद बेदिया ने कहा है जो निर्दोष हैं वह फंसे नहीं और जो अपराधी हैं वह बचें नहीं। इसके लिए गांव वाले भी पुलिस को पुरी तरह सहयोग कर रहे है।

### परिवर्तन रथ यात्रा का अनगड़ा में 30 को होगा भव्य स्वागत, रोड शो भी होगा

अनगड़ा। भाजपा की परिवर्तन यात्रा रथ 30 सितंबर को खिजरी विधानसभा के राजाडेरा गांव शाम तीन बजे पंहुचेगी जहां महिलाओं द्वारा स्वागत कर भाजपा कार्यकर्ता 500 मोटरसाइकिल से आगवानी कर टाटीसिलवे ईईएफ मैदान लेकर जाएंगे जहां पर एक भव्य सभा का आयोजन किया गया है।इससे पूर्व गोंदलीपोखर में परिवत्त यात्रा रथ के साथ रोड शो भी किया जाएगा। चर्चा में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेंद्र कुमार पीएसएस जानकी देवी जगेसर महतो पुनीलाल महतो, सोनू महतो, गुरु दयाल मुंडा लालमोहन महतो बालेश्वर महतो, बेनीलाल महतो रफीक खान पवन लोहार उपस्थित थे।

# खेल शारीरिक क्षमता ही नहीं, मानसिक शक्ति को भी बढ़ाता है

## रातू के पाली गांव में फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन समारोह

## प्रतिभावान खिलाड़ियों को सरकार करेगी मदद : महताब अंसारी

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। रातू के पाली गांव में पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन समारोह धूमधाम से हुआ। इसमें क्षेत्र की कई उत्कृष्ट फुटबॉल टीमों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि अजय नाथ सहदेव ने अपने प्रेरणादायक भाषण में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और खेल के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा खेल केवल शारीरिक क्षमता को ही नहीं, बल्कि मानसिक शक्ति और अनुशासन को भी बढ़ावा देता है। विशिष्ट अतिथि झामुमो के महताब अंसारी ने कहा जिस तरह झारखंड की धरती सोना उगलती है उसी तरह यहां की धरती अच्छे खिलाड़ियों को पैदा करती है। जिस तरह हमारे कैप्टन कूल महेंद्र सिंह धोनी ने हमारा राज्य का नाम रोशन किया है उसी तरह यहां के खिलाड़ी राज्य का नाम रोशन करेंगे। प्रतिभावान खिलाड़ी जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं उन्हें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मदद करते हैं। फाइनल मुकाबला अत्यंत रोमांचक रहा, जिसमें यूनाइटेड बड़काटोली ने कड़ी टक्कर देते हुए अंश क्लब कांके को पेनल्टी शूटआउट में पराजित किया। तृतीय पुरस्कार बनापीड़ी की टीम ने और चतुर्थ पुरस्कार सुमित ब्रदर्स रानी खटंगा हासिल किया। श्री अजायनाथ सहदेव, महताब अंसारी और कमरूल हक ने विजेताओं को पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की। साथ ही सभी खिलाड़ियों की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों को अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने का मंच मिलता है और युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

### मौके पर थे मौजूद

कार्यक्रम के अंत में आयोजकों और समर्थकों का विशेष रूप से धन्यवाद किया गया। मौके पर सामी अंसारी, तैयब अंसारी, अमित तिवारी, मुश्ताक अंसारी, आसिफ अंसारी, तहमीद अंसारी, इम्तियाज अंसारी, सुल्तान अंसारी, मामुल अंसारी, अमन आदि मौजूद थे।

### सेमीफाइनल में पहुंची टीएफसी मांडर की टीम



बेड़ो। बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में सरना क्लब बेड़ो के तत्वाधान में चल रहे पांच दिवसीय मुकेश तिर्की स्मृति प्राइज मनी फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन सोमवार को तीन मैच खेले गए।पहला नव युवक संघ प्रयागो बनाम बबलू ब्रदर्स असरो के बीच हुआ इस मैच में प्रयागो ने 1–0 मैच जीत लिया। दूसरा मैच टीएफसी मांडर बनाम अमर ज्योति क्लब कूर्गी के बीच खेला गया।इसमें मांडर ने पेनाल्टी में 4–3 से मैच जीत लिया। तीसरा मैच टीएफसी मांडर व नव युवक संघ प्रयागो के बीच खेला गया। जिसमें मांडर 2–0 से जीत दर्ज कर सेमी फाइनल में पहुंची। मैन ऑफ द मैच हरि उरांव, ओशिवन पूर्ति व अनीश टोप्पो को दिया गया। मौके पर संरक्षक जुगेश उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

परिवर्तन संकल्प रैली व सभा में उमड़ी भीड़, राज्य सरकार पर जमकर बरसे अनुराग ठाकुर, कहा

# झारखंड में जनकल्याण की नहीं जेहाद की सरकार, उखाड़ फेंकें

खबर मन्त्र संवाददाता

**उंटारी रोड/ विश्रामपुर।** भाजपा के फायर ब्रांड नेता सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि झारखंड में जनकल्याण की नहीं बल्कि जेहाद की सरकार है। सीएम हेमंत सोरेन के संरक्षण में लव जेहाद से लेकर लैंड जेहाद तक चल रहा है। मासूम आदिवासी बच्चियों को लव जिहाद में फंसाने बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठी रैकेट चला रहे हैं। मूलवासियों की जमीन लूटी जा रही है, जिससे राज्य की डेमोग्राफी बदल रही है। प्रदेश का अस्तित्व खतरे में पड़ते जा रहा है। श्री ठाकुर सोमवार को विश्रामपुर विस क्षेत्र के उंटारी प्रखंड मुख्यालय में भाजपा द्वारा आयोजित परिवर्तन संकल्प रैली के सभा में उमड़ी महती सभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने झारखंड सरकार पर तीखा प्रहार किया। कहा कि झामुमो - कांग्रेस की सरकार ने प्रदेश में लूट की छूट दे रखी है। प्रदेश के खनिज संपदाओं को लुटा जा रहा है। जल जंगल जमीन को बेचा जा रहा है। यह सरकार केंद्र प्रायोजित योजनाओं की भी राशि का बंदरबांट कर रही है। कांग्रेस के एक सांसद के पास से साढ़े तीन करोड़ रुपया बरामद हुआ। राज्य के एक मंत्री के पीए के नौकर के पास से करोड़ों रुपए मिले। श्री ठाकुर ने उत्पाद सिपाही भर्ती के अभियार्थियो की मौत पर भी राज्य सरकार को घेरा। कहा कि इनकी गलत नीतियों के कारण 17 घरों का चिराग बुझ गया। प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट हो गई है इसलिए झारखंड में परिवर्तन जरूरी है। यह परिवर्तन सत्ता के लिये नहीं बल्कि जनसेवा और विकास के लिए होगा। भाजपा ने अलग झारखंड बनाया है और भाजपा ही राज्य का विकास करेगी। मौके पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि इस सभा के माध्यम से आप सभी संकल्प लीजिए की राज्य की खुशहाली के लिए सत्ता का परिवर्तन करेंगे और यह परिवर्तन सत्ता से ज्यादा व्यवस्था के लिए होगा। पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि जैसे हमने विश्रामपुर विस क्षेत्र का विकास किया है,वैसे ही भाजपा प्रदेश की सत्ता में आई तो झारखंड का भी पूर्ण विकास होगा।



■ सभा में कार्यक्रम प्रभारी सह चतरा के पूर्व सांसद सुनील सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता रामाशीष यादव, जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, भाजपा नेत्री संध्या सिंह, भाजपा गढ़वा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद मेहता, टिकैत चौबे, विभाकर नारायण पांडेय, जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, जवाहर पासवान, बजेंद्र पाठक, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, विपिन बिहारी सिंह, रूपा सिंह, नरेंद्र पांडेय, विजेंद्र पाठक, धर्मदेव सिंह यादव, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विकाश प्रीतम, इदरीश हवारी, बबन राम, अमरेश तिवारी, सुशील ठाकुर, रघुवीर सिंह चंद्रवंशी, सुरेंद्र नाथ तिवारी, नीरज तिवारी, अमित प्रजापति मौजूद थे।



■ **संकल्प सभा में कई लोग हुए भाजपा मे शामिल :** संकल्प महासभा के दौरान कई लोग आज भाजपा में शामिल हुए, जिसमें खैरा विकास मंच के अध्यक्ष ललन पांडेय, कांग्रेस के पूर्व जिला सचिव मनोज शुक्ला, पूर्व पार्षद भारद्वल चौधरी, रामप्यारे विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा व चतुरी राम का नाम प्रमुख है। सभी को पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।

## लातेहार में लॉरेंस विश्नोई गैंग के दो शूटर समेत चार गिरफ्तार

**लातेहार/चंदवा।** देश व विदेश में कई नामचीन हस्तियों को निशाना बनाने का प्रयास करने वाले कुख्यात लॉरेंस विश्नोई गैंग ने लातेहार जिले में कदम रखने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की कार्यकुशलता एवं चंदवा पुलिस की सक्रियता से चंदवा में बड़ी घटना को अंजाम देने फिराक में आये कुख्यात अंतरराष्ट्रीय गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई गैंग के हरियाणा से आये दो शूटरों समेत 4 अपराधियों को चंदवा पुलिस ने सासंग यात्री शेड के पास से दबोचा लिया। सोमवार को लातेहार एसडीपीओ कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए एसडीपीओ अरविंद कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात लॉरेंस विश्नोई गैंग के दो गुर्गे एक स्थानीय आपराधिक गिरोह राहुल सिंह के के इशारे पर चंदवा के एक बड़े व्यवसायी सह समाजसेवी के घर गोली बारी व हत्या करने की योजना बना रहे हैं, सूचना के आलोक में एसडीपीओ अरविंद कुमार व पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार की अगुवाई में टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियान चलाया गया, पुलिस की टीम जैसे ही थाना क्षेत्र अंतर्गत सासंग यात्री शेड के पास पहुंचे वहां पर मौजूद 7-8 की संख्या में मौजूद अपराधी भागने लगे, इसी क्रम में बाइक जेएच 19 ई 8352 से भागने का प्रयास कर रहे 3 अपराधियों को पुलिस द्वारा पकड़ लिया। कुछ अपराधी मौके से भाग निकले। पूछताछ में अपराधियों अपना नाम अश्विनी कुमार पिता श्यामलाल शर्मा व प्रिंस कुमार पिता जश्मेर सिंह (दोनो थाना पेहवा, कुरुक्षेत्र हरियाणा), उमेश कुमार सिंह पिता स्व. महरु सिंह (किता चंदवा) बताया। पकड़े गए अपराधियों के निशानदेही पर चौथे अपराधी सर्विस कुमार यादव पिता भोला यादव (आन चंदवा) को भी दबोच लिया।


**AFFIDAVIT**

I, Birendra Kumar Verma, S/O Bihari Mahto, aged about 35 years, Aadhar no. 3233 8432 9157 by faith and Religion Hindu, Nationality Indian R/o Village Kadodih, P.O. Padariya, P.S. Markacho, District Koderma, do hereby solemnly affirm and declare is as follows:

1. That I am citizen of India.
2. That my son Jimmy Kumar Verma School Grizzly Vidalaya, Telaiya Dam Koderma Jharkhand Admission document mother name mentioned as Kavita Kumari.
3. That my son Jimmy Kumar Verma Admission Register no. 006089 mother name Kavita Kumari wrongly and typing mistake place of Kabita Kumari.
4. That my son Jimmy Kumar Verma mother Aadhar card no. 8672 7653 6210 name mentioned as Kabita Kumari.
5. That my son Jimmy Kumar Verma real mother name is Kabita Kumari
6. That above both the names belongs to me is for me and for same person.
7. That all the contents made in this affidavit are true and correct, if found false I shall be liable for the consequence.

**Verification**

I, Birendra Kumar Verma, do hereby declare that, the statements made above are true and correct to the best of my knowledge, belief and information Verified and signed Koderma on 19.09.2024.


हुंकार रैली कार्यक्रम में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर साधा निशाना

# भ्रष्टाचार के मामले में सीएम जा चुके जेल, पांच सालों में सिर्फ झारखंड को लूटने का किया काम : चिराग पासवान

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला खेल स्टेडियम में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के द्वारा दिन सोमवार को हुंकार रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों लोगों मैजूद थे। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय खाद्य मंत्री सह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, सांसद अरुण भारती, राजेश वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान, झारखंड सह प्रभारी अरविंद सिंह शामिल हुए। वहीं सभी अतिथियों को माला व पुष्प गुच्छा देकर स्वागत किया गया। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि पिछले 5 सालों में झारखंड को सिर्फ लूटने का कार्य किया गया है। यहां के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के मामले में जेल जा चुके हैं। जिससे आप समझ सकते हैं कि झारखंड को कितना लूटा गया है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव होना है। इसलिए क्षेत्र से आप वैसे नेता को चुनकर भेजे जो आपके क्षेत्र का विकास का कार्य करें। उन्होंने कहा कि हमारे पिता स्वर्गीय रामविलास पासवान ने बिहार के साथ-साथ झारखंड के विकास के बारे में भी सोचा था। इसलिए उनके सपने को लोजपा जरूर पुरा करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड खनिज संपदा से परिपूर्ण होने के बावजूद यहां के युवा रोजगार के लिए पलायन कर रहे हैं इसे रोकना जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान झारखंड सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने झारखंड की जनता को शर्मसार किया है सरकार द्वारा चुनाव से पहले जनता से किए गए वादों को पूरा करने की बजाय सरकार में शामिल लोग अपने स्वार्थ को पूरा करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि मैं संकल्प लेता हूं कि झारखंड राज्य को देश के सबसे विकसित राज्यों में शामिल करने का काम किया जाएगा लेकिन इसके लिए राज्य के हर एक युवाओं को एकजुट होकर राज्य के विकास में सहयोग करना होगा। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में लोजपा (रामविलास) मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में शिक्षा की बदहाल स्थित है,युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। वहीं सांसद अरुण भारती ने कहा कि झारखंड के विकास के लिए युवाओं को आगे आना होगा। मौके पर सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि स्वर्गीय रामविलास पासवान ने झारखंड में दलित सेना तैयार किया था। जिला अध्यक्ष राजेंद्र पासवान लातेहार प्रखंड अध्यक्ष सौरभ कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष नागेंद्र प्रसाद ने समेत कई लोगो मौजूद थे।

**संस्कृति कार्यक्रम का हुआ आयोजन :** लोजपा के हुंकार रैली के दौरान संस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें भोजपुरी कलाकार मोनू अलबेला, काव्य कृष्णमूर्ति, ओमप्रकाश अकेला, हेमा पांडेय मुख्य रूप से शामिल हुए। सभी कलाकारों ने अपने कला प्रस्तुत कर सभी दर्शकों का मन मोहा।

## मनिका में लोजपा प्रमुख का स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** प्रखंड स्थित बबन पासवान के आवास पर पासवान समाज एवं कई राजनीतिक दल के लोगों ने लोक जनशक्ति पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह भारत सरकार के मंत्री चिराग पासवान का गर्म जोशी से स्वागत किया गया। मौके पर लोगों नेचिराग पासवान जिंदाबाद रामविलास पासवान अमर रहे का नारा लगाया। मौके पर श्री पासवान को पासवान समाज के संरक्षक सुरेंद्र पासवान, बबन पासवान, मिथिलेश पासवान, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंदीप कुमार, बजरंगी कुमार समेत कई लोगों ने अंग वस्त्र एवं फूल माला देकर स्वागत किया। मौके पर रामजी पासवान, मुरली प्रसाद, विश्वनाथ राय, सुखराज पासवान, अमरदीप पासवान, गोविंद पासवान, सुनील पासवान, आनंद पासवान, शंभू पासवान, श्यामलाल पासवान, शंकर दुबे, रजत कुमार, विकास कुमार, पासवान, शिव राम, विशाल पासवान समेत कई अन्य लोग शामिल है।



चिराग पासवान का स्वागत करते लोग

## राज्यपाल ने बासुकीनाथ में की पूजा अर्चना

**बासुकीनाथ।** राज्यपाल संतोष गंगवार सोमवार को बासुकीनाथ स्थित फौजदारी दरबार पहुंच पूजा-अर्चना कर राज्य की खुशहाली का कामना किया। जिला प्रशासन के आला अधिकारियों ने भव्य स्वागत करते हुए राज्यपाल की अगुवानी की। इसके पश्चात राज्यपाल का कारवां बाबा मंदिर के गर्भ गृह में दाखिल हुआ। यहां राज्यपाल को धार्मिक रस्म पूरा कराने के लिए पैतृक पंडा संग विद्वान पंडितों की टोली मौजूद थी। जिनके सानिध्य में संपूर्ण वैदिक पद्धति से पूरे विधि विधान के साथ पूजा पाठ किया। पूजा के समापन पर मंदिर प्रांगण में बाबा बासुकीनाथ एवं माता पार्वती सहित अन्य देवी देवताओं की आरती उतारी। राज्यपाल के तीर्थ नगरी बासुकीनाथ में आगमन को लेकर जिला एवं स्थानीय प्रशासन ने मुकम्मल तैयारी कर रखी थी। सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम के साथ साफ सफाई की समुचित व्यवस्था की गई थी। इस दौरान जिला एवं स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में पंडा पुरोहित उपस्थित थे।

## नावाडीह प्रखंड क्षेत्र में हाथियों का दस्तक

**बेरमो।** रह रह कर बेरमो, पेटरवार व नावाडीह क्षेत्र में हाथियों का आतंक का मामला सामने आता रहता है। इसी क्रम में आज सुबह से ही नावाडीह प्रखंड के उपरघाट के डेगागढ़ा मे हाथी का उत्पात देखने को मिला। हाथी द्वारा नव प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला डेगागढ़ा मे दरवाजा तोड़ कर लगभग 2 क्विंटल चावल चट कर गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अनुसार यह चावल बच्चों के मिड डे मील का था। अब विधालय में शेष 3 क्विंटल 10 किलो चावल बचे हैं। वही शाम होते होते यह उत्पाती व समुह से भटका हुआ विशालकाय हाथी लिया नामक गांव पहुच गया। हालांकि यहां हाथी ने कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। इसी बीच ग्रामीणों ने वन विभाग को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही वन अधिकार मौके पर पहुचे और गांव वालों की मदद व मशाल की सहायता से उक्त हाथी को जंगल की ओर खदेड़ दिया। ऐसे अभी भी खतरा बना हुआ है क्योंकि उपरघाट का अधिकांश भाग घने जंगलों से ही घिरा हुआ है।

## विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में डीआरडीए से संचालित विभिन्न योजनाओं की गति व धरातल पे हो रहे कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अबुआ आवास, मनरेगा, पीएम आवास, समेत अन्य योजनाओं की क्रमवार समीक्षा की गई एवं वर्तमान प्रगति की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।



बैठक में निर्देशित करती उपायुक्त


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला**

**शुद्धि पत्र**

पी.आर.सं0–335977 (Minor Irrigation)24-25(D) के द्वारा प्रकाशित इस कार्यालय के ई. निविदा आमंत्रण सूचना सं0–MID/GUMLA/F₂-28/2024-25 DT-18.09.2024 में निम्न प्रकार तिथि संशोधित किया जाता है:–

| | |
|---|---|
| Date of Publication of E-Tender on website | 23.09.2024 at 2:00 PM |
| Last date/Time for submission of E-Tender BID's | 28.09.2024 up to 5:00 PM |
| Last Date for Submission of Tender fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 28.09.2024 up to 5:00 PM |
| Date of Opening Tender | 30.09.2024 at 2:00 PM |

निविदा सूचना की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला

PR 336813 Minor Irrigation(24-25).D



**स्थानीय सूचना**
**प्रपत्र VI 'क'**
**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू-अर्जन निदेशालय),या, समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिसूचना**
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)**

संख्या–798 / भू0अ0 दिनांक–18 / 09 / 2024

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता, कोडरमा को यह प्रतीत होता है, कि ग्राम–**खेशकरी** थाना–**जयनगर**, थाना सं0–**72**, अंचल–**जयनगर**, जिला–**कोडरमा** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा **तिलैया से बगड़ो भाया जयनगर पथ के पुर्ननिर्माण** हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1)(ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–**खेशकरी** थाना–**जयनगर**, थाना सं0–**72**, अंचल–**जयनगर**, जिला–**कोडरमा** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोबेश–**1.3150 ए0** यानि **0.5322** हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है.........

ग्राम–**खेशकरी** थाना–**जयनगर** थाना सं0–**72** अंचल–**जयनगर** जिला–**कोडरमा**

| क्रम सं0 | खाता नं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | सर्वे किस्म (भूमि का प्रकार) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 5 | 694 | बकास्त /रैयती | धान तीन | 0.066 | बकास्त लगान पाने वाले–जीतन खां खेवट सं0–2 / 16 | प्लॉट 694 अंश | रास्ता | प्लॉट 673 | प्लॉट 693 |
| 2 | | 763 | बकास्त /रैयती | धान तीन | 0.025 | | प्लॉट 763 अंश | रास्ता | प्लॉट 762 | प्लॉट 766 |
| 3 | | 946 | बकास्त /रैयती | धान तीन | 0.018 | | रास्ता | प्लॉट 946 अंश | प्लॉट 947 | प्लॉट 945 |
| 4 | 7 | 775 | बकास्त /रैयती | टांड एक | 0.06 | बकास्त लगान पाने वाले–मीर खां खेवट सं0–2 / ..... | प्लॉट 775 अंश | रास्ता | रास्ता | प्लॉट 778 |
| 5 | 16 | 676 | | | 0.022 | | प्लॉट 676 अंश | रास्ता | प्लॉट 677 | प्लॉट 673 |
| 6 | 17 | 673 | बकास्त /रैयती | टांड दो | 0.021 | बकास्त लगान पाने वाले–दिलावर खां वगैरह खेवट सं0–2 / | प्लॉट 673 अंश | रास्ता | प्लॉट 676 | प्लॉट 672 |
| 7 | 21 | 780 | बकास्त /रैयती | टांड दो | 0.054 | बकास्त लगान पाने वाले–अली खां खेवट सं0–2 / 11 | प्लॉट 780 अंश | रास्ता | प्लॉट 779 | प्लॉट 783 |
| 8 | 24 | 899 | बकास्त /रैयती | टांड तीन | 0.014 | बकास्त लगान पाने वाला–खेवट नं0–2 / 12 | रास्ता | प्लॉट 899 अंश | प्लॉट 900 | रास्ता |
| 9 | 25 | 947 | बकास्त /रैयती | टांड तीन | 0.013 | बकास्त लगान पाने वाला खेवट नं0–2 / 13 | रास्ता | प्लॉट 947 अंश | प्लॉट 948 | प्लॉट 946 |
| 10 | 29 | 900 | बकास्त /रैयती | टांड तीन | 0.005 | बकास्त लगान पाने वाला–नबी खां खेवट नं0–2 / 14 | रास्ता | प्लॉट 900 अंश | प्लॉट 901 | प्लॉट 899 |
| 11 | 30 | 901 | बकास्त /रैयती | टांड तीन | 0.001 | बकास्त लगान पाने वाला–कादीर खां वगैरह खेवट नं0–2 / 15 | रास्ता | प्लॉट 901 अंश | रास्ता | प्लॉट 900 |
| 12 | | 948 | बकास्त /रैयती | टांड तीन | 0.015 | | रास्ता | प्लॉट 948 अंश | प्लॉट 949 | प्लॉट 947 |
| 13 | 32 | 773 | | | 0.06 | बकास्त लगान पाने वाला–जोहन खां खेवट नं0–2 / 16 | प्लॉट 773 अंश | रास्ता | प्लॉट 771 | प्लॉट 694 |
| 14 | | 898 | | | 0.001 | | रास्ता | प्लॉट 898 अंश | प्लॉट 899 | प्लॉट 894 |
| 15 | | 928 | बकास्त /रैयती | धान खेत तीन | 0.008 | | रास्ता | प्लॉट 928 अंश | रास्ता | रास्ता |
| 16 | 34 | 762 | बकास्त /रैयती | टांड तीन | 0.008 | बकास्त लगान पाने वाले–नजाअली खां खेवट सं0–2 / 17 | प्लॉट 762 अंश | रास्ता | सिमाना जयनगर | प्लॉट 763 |
| 17 | | 786 | बकास्त /रैयती | टांड दो | 0.015 | | प्लॉट 786 अंश | रास्ता | प्लॉट 785 | प्लॉट 787 |
| 18 | | 945 | बकास्त /रैयती | टांड तीन | 0.017 | | रास्ता | प्लॉट 945 अंश | प्लॉट 946 | प्लॉट 944 |
| 19 | 39 | 783 | बकास्त /रैयती | टांड दो | 0.025 | बकास्त लगान पाने वाला–बाकर अली खां खेवट नं0–2 / 18 | प्लॉट 783 अंश | रास्ता | प्लॉट 780 | प्लॉट 784 |
| 20 | | 841 | बकास्त /रैयती | टांड दो | 0.01 | | प्लॉट 841 अंश | रास्ता | प्लॉट 840 | प्लॉट 842 |
| 21 | 41 | 801 | बकास्त /रैयती | टांड तीन | 0.012 | बकास्त लगान पाने वाला–जाहीद अली खां खेवट नं0–2 / 19 | प्लॉट 801 अंश | रास्ता | प्लॉट 800 | प्लॉट 803 |
| 22 | | 863 | बकास्त /रैयती | धान तीन | 0.002 | | रास्ता | प्लॉट 863 अंश | प्लॉट 864 | प्लॉट 862 |
| 23 | 43 | 672 | बकास्त /रैयती | टांड दो | 0.019 | बकास्त लगान पाने वाला–सुभान खां खेवट नं0–2 / 20 | प्लॉट 672 अंश | रास्ता | प्लॉट 673 | प्लॉट 670 |
| 24 | | 770 | बकास्त /रैयती | टांड तीन | 0.013 | | प्लॉट 770 अंश | रास्ता | प्लॉट 769 | प्लॉट 771 |
| 25 | 48 | 803 | बकास्त /रैयती | टांड दो | 0.009 | बकास्त लगान पाने वाला–नसर अली खां खेवट नं0–2 / 24 | प्लॉट 803 अंश | रास्ता | प्लॉट 801 | प्लॉट 804 |
| 26 | | 893 | बकास्त /रैयती | टांड तीन | 0.012 | | रास्ता | प्लॉट 893 अंश | प्लॉट 894 | सिमाना गोदखर |
| 27 | 50 | 787 | रैयती | टांड दो | 0.019 | रमजान खां वल्द नाजीर खां कौम–पैठान सा0–देह | प्लॉट 787 अंश | रास्ता | प्लॉट 786 | प्लॉट 800 |
| 28 | 52 | 767 | बकास्त /रैयती | टांड तीन | 0.008 | बकास्त लगान पाने वाले–जानबाज खां सं0–2 / 25 | प्लॉट 767 अंश | रास्ता | प्लॉट 766 | प्लॉट 768 |
| 29 | | 804 | बकास्त /रैयती | टांड दो | 0.013 | | प्लॉट 804 अंश | रास्ता | प्लॉट 803 | प्लॉट 840 |
| 30 | | 844 | बकास्त /रैयती | टांड दो | 0.045 | | प्लॉट 844 अंश | रास्ता | रास्ता | सिमाना कटहाडीह |
| 31 | | 846 | बकास्त /रैयती | टांड तीन | 0.001 | | रास्ता | प्लॉट 846 अंश | प्लॉट 847 | सिमाना कटहाडीह |
| 32 | | 864 | बकास्त /रैयती | धान तीन | 0.012 | | रास्ता | प्लॉट 864 अंश | प्लॉट 890 | प्लॉट 863 |
| 33 | 57 | 768 | | टांड तीन | 0.014 | | प्लॉट 768 अंश | रास्ता | प्लॉट 767 | प्लॉट 769 |
| 34 | 58 | 842 | रैयती | टांड दो | 0.046 | अलीजान खां वल्द गफुर खां कौम–पैठान साकिन–देह। | प्लॉट 842 अंश | रास्ता | प्लॉट 841 | रास्ता |
| 35 | 64 | 684 | बकास्त /रैयती | टांड तीन | 0.021 | बकास्त लगान पाने वाला–खेवट नं0– | प्लॉट 684 अंश | रास्ता | रास्ता | प्लॉट 682 |
| 36 | | 692 | बकास्त /रैयती | टांड दो | 0.014 | | प्लॉट 692 अंश | रास्ता | प्लॉट 693 | रास्ता |
| 37 | | 693 | बकास्त /रैयती | टांड दो | 0.015 | | प्लॉट 693 अंश | रास्ता | प्लॉट 694 | प्लॉट 692 |
| 38 | | 766 | बकास्त /रैयती | टांड दो | 0.031 | | प्लॉट 766 अंश | रास्ता | प्लॉट 763 | प्लॉट 767 |
| 39 | 68 | 771 | बकास्त /रैयती | टांड तीन | 0.036 | बकास्त लगान पाने वाला | प्लॉट 771 अंश | रास्ता | प्लॉट 770 | प्लॉट 773 |
| 40 | 70 | 950 | | | 0.004 | | रास्ता | प्लॉट 950 अंश | प्लॉट 951 | प्लॉट 949 |
| 41 | 72 | 949 | बकास्त /रैयती | टांड तीन | 0.027 | बकास्त लगान पाने वाला | रास्ता | प्लॉट 949 अंश | प्लॉट 950 | प्लॉट 948 |
| 42 | 75 | 670 | बकास्त /रैयती | टांड दो बाद आम | 0.014 | बकास्त लगान पाने वाला | प्लॉट 670 अंश | रास्ता | प्लॉट 672 | प्लॉट 671 |
| 43 | 76 | 929 | बकास्त /रैयती | टांड दो | 0.001 | बकास्त लगान पाने वाला–विशुन सिंह खेवट नं0–2 / 42 | रास्ता | प्लॉट 929 अंश | रास्ता | प्लॉट 928 |
| 44 | 81 | 840 | | | 0.031 | बकास्त लगान पाने वाला–दुली सिंह खेवट नं0–2 / ..... | प्लॉट 840 अंश | रास्ता | प्लॉट 804 | प्लॉट 841 |
| 45 | 84 | 943 | बकास्त /रैयती | टांड दो | 0.002 | बकास्त लगान पाने वाला–विशुन सिंह खेवट नं0–2 / 42 | रास्ता | प्लॉट 943 अंश | प्लॉट 944 | प्लॉट 939 |
| 46 | 85 | 939 | बकास्त /रैयती | टांड दो | 0.007 | बकास्त लगान पाने वाला–दुली सिंह खेवट नं0–2 / ..... | रास्ता | प्लॉट 939 अंश | प्लॉट 943 | प्लॉट 938 |
| 47 | 94 | 779 | | | 0.03 | | प्लॉट 779 अंश | रास्ता | प्लॉट 778 | प्लॉट 780 |
| 48 | 95 | 894 | बकास्त /रैयती | टांड तीन | 0.011 | बकास्त लगान पाने वाला–अब्दुल करीम खां खेवट नं0–8 | रास्ता | प्लॉट 894 अंश | प्लॉट 898 | प्लॉट 893 |
| 49 | 97 | 778 | बकास्त /रैयती | टांड एक | 0.035 | बकास्त लगान पाने वाला–अब्दुल करीम खां खेवट नं0–9 | प्लॉट 778 अंश | रास्ता | प्लॉट 775 | प्लॉट 779 |
| 50 | | 890 | बकास्त /रैयती | धान तीन | 0.005 | | रास्ता | प्लॉट 890 अंश | सिमाना गोदखर | प्लॉट 864 |
| 51 | | 944 | बकास्त /रैयती | टांड तीन | 0.011 | | रास्ता | प्लॉट 944 अंश | प्लॉट 945 | प्लॉट 943 |
| 52 | 99 | 678 | बकास्त /रैयती | टांड तीन | 0.049 | बकास्त लगान पाने वाला–अब्दुल करीम खां खेवट नं0–10 | प्लॉट 678 अंश | रास्ता | रास्ता | प्लॉट 677 |
| 53 | | 682 | बकास्त /रैयती | टांड दो | 0.070 | | प्लॉट 682 अंश | रास्ता | प्लॉट 684 | रास्ता |
| 54 | | 769 | बकास्त /रैयती | टांड तीन | 0.014 | | प्लॉट 769 अंश | रास्ता | प्लॉट 768 | प्लॉट 770 |
| 55 | | 784 | बकास्त /रैयती | टांड तीन | 0.046 | | प्लॉट 784 अंश | रास्ता | प्लॉट 783 | प्लॉट 785 |
| 56 | | 952 | बकास्त /रैयती | टांड तीन | 0.041 | | रास्ता | प्लॉट 952 अंश | सिमाना जयनगर | प्लॉट 951 |
| 57 | | 671 | | | 0.004 | | प्लॉट 671 अंश | रास्ता | प्लॉट 670 | प्लॉट 671 अंश |
| 58 | | 677 | | | 0.007 | | प्लॉट 777 अंश | रास्ता | प्लॉट 678 | प्लॉट 676 |
| 59 | | 785 | | | 0.011 | | प्लॉट 785 अंश | रास्ता | प्लॉट 784 | प्लॉट 786 |
| 60 | | 800 | | | 0.095 | | प्लॉट 800 अंश | रास्ता | प्लॉट 787 | प्लॉट 801 |
| कुल– | | | | | 1.315 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम–2013 (अधिनियम–30 / 2013 की धारा–11(1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, **कोडरमा** के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, **कोडरमा** और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय / विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अन्तरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, **कोडरमा** के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0 / –
समुचित सरकार–सह–उपायुक्त, कोडरमा

PR 336641 Land Reforms(24-25)#D



संस्थापक
**स्व. डॉ अभय कुमार सिंह**

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
**मंजू सिंह**

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
**अविनाश ठाकुर***

फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज



## टाटा मोटर्स : प्लांट-3 में मजदूरों ने किया अध्यक्ष व महासचिव का स्वागत

**जमशेदपुर।** सोमवार को प्लांट 3 में टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह एवं महामंत्री श्री आर के सिंह का जोरदार स्वागत किया गया। यहां के मजदूरों के द्वारा फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में महामंत्री श्री आरके सिंह ने कहा कि हर कंपनी में बोनस होता है वहां के लोगों की अपेक्षा होता है कि बोनस में बेहतर राशि मिले पर टाटा मोटर्स की परंपरा रही है। हमसे पूर्व के भी नेता ऐसा करते रहे हैं कि बोनस के समय अस्थाई करण और बच्चों का नियोजन के संबंध में रूपरेखा प्रबंधन के साथ सुनिश्चित करते हैं।

## यूनाइटेड क्लब कर्मियों को मिलेगा अधिकतम 59,753 रुपये बोनस



**जमशेदपुर।** यूनाइटेड क्लब के कर्मचारियों को इस बार अधिकतम 59753 रुपये और न्यूनतम 26,957 रुपये बोनस मिलेगा। बोनस समझौते पर आज प्रबंधन और कैंटीन होटल एंड रेस्टोरेंट वर्कर्स यूनियन के बीच समझौता हुआ। कर्मचारियों को 24 सितंबर को उनके बैंक एकाउंट में बोनस राशि भेज दी जायेगी। समझौते पर प्रबंधन की ओर से अध्यक्ष चाणक्य चौधरी, उपाध्यक्ष नीरज कुमार सिंहा, मानद महासचिव कुमार गोपाल और कोषाध्यक्ष मनीष कुमार श्रीवास्तव ने हस्ताक्षर किये।

## कांग्रेस प्रत्याशियों की रायशुमारी को पहुंचे जिला प्रभारी बेदी



**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा नियुक्त जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी का आगमन जमशेदपुर में हुआ। इस दौरान पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टुपुर में 23 सितंबर को संध्या 6:00 बजे से जिला प्रभारी ने आसन्न 2024 के विधानसभा चुनाव के संबंध में विधानसभावार रायशुमारी प्रारंभ की। इस दौरान काफी संख्या में वरिष्ठ कांग्रेस नेता, जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, जिला पदाधिकारी एवं प्रखंड अध्यक्ष शामिल हुए।

## झामुमो बुद्धिजीवी मोर्चा से निष्कासित हुए मसीह

**चाईबासा।** पार्टी संविधान के विपरीत कार्य कर पार्टी का अनुशासन भंग करने के कारण मसीह दास भुईया, जिला उपाध्यक्ष, बुद्धिजीवी मोर्चा को पार्टी के पदों से पदमुक्त करते हुए उन्हें आगामी छह वर्षों के लिए पार्टी से निष्कासित किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। उक्त जानकारी झामुमो, पश्चिम सिंहभूम के सचिव सोनाराम देवगम ने दी है। देवगम ने बताया कि इस आदेश के प्रभावी होने के साथ ही अब वे किसी भी कार्यक्रम में झामुमो का नाम, झंडा बैनर, सिंबल और पार्टी के वरीय नेताओं का फोटो आदि का उपयोग नहीं कर सकते हैं। इसके बावजूद यदि वे ऐसा करते हैं तो वे कानूनी कार्रवाई के भागी होंगे।

## एनटीटीएफ ने क्वालिटी सर्कल में जीता स्वर्ण



**जमशेदपुर।** गोलमुरी स्थित एनटीटीएफ आर डी टाटा तकनीकी संस्थान के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित की है। राउरकेला रिम्स, में 21 और 22 सितंबर को आयोजित कन्वेंशन क्वालिटी सर्कल कंपटीशन (सीक्यूसीसी) में संस्थान की टीम ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

# झारखंड में माटी, बेटी और रोटी की सुरक्षा के लिए सत्ता परिवर्तन बहुत जरूरी: चौहान

- भाजपा ने बहरागोड़ा विधानसभा से की कोल्हान प्रमंडल के परिवर्तन यात्रा की शुरुआत
- परिवर्तन सभा में गरजे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, बाबूलाल और अर्जुन मुंडा
- पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी और सांसद ने भी भरी परिवर्तन की हुंकार

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव में अपने कोल्हान फतह करने के उद्देश्य को साधने के लिए भाजपा मिशन मोड पर कार्य कर रही है। सोमवार को केंद्रीय कृषि मंत्री एवं झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र से कोल्हान प्रमंडल के परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की। बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के शाखा मैदान में आयोजित परिवर्तन सभा में भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व विधायक बरकुंवर गागराई समेत कई वरीय नेतागण शामिल हुए। परिवर्तन सभा में भारी बारिश के बीच हजारों स्थानीय एवं समर्थकों ने सक्रिय भागीदारी से सत्ता एवं व्यवस्था परिवर्तन का संकल्प लिया। केंद्रीय कृषि मंत्री सह भाजपा के विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा। उनका संबोधन भ्रष्टाचार, माटी, बेटी और रोटी की सुरक्षा के साथ बांग्लादेशी घुसपैठ और हेमंत सरकार के वादाखिलाफी पर केंद्रित रहा।

उन्होंने कहा कि भारी बारिश के बीच जनता का उमड़ा जनसैलाब और भाजपा के प्रति उत्साह बता रहा है कि झारखंड में अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा। उन्होंने झारखंड के हालातों पर चर्चा करते हुए कहा कि झामुमो अब जुर्म, मर्डर और माफिया की सरकार बन गयी है। शिवराज सिंह ने 4 साल 10 महीने से चल रही हेमंत सरकार की निंदा करते हुए कहा कि युवाओं की दौड़ में दर्जनों युवाओं की मौत हादसा नहीं बल्कि हत्या है। जो सरकार नौकरियों के लिए परीक्षा लेने में असमर्थ रही हो वो भला युवाओं को नौकरी कैसे दे सकती है। उन्होंने दावा किया कि झारखंड में 2 लाख 87 हजार पद खाली हैं और भाजपा की सरकार बनते ही पहली केबिनेट की मीटिंग में इन रिक्त पदों पर युवाओं को नौकरी देने का काम किया जाएगा। इससे पहले पवित्र चित्रेश्वर धाम से पूजा अर्चना के बाद परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की गयी।

शिवराज सिंह ने आगे कहा कि झारखंड में माटी, बेटी और रोटी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने बंगलादेशी घुसपैठियों के मुद्दे पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि झामुमो-कांग्रेस सरकार सिर्फ वोट बैंक पॉलिटिक्स के कारण घुसपैठियों को सरकारी पहचान पत्र, आधार कार्ड और वोटर कार्ड बनाकर उन्हें संरक्षण दे रही है। वोट बैंक के लिए माटी का सौदा करने जैसा है। शिवराज सिंह ने स्पष्ट रूप से कहा कि झारखंड में लव जिहाद और लैंड जिहाद नहीं चलने दिया जाएगा। जो झारखंड की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं उन्हें भाजपा की सरकार आने पर चुन-चुनकर बाहर किया जाएगा। उन्होंने माटी, बेटी और रोटी की सुरक्षा के लिए जनता से भाजपा की सरकार बनाने की अपील की ताकि राज्य में तीनों सुरक्षित रह सकें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार की तारीफ करते हुए शिवराज सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने कड़ा कानून बनाया है ताकि महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। कहा कि चुनाव में जब 2 महीने बचे हैं, तो झामुमो-कांग्रेस सरकार लोक लुभावने वादे कर रही है, लेकिन जनता अब ठगे जाने वाली नहीं है। उन्होंने एक लोककथा का जिक्र करते हुए कहा कि शिकारी आयेगा, दाना डालेगा, जाल बिछाएगा, लेकिन अब हम इसमें नहीं फसेंगे। कहा कि बहुत जल्द भाजपा का वचन पत्र जनता के सामने आएगा। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार आने पर नागरिकता रजिस्टर बनाया जाएगा जिससे कि अवैध रूप से बसे घुसपैठिये को बाहर का रास्ता दिखाया जा सके।

अंत में, शिवराज सिंह चौहान ने जनता से अपील करते हुए कहा कि वे भाजपा को अपना समर्थन और आशीर्वाद दें जिससे राज्य में विकास और जन सुरक्षा के साथ जल, जंगल और जमीन एवं माटी, बेटी और रोटी की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



बहरागोड़ा में परिवर्तन रैली के दौरान मंच पर भीड़ देख कर उत्साहित पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व अन्य।

## कोल्हान की सभी 14 सीटों पर भाजपा की जीत तय : अर्जुन मुंडा



पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि परिवर्तन सभा के दौरान उमड़ी भारी भीड़ और जनता के उत्साह ने साफ संकेत दे दिया है कि इस बार कोल्हान की सभी 14 सीटों पर भाजपा की प्रचंड जीत सुनिश्चित है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हेमंत सरकार पूरी तरह से जनता के साथ विश्वासघात किया है। महिलाओं, युवाओं, किसानों और राज्य के सभी वर्गों को धोखा देने का आरोप लगाते हुए अर्जुन मुंडा ने कहा कि युवाओं को साल में 5 लाख रोजगार देने का वादा था, लेकिन हेमंत सरकार घोटालों और भ्रष्टाचार में उलझकर रह गयी।

## पांच वर्षों में महागठबंधन सरकार ने राज्य की दुर्दशा कर दी : बिद्युतबरण



जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने झामुमो-कांग्रेस सरकार पर कड़े शब्दों में हमला करते हुए कहा कि पिछले 5 वर्षों में झारखंड की दुर्गति और भ्रष्टाचार की एक ऐतिहासिक पटकथा लिखी गई है। उन्होंने कहा कि झारखंड में लूट और झूठ का बोलबाला है, और इसपर आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से पूरे राज्य में परिवर्तन यात्रा निकाली जा रही है। विद्युत महतो ने कहा कि झारखंड में अवैध खनन और खनिज संपदाओं की खुलेआम लूट हो रही है। छोटे वाहनों पर बालू की साधारण ढुलाई करने वालों पर पुलिस कार्रवाई करती है, लेकिन बड़े हाइवा और डंपर से अवैध ढुलाई बेरोकटोक जारी है।

## झारखंड में बालू, पत्थर और कोयला लूटवा रही हेमंत सरकार : बाबूलाल



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए राज्य में सत्ता परिवर्तन को झारखंड के भविष्य के लिए अति आवश्यक बताया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस सरकार ने झारखंड की समृद्ध खनिज संपदाओं को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। राज्य में बालू, कोयला, पत्थर और जमीन की धड़ल्ले से लूट हो रही है। यहां तक कि सेना की जमीन भी हेमंत सरकार द्वारा बेच दी गई। हेमंत सरकार का एकमात्र उद्देश्य है अपनी और अपने परिवार की तिजोरी भरना। उन्होंने कहा कि ऐसी लुटेरी सरकार को सत्ता से खदेड़ना हमारा मुख्य लक्ष्य है। जब भाजपा की सरकार होती है, तो झारखंड का विकास तेज से होता है। झारखंड अलग राज्य का निर्माण पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की देन है, जिन्होंने वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया था। लेकिन सत्ता में झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद की सरकार आते ही राज्य के खनिज संपदाओं को लूटने में तीनों दलों के नेताओं में रेस लगी हुई है।

## वायदे भूल हेमंत सरकार भ्रष्टाचार में मगन : डॉ दिनेशानंद गोस्वामी

वहीं, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह परिवर्तन यात्रा के कोल्हान प्रभारी डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने परिवर्तन सभा में जनता की अभूतपूर्व भागीदारी को भाजपा की लोकप्रियता और राज्य की मौजूदा हेमंत सरकार के प्रति जनाक्रोश का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने अपने वादों और विकास कार्यों को नजरअंदाज कर केवल भ्रष्टाचार और घोटालों पर ध्यान दिया है। पिछले 5 सालों से झामुमो के संरक्षण में स्वर्णरेखा नदी के बालू की खुलेआम लूट हो रही है। उन्होंने झामुमो सरकार को किसान, युवा, महिला और बुजुर्ग सभी के लिए ₹बदतर समय₹ करार दिया। कहा कि इन वर्षों में बहरागोड़ा क्षेत्र पूरी तरह से उपेक्षित रहा है। उन्होंने कोल्हान की जनता का आह्वान करते हुए कहा, झामुमो की लूट और गुंडाराज अब खत्म होने वाला है। कोल्हान के 14 में से 14 सीटों पर भाजपा की प्रचंड जीत होगी।

**परिवर्तन में उपस्थित विशिष्ट भाजपा नेतागण :** परिवर्तन सभा में प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, पूर्व सांसद आभा महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष बड़कुंवर गागरई, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, प्रदेश प्रवक्ता अजय साह, पुर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष चंडी चरण साव, सुबोध सिंह गुड्डू, रखोहरि मुखी, ज्योत्सनामयी बेरा, काजल महाकुड, श्रीबत्स घोष, पद्मश्री जमुना टुडू, कृष्ण पाल, सरोज महापात्रा, सुमन कल्याण मंडल, विनोद सिंह, रंजीत बाला, सौरभ चक्रवर्ती, धरित्री महतो, आशीष महापात्र, शतदल महतो, सुनाराम हांसदा, राजकुमार कर, विश्वनाथ सोरेन, रघुनाथ दास, पार्थो महतो, विभास दास, चुन्नू माहली, भूपति नायक, रतन लाल राउत, दिनेश साहू व अन्य मौजूद रहे।

## नयी एसडीओ शताब्दी मजूमदार को पारुल सिंह ने सौंपा पदभार



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की नयी एसडीओ के रूप में आइएएस शताब्दी राय ने आज विधिवत पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान एसडीओ पारुल सिंह ने गुलदस्ता देकर नयी एसडीओ शताब्दी राय का स्वागत किया और उन्हें पदभार सौंपा। पारुल सिंह अपने छोटे से कार्यकाल में अवैध धंधेबाजों के खिलाफ डायरेक्ट एक्शन कर अपनी अमिट पहचान छोड़ने में कामयाब रही हैं, और उनसे नयी लकीर खींचने की चुनौती नयी एसडीओ शताब्दी राय के सामने हैं।

## टिनप्लेट डिवीजन को भी टाटा स्टील के जैसे सारी सुविधाएं मिले : यूनियन कमेटी मेंबर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** गोलमुरी टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन में यूनियन के कार्यकारिणी के सदस्यों की एक सभा यूनियन के अध्यक्ष राकेशवर पांडे की अध्यक्षता में यूनियन हाल में हुई। मौके पर यूनियन के कार्यकारिणी के सदस्यों की पिछली बैठक में हुई कार्यवाही पर विचार हुआ एवं इसे सर्व सम्मति से हाउस में पास किया गया। इसके उपरांत कार्यकारिणी के सदस्यों के द्वारा जो बाते हुई वह इस प्रकार थीं। **प्रमुख मांगें :** एक अप्रैल 2024 से टिन प्लेट के कर्मचारियों का ग्रेड डिवीजन लंबित हो गया है इसे जल्द से जल्द एक सम्मानजनक समझौता किया जाए एवं साथ ही साथ एन एस ग्रेड एवं ओल्ड ग्रेड के कर्मचारियों के ग्रेड को समायोजित किया जाये। टाटा स्टील में समायोजित होने के बाद टाटा स्टील के द्वारा दी जाने वाली सारी सुविधाएं एवं सारे नियम जैसे ग्रेड स्ट्रक्चर, स्कॉलरशिप, कैंटीन की सुविधा, अस्पताल की सुविधा, टाउन मेंटेनेंस की सुविधा, प्रमोशन, आदि अन्य सभी सुविधाएं टिन प्लेट डिवीजन के कर्मचारियों पर लागू किया जाए। टाटा स्टील में टिनप्लेट डिवीजन के समायोजन होने के उपरांत सैलरी स्लिप में हो रही असुविधा को जल्द से जल्द ठीक किया जाए।



कमेटी मेंबरों की बात सुनने के पश्चात संबोधन देते अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय।

## सरयू राय ने किया 11 करोड़ रुपये की लागत से 9 योजनाओं का शिलान्यास

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय की अनुशंसा पर सोमवार को 15वें वित्त आयोग के मद से लगभग 11 करोड़ 90 लाख रु. की राशि से क्रियान्वित होने वाली कुल दस योजनाओं का शिलान्यास और एक योजना का उद्घाटन विधायक सरयू राय ने किया। इनमें लगभग 11 करोड़ रु. की लागत से 9 योजनाओं का शिलान्यास तथा 90 लाख रु. की राशि से बिरसानगर, जोन नं. 1 बी, शिशु विद्या मंदिर के समीप तालाब का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन शामिल है। शिलान्यास की जाने वाली योजनाओं में बमार्माइंस डनलप मैदान से फुटबॉल मैदान तक कालीकृत सड़क एवं पेवर्स ब्लॉक का अधिष्ठापन, बर्मामाइंस भक्तिनगर के मुख्य सड़क का निर्माण, बर्मामाइंस, विनोवा आश्रम के पीछे नाले के दोनों और गार्डवाल का निर्माण कार्य होगा।



## राधाकृष्ण मंदिर, साकची पर कब्जे के खिलाफ हाई कोर्ट में सुनवाई शुरू

- सुमन अग्रवाल, कमल अग्रवाल और अमित अग्रवाल पर मंदिर की जमीन पर कमर्शियल कंपलेक्स बनाने का है आरोप

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सोमवार को उच्च न्यायालय, रांची में माननीय न्यायाधीश राजेश कुमार की पीठ में कपूर टुडू और विजेंद्र शर्मा द्वारा ठाकुर बाड़ी राधा कृष्ण मंदिर की जमीन कब्जा कर बनाई गयी कामर्शियल कॉम्प्लेक्स के खिलाफ दायर रिट संख्या 3866/2020 की सुनवाई हुई! पिटीशनर ने माननीय अदालत द्वारा पारित 11.12.2023 के आदेश का अनुपालन नहीं होने के खिलाफ अवमानना का पिटीशन दायर किया है जबकि सुमन अग्रवाल, कमल अग्रवाल और अमित अग्रवाल जिन पर राधाकृष्ण सार्वजनिक मंदिर की जमीन हड़प कर अवैध तरीके कामर्शियल कॉम्प्लेक्स बना कर रियल स्टेट का धंधा करने का आरोप है, उनलोगों ने अदालत के बिना निर्देश के एक हलफनामा दायर किया है और माननीय न्यायालय के 11.12.2023 के आदेश को आंशिक रूप से वापस लेने का पिटीशन लगाया है।

## एनआइटी राउरकेला की स्वश्रिता सेनापति ने जीता वीमेन ऑफ मेटल स्कॉलरशिप का ताज

- एनआइटी जमशेदपुर की मुस्कान फर्स्ट रनर अप, आइएसएम धनबाद की मेघा मित्रा सेकेंड रनर अप रहीं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारत के मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को नया आयाम देने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, टाटा स्टील ने वीमेन ऑफ मेटल स्कॉलरशिप कार्यक्रम के सीजन 8 के विजेताओं की घोषणा की। यह अनूठा कार्यक्रम महिला इंजीनियरों के लिए सशक्त अवसर प्रस्तुत करता है और इस बार के संस्करण में 55 से अधिक प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों से 3,400 से अधिक छात्राओं की भागीदारी दर्ज की गई, जो पिछले सीजन की तुलना में 18% की वृद्धि दर्शाती है। इस सीजन का निर्णय टाटा स्टील के तीन सदस्यीय जूरी राजीव मंगल (वाइस प्रेसिडेंट, सेफ्टी, हेल्थ एंड सस्टेनेबिलिटी), संजय राजोरिया (जेनरल मैनेजर, झरिया डिवीजन) और अनुराग सक्सेना (चीफ, इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस) द्वारा किया गया। 18 सितंबर को जमशेदपुर में आयोजित सीजन 8 के भव्य फिनाले में, एनआईटी राउरकेला की स्वश्रिता सेनापति विजेता बनकर उभरीं। एनआईटी जमशेदपुर की मुस्कान कुमारी ने पहला रनर-अप स्थान हासिल किया, जबकि आईएसएम धनबाद की मेघा मित्रा ने दूसरा रनर-अप स्थान प्राप्त किया।

राजीव मंगल ने अपने संबोधन में कहा, मैं वीमेन ऑफ मेटल सीजन 8 के सभी विजेताओं को बहुत बहुत बधाई देता हूं। साथ ही, मैं सभी प्रतिभागियों, आयोजकों और साथी जूरी में शामिल सदस्यों का भी धन्यवाद करना चाहता हूं, जिन्होंने इस सीजन को सफल बनाने में योगदान दिया। 2017 में इस कार्यक्रम के शुभारंभ के बाद से, यह न केवल टाटा स्टील के लिए प्रमुख कार्यक्रम बन चुका है, बल्कि देश की बेहतरीन महिला इंजीनियरों को मैन्युफैक्चरिंग उद्योग की चुनौतीपूर्ण और रोमांचक दुनिया से परिचित कराने का एक मजबूत मंच भी है। इस पहल ने भारत में नारी शक्ति को प्रोत्साहित करने और औद्योगिक विकास को गति देने में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रतिभागियों ने व्यक्तिगत रूप से या टीम के रूप में पंजीकरण किया था, और एक संज्ञानात्मक तथा विषयगत विशेषज्ञता परीक्षण के माध्यम से शीर्ष 50 टीमों का चयन किया गया। इस परीक्षा में मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, सीएस एंड आईटी, मेटलर्जी, और माइनिंग जैसे विभिन्न क्षेत्रों को शामिल किया गया था।



टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट राजीव मंगल के साथ स्कॉलरशिप विजेता छात्राएं।

## एक नजर में

### सुड़ी समाज ने किया राज्यपाल रघुवर का अभिनंदन



**गम्हरिया।** राष्ट्रीय सुड़ी समाज, झारखंड प्रदेश (कोल्हान प्रमंडल) के पदाधिकारियों ने रविवार को उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास के एग्रिको स्थित आवास में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रघुवर दास को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु मंडल, प्रदेश महिला महामंत्री रीता मंडल, सराइकेला-खरसावां जिला महामंत्री कार्तिक मंडल, पूर्वी सिंहभूम युवा जिला उपाध्यक्ष कल्याण मंडल, गम्हरिया प्रखंड उपाध्यक्ष सह ओसीएल आयरन स्टील कंपनी के यूनियन महामंत्री तपन कुमार मंडल, कार्यकारिणी सदस्य सुदीप मंडल, समाजसेवी अनिल, राजीव, सत्येंद्र थे।

### अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में कचरा प्रबंधन करे जेएनएसी : मंगल



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विस क्षेत्र के अर्ध शहरी क्षेत्र में साफ सफाई की व्यवस्था को लेकर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, जिप सदस्य डॉ परितोष सिंह एवम झामुमो नेता मानिक मलिक कचरा प्रबंधन की विकराल समस्या को लेकर जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार से मिलकर विस्तृत चर्चा कर विधायक ने कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र केघोड़ाबांधा, गोविंदपुर, परसुडीह एवं अन्य क्षेत्र में कचरा प्रबंधन की कोई व्यवस्था नहीं है जिसको लेकर पूर्व में डॉट टू डोर कचरा उठाव के लिए विधायक निधि से 6 गाड़ी की व्यवस्था की गई थी जो की पर्याप्त नहीं है, इस संबंध में आज जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति से मिलकर उसे क्षेत्र में कैसे साफ सफाई हो सके इसको लेकर विस्तृत चर्चा की गई जिसमें जे एन एस सी द्वारा जल्द से जल्द कुछ ठोस उपाय निकालने का निर्देश दिया है। डॉ परितोष ने कहा के अगर इस समस्या का समाधान हो जाता है तो क्षेत्र की जनता विधायक जी का आभारी रहेगी।

### बंगो गौरव-2024 अवार्ड लेकर लौटे अंशु सरकार



**जमशेदपुर।** वर्ल्ड बुक ऑफ स्टार रिकॉर्ड्स एवं वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति विकास संस्था, इंडिया के तत्वावधान में कोलकाता के ताज सिटी सेंटर में 22 सितंबर, 2024 को आयोजित समारोह में शहर की योग संस्था ₹सरकार योग अकादमी₹ के संस्थापक सह वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन ऑफ योगासना स्पोर्ट्स इंडिया के अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय योगगुरु अंशु सरकार को 'बंगो गौरव' अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें डॉ स्वरूप प्रसाद घोष (निदेशक, मौलाना अबुल कलाम आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ एशियन स्टडीज, मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर, भारत सरकार) ने उनकी उपलब्धि, कड़ी मेहनत एवं उत्कृष्टता के लिए प्रदान किया। उक्त समारोह में देश के कई प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित थे, जिनमें स्वामी पद्मानंद जी महाराज, डॉ राजीव पॉल, डॉ. स्वरूप प्रसाद घोष, कौशल चौधरी, पी एम प्रसाद, राज्यश्री लहरी, डॉ प्रगति बंदोपाध्याय, विशाल घोष, नाबूरन चटर्जी, संतश्री भट्टाचार्य एवं पद्मश्री काजी मासूम अख्तर आदि के नाम शामिल है।

### इनरव्हील क्लब ने छात्रों के लिए लगाया आई कैंप



**जमशेदपुर।** इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट ने त्रिनेत्रम आई हॉस्पिटल के सहयोग से 65 वंचित स्कूली छात्रों के लिए मेगा आई स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया। स्कूली बच्चों को आंखों की कई समस्याएं होती हैं और जब इन त्रुटियों को ठीक नहीं किया जाता है, तो वे गंभीर दृष्टि दोष का कारण बन सकते हैं। इसलिए स्कूली बच्चों के लिए आंखों की स्क्रीनिंग बहुत महत्वपूर्ण है।

## गढ़वा से मंईयां सम्मान यात्रा की हुई शुरूआत, गांडेय विधायक समेत राज्य सरकार के कई मंत्री हुए शामिल

# धर्म के नाम पर लोगों को बांटने एवं सत्ता प्राप्त करना चाहती है भाजपा : मिथिलेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड की हेमंत सरकार की ओर से यहां गढ़वा के गोसाईबाग के मैदान में सोमवार को मंईयां सम्मान यात्रा की शुरूआत की गयी। यात्रा का शुभारंभ सूबे के महिला बालविकास मंत्री बेबी देवी, पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, कृषि मंत्री दीपिका सिंह पांडेय, गांडेय विधायक व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन एवं पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। यहां मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि बाबा बंशीधर ने बीजेपी को पैदल कर दिया है। अब जनता भी बीजेपी को पैदल करने को तैयार है। बीजेपी वाले धर्म के नाम पर लोगों को बांटने एवं सत्ता प्राप्त करना चाहते हैं। लेकिन भगवान को यह सब पसंद नहीं है। दोनों केंद्रीय मंत्रियों को बाबा बंशीधर की धरती पर हेलीकॉप्टर में तेल नहीं होने से पैदल होना पड़ा। अयोध्या में प्रभु श्री राम ने भाजपा को हराने का काम किया। उन्होंने कहा की गढ़वा जिले पर पहले किसी का ध्यान नहीं जाता था। लेकिन हेमंत सोरेन ने सीएम बनने से पहले ही कहा था कि जिले को सबसे अग्रणी जिला बनाया जायेगा। आज देखिये गढ़वा झारखंड के किसी जिले से पीछे नहीं है। आज कोई भी महत्वकांक्षी योजना या कार्यक्रम गढ़वा की धरती से शुरू होती है। बीजेपी ने हमारी आवाज को कुंद करने की कोशिश की। सीएम को साजिश कर जेल में डालने का काम किया, लेकिन यहां की जनता चुनाव में बीजेपी को सबक सिखायेगी। उन्होंने कहा की सरकार ने लोगों को सम्मान देने और सशक्त बनाने के लिये कई योजना बनाई है।

कार्यक्रम में डीसी शेखर जमुआर, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, जिप अध्यक्ष शांति देवी, झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन डीडीसी पीएन मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसपी दीपक कुमार पांडेय, पूर्व विधायक राज राजेन्द्र प्रताप देव, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, बीडीओ अदिति गुप्ता, सीओ विकास कुमार सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, भवनाथपुर के पुलिस इंस्पेक्टर गुलाब सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, झामुमो के जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अब्दुल्ला हक अंसारी, रेखा चौबे, मनोज ठाकुर, भोजपुर गढ़ के प्रमुख दीपक प्रताप देव, कामता प्रसाद, तस्लीम खां, मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, राजा सिंह, कामेश्वर प्रसाद, अनुज दूबे, सूर्यदेव मेहता, कमलेश मेहता, शुभम कुमार, रजनीकांत मधुर समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करती कल्पना सोरेन व अन्य।

### राजनीति में एक नया अध्याय लिखने वाली योजना है मंईयां सम्मान योजना : दीपिका

कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा की मंईयां सम्मान योजना कोई मामूली योजना नहीं है। यह राजनीति में एक नया अध्याय लिखने वाली योजना है। महिला सम्मान, उन्नति की योजना है। यह योजना महिलाओं को बराबरी का अधिकार दिलाने में मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड के गठन को 24 साल हो गये। लेकिन पूर्व में किसी ने भी महिलाओं को सशक्त बनाने का काम नहीं किया। लेकिन बीजेपी को इस योजना से काफी दिक्कत हो रही है। बीजेपी वालों में इस योजना की लोकप्रियता से घबराहट है। मंत्री श्रीमति पांडेय ने कहा की भाजपा यहां इस योजना का विरोध करती है। लेकिन कश्मीर में जाकर ऐसी योजना लाने की बात कहती है। उन्होंने कहा की इस सरकार ने सभी वर्गों के बारे में सोचा है। केसीसी एवं लोगों का बकाया बिजली बिल माफ कर किसानों एवं झारखंड वासियों को बहुत बड़ी सौगात दी है। उन्होंने लोगों से चुनाव में इंडिया गठबंधन को फिर से भारी सहयोग देने की अपील की।



संबोधित करती कल्पना सोरेन।

### झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही है जनसरोकार की सरकार : बेबी देवी

सूबे की महिला बाल विकास मंत्री बेबी देवी ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में जनसरोकार की सरकार चल रही है। सरकार के द्वारा गरीब, किसान के साथ साथ सभी वर्गों के लोगों को ध्यान में रखते हुये कई कल्याणकारी योजनायें चलाई जा रही है और उसका लाभ भी लोगों को मिल रहा है। वे सोमवार को झारखंड सरकार की ओर से यहां गोसाईबाग के मैदान में आयोजित मंईयां सम्मान यात्रा का श्रीगणेश करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने महिलाओं एवं बेटियों के लिये मंईयां सम्मान योजना चलाकर महिलाओं एवं बेटियों को सबसे बड़ा सम्मान देने का काम किया है। मंत्री ने कहा कि महिलाओं एवं बेटियों को अभी एक हजार रुपये का सम्मान दिया जा रहा है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में दुबारा सरकार बनी तो एक हजार से बढ़ाकर राशि दी जायेगी। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से राज्यहित में पुन: इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने की अपील की।

### बाल विकास, पीएचईडी, कृषि मंत्री व गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने की श्री बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना



**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड सरकार की ओर से मंईयां सम्मान यात्रा का श्रीगणेश सोमवार को यहां श्री बंशीधर नगर से किया गया। यात्रा का शुभारंभ करने श्री बंशीधर नगर पहुंचे सूबे के महिला बालविकास मंत्री बेबी देवी, पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, कृषि मंत्री दीपिका सिंह पांडेय एवं गांडेय विधायक व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने सबसे पहले श्री बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना कर राज्य में अमन चैन खुशहाली के साथ-साथ झारखंड में फिर से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने के लिये श्री बंशीधर जी से कामना की। मंदिर में आचार्य सत्यनारायण मिश्र के वैदिक मंत्रोचार के बीच सभी ने श्री बंशीधर जी की विधिवत पूजा अर्चना के साथ-साथ श्री राधा बंशीधर जी युगल सरकार की आरती उतारी। पूजा अर्चना करने के बाद श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट की ओर से ट्रस्ट के संरक्षक पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, दीपक प्रताप देव एवं ट्रस्ट के सलाहकार धीरेंद्र कुमार चौबे ने मंत्रीद्वय एवं विधायक कल्पना सोरेन को चुनरी ओढाकर एवं श्री बंशीधर जी की तस्वीर भेंट कर मंदिर में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर जिप अध्यक्ष शांति देवी, झामुमो नेता ताहिर अंसारी, महिला जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, सोगरा बीबी, किरण देवी, मंदिर के पदाधिकारी सुरेश विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

---

## स्पीड न्यूज

### करंट लगने से युवती घायल

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर बस्ती निवासी अजय राम की 19 वर्षीया पुत्री प्रेमशिला कुमारी सोमवार सुबह विद्युत करंट की चपेट में आने से घायल हो गई। उसे ईलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने बताया कि सोमवार के सुबह पानी भरने के लिए जैसे ही मोटर चालू करने के लिए तार चढ़ाने गई थी, तार चढ़ाने के क्रम में करंट लगने से वह घायल हो गई।

### केतार में बायोमेट्रिक फेल, कर्मी परेशान

**केतार।** प्रखण्ड कार्यलय में इन दिनों बायोमेट्रिक प्रणाली से उपस्थिति दर्ज नहीं बन पा रहा है। जिससे प्रखण्ड एवं अंचल कर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को प्रखण्ड एवं अंचल कर्मियो को प्रखण्ड मुख्यालय में बायोमेट्रिक नहीं बनने के कारण आयुष्मान आरोग्यम मंदिर केतार में बनाने पहुंचे। प्रखण्ड कर्मियों ने बताया कि बताया कि बायोमेट्रिक प्रणाली से उपस्थति नहीं बनने से सुबह एवं शाम तक मानसिक टेंशन रहता है। उक्त कर्मियों ने बायोमेट्रिक प्रणाली मशीन ठीक कराने की मांग की है।

### बाईक से गिरकर घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के 10 प्लस टू उच्च विद्यालय के समीप सोमवार को एक मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ जाने से दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे बाईक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार खरौधी निवासी नन्हे लाल गुप्ता खरौधी से भवनाथपुर की ओर आ रहा था। 10 प्लस टू उच्च विद्यालय समीप मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ जाने से दुर्घनाग्रस्त हो गया। राहगीरों ने घायल युवक को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां पर डॉक्टर ने घायल का प्राथमिक उपचार किया।

### दुर्गा पूजा कमिटी के अध्यक्ष बने ध्रुव नारायण

**भवनाथपुर।** टाउनशिप दुर्गा मंदिर प्रांगण में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर यशवंत चौबे की अध्यक्षता में बैठक की गई। इस दौरान हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें ध्रुव नारायण दुबे को अध्यक्ष, अवधेश कुमार को उपाध्यक्ष, बुचून सिंह को सचिव, विकास सिंह को सह सचिव, बटेश्वर दुबे को कोषाध्यक्ष, विभूति नारायण सिंह को सह कोषाध्यक्ष, राधे श्याम चतुवेर्दी, दिलीप चौबे, अजय सोनी, दिवाकर चौधरी, अशोक पांडेय को संरक्षक, नंदकिशोर यादव, प्रथम चौबे, अमन सोनी, इशांत सिंह, आयुष रंजन सिन्हा को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

---

# कल्पना सोरेन ने की रमना में रोड शो, उमड़ी जनसैलाब

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने सोमवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित थाना मोड़ से भगत सिंह चौक तक रोड शो कर आगामी विधान सभा चुनाव में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पुनः महागठबंधन की सरकार बनाने के लिए लोगो से समर्थन देने की अपील की। रोड शो के दौरान लोगो की उमड़ी भीड़ से कल्पना सोरेन काफी उत्साहित नजर आई। इस दौरान उन्होंने बाजार प्रांगण में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जो व्यक्ति बिजली का बिल जीरो कर सकता वह भाजपा के विधायको का नंबर भी जीरो कर सकता है। उन्होंने कहा कि आपके लोकप्रिय मुख्यमंत्री को बिना कसूर पांच महीने तक जेल में डालकर रखा गया। जिसका बदला लेने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग पीआईएल के माध्यम से मईया सम्मान योजना को बाधित करना चाहते है, जिसका जबाव सभी माताओं एवम बहनों को मिलकर देना है। उन्होंने कहा कि बाबा वंशीधर का आशीर्वाद लेकर इस यात्रा की शुरूआत की गई है। यात्रा के दौरान लोगो का जो प्यार और स्नेह मिला है उसे शब्दो में व्यक्त नही किया जा सकता है। मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा कि यह महिला सम्मान यात्रा राज्य के इतिहास में नया आयाम लिखने का काम करेगा। मंत्री बेबी देवी ने कहा कि वे महिलाओ के दुख दर्द को जानती है, इसीलिए मईया सम्मान योजना लेकर आई है। नुक्कड़ सभा को को मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव एवं झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने संबोधित किया। इसके पूर्व कल्पना सोरेन ने सभी मंत्रियों के साथ श्री सीताराम मानस मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की। जहां मुखिया दुलारी देवी एवं मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में श्रीमती सोरेन का स्वागत किया गया। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह, अशर्फी लाल चंद्रवंशी, रामकुमार चंद्रवंशी, मनोज सिंह, वीरेंद्र पाठक, ललित किशोर, अनुज चंद्रवंशी, रोहित वर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।



रोड शो में विधायक कल्पना सोरेन।

# माले ने डीएम की तबादले की मांग को लेकर निकाला प्रतिरोध मार्च





एजेंसी

**नवादा।** कृष्णानगर अग्निकांड में नवादा के जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा को जिम्मेदार बताते हुए उनके तबादले की मांग को लेकर भाकपा माले ने सोमवार को प्रतिरोध मार्च निकाला। भाकपा माले के राज्यव्यापी प्रतिवाद दिवस के तहत नवादा के अंबेडकर पार्क से सरकार विरोधी नारा कृष्णानगर में आगलगी के दोषी अपराधी को अविलंब सजा दो, बिहार में दलित-गरीबों-महिलाओं पर लगातार हमले क्यों ? राज्य सरकार जबाव दो ! सामंतो, अपराधियों का संरक्षण भाजपा-जदयू सरकार बंद करो ! गया में दलितों की हत्या और बलात्कार क्यों, भाजपा-जदयु सरकार जबाव दो ! जुमलेवाजी बंद करो-गरीबों पर जुल्म बंद करो ! माले नेता सुनिल चंद्रवंशी की हत्या क्यों भाजपा-जदयु सरकार जबाव दो आदि नारा लगाते शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सदर प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर सभा मे तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले जिला सचिव भोला राम ने कहा कृष्णानगर की आगलगी की घटना से बिहार सरकार की जमीन पर बसे दलित आज सहमें हुए , तथाकथित कानून रज की राग अलापने वाली नीतिश -भाजपा की सरकार में दलित-महिला सुरक्षित नही है। बावजूद सरकार के कान पर जूं नही रेंगी है, 5 डि. भूमि उपलब्ध कराने के ढिढोरा पीटने वाली सरकार में आज दलित गरीबों माल-मवेशी की जिंदगी जीने को अभिशप्त है, जुमले बाज भाजपा-नीतिश की सरकार गरीबों को गुमराह करने पर आमादा है। बडे पैमाने पर बिहार सरकार की जमीन पर दबंगों का कब्जा है। उन्होने सरकार से मांग किया कि बिहार सरकार की जमीन पर बसे गरीबों को पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर अविलंब पर्चा दें ताकि गरीबों को सिर छुपाने के लिए अशियाना मयस्सर हो सके, परंतु नीतिश सरकार की गरीब विरोधी चरित्र के वजह से दलित उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। इसके अलावे वारिसलीगंज में दिलीप कुमार, चंदन मांझी, अकबरपुर में रमेश पासवान, श्रीकांत महतो, गजाधर मांझी ने प्रतिवाद मार्च का नेतृत्व किया।

### विधायक भानु ने किया पुल का शिलान्यास



पुल का शिलान्यास करते विधायक भानु।

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के मोटंगवा और बनखेता गांव के बीच पंडा नदी में 3.66 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले पुल का शिलान्यास विधायक भानु प्रताप शाही ने बुद्धिजीवी एवं वृद्ध ग्रामीणों के हाथों नारियल फोड़ कर कराया। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए विधायक श्री शाही ने कहा कि मैं इस क्षेत्र का बेटा होने के नाते इस गांव के हर एक समस्या, दुख सुख का खाका अपने पास रखता हूं। हमारे जो लोग हैं उनके आवेदन से पहले ही उनकी समस्याओं को हल करने का प्रयास करता हूं। उन्होंने कहा कि अब खोनहर, चचेरिया और मोटांगा गांव के ग्रामीणों को घूम कर मां भगवती का दर्शन करने नहीं जाना होगा। बल्कि चमचमाता हुआ पंडा नदी पुल पार कर तुरंत मां भगवती के दर्शन के लिए पहुंच सकेंगे। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा केतार प्रखंड में पंडा नदी के ऊपर 11 पुल का निर्माण कराया गया। कहा कि सोने के पालने पर पलने वाले बड़े लोग इस गांव की गरीबी को नहीं समझ सकते हैं। जब समझेगा तो आपका भानु हो समझेगा। कहा कि खोनहर हो चेचारिया हो, आदिवासी का गांव हो आज सड़क और बिजली से सुसज्जित हुआ है उसको सुसज्जित करने का काम आपका भानु ने किया है। उन्होंने कहा कि आज विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ता लोग बन पट्टा के नाम पर 10000 रुपए की वसूली कर रहे हैं। हमारी सरकार आने पर सूद समेत वापस कराया जाएगा। कार्यक्रम के बाद विधायक ने परती कुशवानी पंचायत में बने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन फीता काटकर किया। साथ ही पीडब्ल्यूडी सड़क से आरोग्य मंदिर तक पीसीसी सड़क विधायक मद से बनवाने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, संचालन सत्येंद्र ठाकुर ने किया। मौके पर मुखिया मूंगा साह, योगेंद्र राम, दिलीप जायसवाल, रविंद्र सोनी, राम प्रसाद कमलापुरी, मनोज फौजी, अशोक ठाकुर, रामाधार यादव आदि उपस्थित थे।

# राजद का दामन छोड़कर जदयू में शामिल हुए श्याम रजक को सीएम नीतीश कुमार ने बनाया पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव

एजेंसी

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने हाल ही में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का दामन छोड़कर जदयू में शामिल होने वाले दलित समाज के बड़े चेहरे श्याम रजक को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव बनाया है।

जदयू के महासचिव आफाक अहमद खान की तरफ से सोमवार को पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी गई है। साथ ही अरुण कुमार को झारखंड का सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री श्याम रजक ने बीते 22 अगस्त को राजद से इस्तीफा दे दिया था। श्याम रजक ने राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव को इस्तीफा भेज दिया था, जिसमें उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने की बात लिखी था। श्याम रजक के इस्तीफे को लेकर तब तेजस्वी ने कहा था कि उनके पार्टी छोड़ने से राजद की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। इसके बाद इसी महीने एक सितम्बर को बिहार सरकार के मंत्री रहे श्याम रजक दूसरी बार जदयू में शामिल हुए। श्याम रजक को जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा ने पार्टी की सदस्यता दिलाई थी और अब राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने उन्हें बड़ी जिम्मेवारी सौंपते हुए पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव बना दिया है। लालू-राबड़ी के साथ राजनीति शुरू करने वाले श्याम रजक लंबे समय तक राजद के शासन काल में मंत्री रहे। वर्ष 2005 में राजद का शासन खत्म होने के बाद 2009 में श्याम रजक ने जदयू का दामन थाम लिया था। 2010 में वे नीतीश सरकार में मंत्री बनाये गये थे। 2020 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले श्याम रजक ने मंत्री पद और जदयू की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था औक राजद में शामिल हो गये थे।

2020 के विधानसभा चुनाव में लालू-तेजस्वी ने उन्हें गच्चा दे दिया और उन्हें टिकट से वंचित कर दिया था। श्याम रजक राजद के राष्ट्रीय महासचिव पद पर तो थे लेकिन पार्टी की मुख्यधारा से उन्हें अलग थलग कर दिया गया था। ऐसे में उन्होंने पुराने घर में वापसी को ही बेहतर समझा और फिर से जदयू में शामिल हो गए।



---

## खबर एक नजर में

### लोजपा रामविलास स्थापना दिवस पर गांधी मैदान पटना में होगी ऐतिहासिक रैली

**सहरसा।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक जिला परिषद स्थित पूजा बैंक्विट हॉल में जिलाध्यक्ष मोहम्मद इमरान की अध्यक्षता में सोमवार को हुई। बैठक को संबोधित करते हुए लोजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सलीम साहिल ने कहा आने वाले 2025 के विधानसभा चुनाव में संगठन की मजबूती कर विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी है। जिलाध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने कहा 28 नवंबर को लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास का स्थापना दिवस पटना के गांधी मैदान में आयोजित है। वही स्थापना दिवस में पूरे बिहार से लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के कार्यकर्ता पूरी पटना को भरने का काम करेगी।आगामी विधानसभा चुनाव में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी और बिहार में एनडीए की सशक्त सरकार बनेगी। साथ ही विधानसभा चुनाव में लोक जनशक्ति पार्टी रा के कार्यकर्ता ही विधानसभा के उम्मीदवार होंगे।

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश उन्नति की मार्ग पर अग्रसर : हितेन्द्र ठाकुर

**मधुबनी।** जिला मुख्यालय सहित सुदूर ग्रामीण परिवेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म दिवस पखवाड़ा कार्यक्रम उत्साहपूर्ण माहौल में जारी बताया। जिला के फुलपरास विधान सभा क्षेत्र में सोमवार को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर नुनु ने ग्रामीणों के बीच विभिन्न प्रकार के फलों का वितरण किया। अवसर पर सिसबारि व फुलपरास के उपस्थित गणमान्य विशिष्ट लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लम्बी उम्र के साथ भारतीय राजनीतिक क्षितिज पर उड़ान भरने की कामना व्यक्त किया। भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने आगन्तुक समाज सेवियों व ग्रामीणों को भव्य स्वागत किया। कहा कि अमृत काल में देश की दशा-दिशा प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उन्नति के पथ पर अग्रसर है। वर्तमान समय में प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में सत्तासीन होना प्रत्येक भारतीय वांग्मय के लोगों के लिए गौरववोध है। मोदी जी ने आमजनों के प्रति समर्पित भाव सदैव दिखाया। राष्ट्रीयता की औव्वल पहचान देश-विदेश में स्थापित किया है।यहां की विरासत सांस्कृतिक पौराणिक धरोहर के साथ धार्मिक भावना का संरक्षण-संवर्धन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मुख्य ध्येय रहा है। फुलपरास विधान क्षेत्र में आयोजित जन्म दिवस पखवाड़ा अवसर पर प्रवीण कुमार झा, प्रो विमल कुमार सिंह, सहित अन्य विशिष्ट गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मजदूर विरोधी कानून के खिलाफ एक्टू का प्रदर्शन



**भागलपुर।** जिले के समाहरणालय गेट के समीप केन्द्रीय ट्रेड यूनियन के संयुक्त आह्वान पर सोमवार को ऐक्टू ने विरोध प्रदर्शन किया। उक्त प्रदर्शन भारत सरकार के द्वारा लाए गए 4 लेबर कोड कानून के विरोध में किया गया। मौके पर ऐक्टू के जिला महासचिव सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि 4 लेबर कोड मजदूर विरोधी कानून है। इसे सरकार जल्द से जल्द निरस्त करे और इस कानून पर चर्चा करने के लिए यथाशीघ्र भारतीय श्रम सम्मेलन बुलाया जाना चाहिए। यही नहीं मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी में भी वृद्धि होनी चाहिए। इस दौरान काफी संख्या में एक्टू कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सांसद ने लिया बाढ़ राहत शिविर का जायजा



**भागलपुर।** जिले में पिछले कई दिनों से गंगा ने तबाही मचाई है। दो दर्जन से ज्यादा गांव टापू में तब्दील हो चुका है। इसको लेकर लगातार भागलपुर के सांसद अजय मंडल बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। सांसद अजय मंडल ने सोमवार को नाथनगर के सीटीएस मैदान में चल रहे बाढ़ राहत शिविर का जायजा लिया एवं अधिकारियों को कई दिशा निर्देश भी दिए। सांसद अजय मंडल ने कहा कि हमारे क्षेत्र में किसी तरह का कोई परेशानी बाढ़ प्रभावित लोग को नहीं होगा। लगातार जिलाधिकारी से बात कर खुद राहत शिविर का मॉनिटरिंग कर रहे हैं। अजय मंडल ने कहा कि यदि किसी को कोई परेशानी हो रहा है तो वह हमें तुरंत बतावें।

### स्मार्ट मीटर लगाने के खिलाफ लोगों का फूटा गुस्सा, कई हिस्सों में आगजनी कर किया विरोध

किशनगंज। जिले के सबसे बड़े व्यवसायिक मंडी बिशनपुर बाजार में सैकड़ों लोगों और दुकानदारों का गुस्सा स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर सोमवार को फूटा। व्यापारियों ने अपनी अपनी दुकानें बंद रख कर स्मार्ट मीटर लगाने के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया है। आक्रोशित लोगों ने सड़क पर आगजनी करके प्रदर्शन भी किया है। लोगों ने बताया कि बीते 19 सितंबर को बिशनपुर बाजार स्थित जामे मस्जिद कैंपस में दो दुकानों की लाइट विभाग ने काट दी। दुकानदारों ने स्मार्ट मीटर लगाने से मना कर दिया था। दुकानदारों का आरोप है कि बिजली विभाग जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाने के लिए दबाव बना रहा है। लोगो कि मांग है कि बिजली कनेक्शन के लिए जेई की ओर से मीटर के नाम पर दो हजार रुपए लिया जा रहा है। उसे बंद किया जाए।

स्पीड न्यूज

## न्यूयार्क में शीर्ष प्रौद्योगिकी सीइओ से मिले पीएम मोदी



**न्यूयॉर्क।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यूयॉर्क में एक गोलमेज सम्मेलन में एडोब, एक्सेंचर, गूगल और आईबीएम समेत 15 प्रौद्योगिकी सीईओज से मुलाकात की तथा प्रौद्योगिकी एवं नवाचार से संबंधित पहलुओं पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह भारत के प्रति अपार आशावाद देखकर प्रसन्न हैं। उन्होंने कहा कि न्यूयॉर्क में प्रौद्योगिकी सीईओज के साथ एक फलदायी गोलमेज सम्मेलन हुआ, जिसमें प्रौद्योगिकी, नवाचार और अन्य से संबंधित पहलुओं पर चर्चा की गई। साथ ही इस क्षेत्र में भारत द्वारा की गई प्रगति पर प्रकाश डाला गया। मैं भारत के प्रति अपार आशावाद देखकर प्रसन्न हूं।

## सुलतानपुर लूटकांड का आरोपी मुठभेड़ में ढेर

उन्नाव। उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के अचलगंज क्षेत्र में पुलिस की एसटीएफ ने सोमवार को मुठभेड़ में सुल्तानपुर में सर्राफ लूट कांड में एक लाख रुपये की इनामी आरोपी को ढेर कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह ने बताया कि एसटीएफ लखनऊ की टीम के साथ सुल्तानपुर में भरत ज्वैलर्स की दुकान में लूट के आरोपियों के साथ अचलगंज क्षेत्र में मुठभेड़ हुई। उन्होने बताया किबदमाश की शिनाख्त अनुज प्रताप सिंह निवासी जनापुर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी के रूप में की गई है।

## बांग्लादेश में अवामी लीग नेता की हत्या

ढाका। बांग्लादेश में एक अवामी लीग के नेता की परिवार के सामने पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। अज्ञात हमलावरों ने रविवार देरात लक्ष्मीपुर सदर उपजिला के चंद्रगंज यूनियन के अंतर्गत पचपारा गांव में अवामी लीग नेता नूर आलम (60) के घर के पास उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी। वह अवामी लीग की स्थानीय वार्ड इकाई का महासचिव और पेशे से दर्जी था।

## छत्तीसगढ़ में बिजली गिरने से 8 की मौत

राजनांदगांव । छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में सोमनी के पास जोरातराई गांव के स्कूल में सोमवार को बिजली गिरने से पांच बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई तथा कुछ अन्य घायल हो गये। ये बच्चे भोजन अवकाश में खेल रहे थे। तभी बारिश के बीच बिजली गिरी जिसकी चपेट में उक्त छात्र और अन्य लोग आ गये।

## जम्मू-कश्मीर में दूसरे चरण का प्रचार थमा

जम्मू/कश्मीर। केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव-2024 के दूसरे चरण के लिए 26 सीटों पर सार्वजनिक चुनाव प्रचार अभियान सोमवार को शाम छह बजे थम गया। इन सीटों पर बुधवार को सुबह सात बजे शुरू मतदान शुरू होगा तथा शाम छह बजे तक चलेगा। दूसरे चरण में 26 सीटों पर चुनाव के लिए कुल 239 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इस चरण में कुल 25.78 लाख से अधिक मतदाता अपने चहेते उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। दूसरे चरण में राजनीतिक दलों का चुनाव प्रचार में मुख्य मुद्दा इन चुनावों के बारे में पाकिस्तान के एक मंत्री के बयान के ईद-गिर्द ही घूमता रहा।

## महाराष्ट्र में दुष्कर्म का आरोपी मारा गया

**मुंबई।** बदलापुर स्कूल दुष्कर्म मामले के आरोपी अक्षय शिंदे को पुलिस एनकाउंटर में ढेर कर दिया। ठाणे के पुलिस आयुक्त आशुतोष भुमरे ने बताया कि एक स्कूल में दो बच्चों का यौन शोषण का आरोपी था अक्षय।

# भाजपा-आजसू के गठबंधन से विस अध्यक्ष की बढ़ सकती है परेशानी

**चुनावी दर्पण: झारखंड नाला विधानसभा सीट**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामताड़ा।** झारखंड के जामताड़ा जिले के नाला विधानसभा क्षेत्र में इस बार का चुनाव काफी दिलचस्प होने वाला है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिली बढ़त ने इस सीट पर पार्टी की उम्मीदें बढ़ा दी हैं, तो वहीं झामुमो के लिए चुनौती बढ़ गयी है।

लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा प्रत्याशी को नाला विधानसभा क्षेत्र में झामुमो से 21659 वोट ज्यादा मिले थे। इसी वजह से भाजपा नेताओं को इस बार जीत का भरोसा है। 2019 के विधानसभा चुनाव में नाला से झामुमो के रविंद्रनाथ महतो को 61 हजार 356 वोट मिले थे। वहीं भाजपा के सत्यानंद झा को 57836 और आजसू पार्टी के माधव चंद महतो को 16778 वोट मिले। इस तरह भाजपा और आजसू पार्टी उम्मीदवारों के मतों को जोड़ दिया जाये तो झामुमो प्रत्याशी से अधिक मत हो जाते हैं। ऐसे में इसबार भाजपा और आजसू के मिल कर लड़ने से झामुमो की परेशानी बढ़ सकती है।

**▶▶ पिछले चुनाव में झामुमो के रविंद्रनाथ महतो को 61 हजार 356 वोट मिले थे। भाजपा के सत्यानंद झा को 57836 और आजसू के माधव चंद महतो को 16778 वोट मिले थे**



**रविंद्रनाथ महतो।**




**अभी झामुमो के खाते में:** नाला विधानसभा क्षेत्र में इस समय जेएमएम विधायक और विधानसभा अध्यक्ष रबिन्द्रनाथ महतो का कब्जा है। लोकसभा चुनाव में दुमका सीट के अंतर्गत नाला विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी को 95700 वोट मिले थे, जबकि झामुमो प्रत्याशी को 74041 वोट मिले थे। इस तरह लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को यहां लगभग 11 हजार से अधिक वोटों की बढ़त मिली थी।



**सत्यानंद झा।**

### माधव चंद्र महतो को भाजपा टिकट की उम्मीद



पिछली बार आजसू पार्टी से चुनाव लड़ने वाले माधव चंद्र महतो भी बीजेपी में शामिल हो गए हैं। इसीलिए इस बार पिछली बार जैसी स्थिति नहीं रहेगी। यह भी उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार बीजेपी सत्यानंद झा बाटुल की जगह माधव लाल को ही उम्मीदवार बनाएगी।

### भाकपा के विशेश्वर खां ने नौ बार जीते थे

दिवंगत विधायक विशेश्वर खां ने नाला विधानसभा क्षेत्र का नौ बार प्रतिनिधित्व किया था। रवींद्रनाथ महतो भी यहां से दो बार विधायक बने हैं। बीजेपी के सत्यानंद झा बाटुल भी यहां से एक बार विधायक रह चुके हैं। पिछली बार रवींद्रनाथ महतो बहुत कम अंतर से जीते थे। इसीलिए इस बार यहां कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है। स्थानीय लोगों का भी मानना है कि नाला विधानसभा क्षेत्र का चुनाव परिणाम इस बार चौंकाने वाला हो सकता है।

### लेबनान में हिज्बुल्लाह के 300 ठिकानों पर इजरायल ने दागी मिसाइल

# 182 आतंकवादी ढेर और 700 से अधिक घायल

**एजेंसी**



**बेरुत (लेबनान)।** गाजा में जारी युद्ध के बीच इजरायल ने पड़ोसी देश लेबनान में हिज्बुल्लाह आतंकियों के 300 ठिकानों पर एकसाथ स्ट्राइक की है, जिसमें अब तक 182 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 700 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इजरायली सेना ने कहा है कि उसने हिजबुल्लाह आतंकवादी समूह के खिलाफ दबाव बढ़ाते हुए लेबनान में 300 ठिकानों पर हमले किए हैं।

वहीं, लेबनान ने दावा किया कि इन हमलों में 100 लोग मारे गए हैं। इजरायल के डिफेंस फोर्स (आइडीफ) ने बताया कि सोमवार सुबह 6:30 (स्थानीय समयानुसार सुबह 3:30 बजे) से सुबह 7:30 बजे के बीच हिज्बुल्लाह के 300 ठिकानों पर मिसाइल और रॉकेट से 150 हमले किए गए हैं। हिजबुल्लाह आतंकियों के खिलाफ पिछले एक साल से चल रही लड़ाई में यह सबसे घातक हवाई हमलों में से एक है। हलेवी और दूसरे इजराइली नेताओं ने आने वाले दिनों में हिजबुल्लाह के खिलाफ और भी कड़ी कार्रवाई करने का वादा किया है। इजराइल ने सोमवार को दक्षिण लेबनान के निवासियों से अपील की थी कि वे अपने घरों को खाली करके चले जाएं। इजराइल ने दावा किया कि हिजबुल्ला ने वहां हथियार जमा कर रखे हैं। और उसने भयावह हमलों की चेतावनी दी है।

### गाजा में हो तब्दील सकता है लेबनान : संयुक्त राष्ट्र

न्यूयॉक। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस नेकहा कि इजरायल और हिज्बुल्लाह के मध्य बढ़ते हमलों के बीच लेबनान एक और गाजा में तब्दील हो सकता है। गुटेरेस ने कहा कि लेबनान में हाल ही में विस्फोट का मतलब है कि वृद्धि की संभावना है जिसके बारे में उन्हें डर है कि यह दुनिया के लिए विनाशकारी त्रासदी हो सकती है।




### रिया सिंघा बनीं मिस यूनिवर्स इंडिया

**जयपुर।** गुजरात की रिया सिंघा मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 की विजेता बन गयी हैं। मिस यूनिवर्स इंडिया का ग्रैंड फिनाले रविवार को जयपुर में हुआ। देश भर से चुनी गई 51 फाइनलिस्टों ने एक से बढ़कर एक जबरदस्त परफॉर्मेंस दी। दिल्ली की प्रांजल प्रिया को हराकर गुजरात की रिया सिंघा ने मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया। मिस यूनिवर्स इंडिया उर्वशी रौतेला ने रिया को ताज पहनाया

### चाइल्ड पोर्नोग्राफी रखना और देखना अपराधः सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक ऐतिहासिक फैसले में कहा कि बच्चों के साथ यौन-क्रिया के स्पष्ट चित्रण और उनसे संबंधित अपमानजनक सामग्री को रखना या देखना यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (पोक्सो कानून) के अलावा सूचना एवं तकनीकी कानून के तहत भी अपराध माना जाएगा।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने गैर सरकारी संगठन जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन अलायंस की अपील और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के हस्तक्षेप पर इस विषय में मद्रास उच्च न्यायालय के एक फैसले को पलटते हुए नये दिशा निर्देश जारी किए हैं। पीठ ने अपने फैसले में केंद्र सरकार को बाल पोर्नोग्राफी शब्द की जगह संशोधित शब्दावली- बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री रखने के लिए जरूरी प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए हैं।

# आतिशी ने संभाला सीएम का कार्यभार

### केजरीवाल के लिए छोड़ी खाली कुर्सी




**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को कार्यभार संभालने के बाद कहा कि चार महीने बाद दिल्ली के लोग अपने प्यार और भरोसे के साथ दोबारा अरविंद केजरीवाल को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाएंगे, तब तक उनकी कुर्सी उनका इंतजार करेगी तथा वह किसी अन्य कुर्सी पर बैठकर सरकार चलायेंगी। सुश्री आतिशी ने मुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद पत्रकारों से कहा कि जिस तरह भरत ने 14 सालों तक भगवान श्रीराम की खड़ाऊ रखकर अयोध्या का शासन संभाला, उसी तरह अगले चार महीने तक वह दिल्ली की सरकार चलायेंगी। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम अपने पिताजी द्वारा दिए गए एक वचन को निभाने के लिए 14 साल तक वनवास में रहे इसलिए भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। उनकी जिंदगी हम सभी के लिए मयार्दा और नैतिकता की एक मिसाल है। बिल्कुल उसी तरह श्री केजरीवाल ने इस देश की राजनीति में मयार्दा और नैतिकता की मिसाल रखी है। पिछले दो साल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने श्री केजरीवाल पर कीचड़ उछालने में कोई कसर नहीं छोड़ी। भाजपा ने उन पर झूठे मुकदमे लगाए, गिरफ्तार किया और छह महीने तक जेल में रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब श्री केजरीवाल को उच्चतम न्यायालय ने जमानत दी, तब न्यायालय ने कहा कि उनकी गिरफ्तारी दुर्भावनापूर्ण थी।

# शेयर बाजार में तेजी जारी

**एजेंसी**

**▶▶ सेंसेक्स 384 अंक बढ़त के साथ 85000 के करीब पहुंचा**
**▶▶ निफ्टी 148 अंक उछला, नये शिखर 25,939 पर हुआ बंद**
**▶▶ निवेशकों ने एक दिन में 4.29 लाख करोड़ कमाये**



**मुंबई।** शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी रही और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। विदेशी संस्थागत निवेशकों के मजबूत पूंजी प्रवाह और एशिया के अन्य बाजारों में मजबूत रुख से घरेलू बाजार बढ़त में रहे। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में लगातार तीसरे सत्र में तेजी रही और यह 384.30 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ अबतक के उच्चतम स्तर 84,928.61 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 436.22 अंक उछलकर रिकॉर्ड 84,980.53 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 148.10 अंक यानी 0.57 प्रतिशत की बढ़त के साथ नये शिखर 25,939.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 165.05 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 25,956 अंक पर पहुंच गया था।

### ये हैं टॉप गेनर्स

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स और टाटा स्टील के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे।

### इन्हें हुआ नुकसान

दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो शामिल हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को शुद्ध रूप से 14,064.05 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे।

स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन बढ़ कर 476 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 471.71 लाख करोड़ रुपये था। निवेशकों को करीब 4.29 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के 18 सितंबर को ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती से तेजी को बढ़ावा मिला। नीतिगत दर में कटौती से ज्यादा फेडरल रिजर्व के प्रमुख की सकारात्मक टिप्पणी से बाजार को गति मिल रही है।







# ऑस्कर में नॉमिनेट हुई फिल्म लापता लेडीज

**एजेंसी**

**▶▶ सामाजिक व्यंग्य व दिलचस्प कहानी है लापता लेडीज, दो ग्रामीण युवतियों को गायब होने का दिखा गया है**




**नयी दिल्ली।** निर्देशक किरण राव की बहुप्रतीक्षित फिल्म लापता लेडीज ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। इस फिल्म को 2024 के ऑस्कर अवॉर्ड्स में सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म की श्रेणी में आधिकारिक रूप से भारत की ओर से नामांकित किया गया है। यह फिल्म देशभर में चर्चा का विषय बनी हुई है और अब ऑस्कर की दौड़ में शामिल होकर वैश्विक स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। लापता लेडीज एक सामाजिक व्यंग्य और दिलचस्प कहानी है, जिसमें ग्रामीण भारत की दो लड़कियों के अचानक गायब हो जाने की कहानी को हास्य और संवेदनशीलता के साथ दिखाया गया है। फिल्म का निर्देशन किरण राव ने किया है, जो अपनी पहली फिल्म धोबी घाट से ही अपने अनूठे सिनेमाई दृष्टिकोण के लिए जानी जाती हैं। इस फिल्म में समाज की जटिलताओं और महिलाओं के मुद्दों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है। जियो स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत, लापता लेडीज किरण राव द्वारा निर्देशित और आमिर खान और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित है। यह फिल्म आमिर खान प्रोडक्शंस और किंडलिंग प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाई गई है, जिसकी स्क्रिप्ट बिप्लब गोस्वामी की अवॉर्ड विनिंग कहानी पर आधारित है। फिल्म के स्क्रीनप्ले और डायलॉग को स्नेहा देसाई द्वारा लिखा गया है, जबकि बाकी डायलॉग्स को दिव्यनिधि शर्मा द्वारा लिखा गया है।

